


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 80 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ कृ.5 2082 सोमवार, 16 जून-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 10+4 मूल्य : 8 रुपये

## 24 घंटे में कोरोना से 10 की मौत

नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। देशभर में कोरोनावायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में 10 लोगों ने जान गंवाई है। नए वैरिएंट से एक दिन में ये सबसे ज्यादा मौतें हैं। केरल में 5, दिल्ली में 3 और महाराष्ट्र में एक मरीज की मौत हुई है। जनवरी से अब तक कोरोना से 97 मरीजों की जान गई है।

देश के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव केसों की संख्या 7383 पहुंच गई है। हालांकि रविवार को नया मामला दर्ज नहीं हुआ, जबकि 17 मरीज रिकवर हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2007 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1441 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं।

# हेलिकॉप्टर क्रैश

## 7 की मौत : मरने वालों में 2 साल का बच्चा भी चार धाम हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक लगाई

गौरीकुंड/रुद्रप्रयाग, 15 जून (एजेंसियां)। केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5:20 बजे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई है। मरने वालों में महाराष्ट्र का 2 साल का बच्चा भी शामिल है।

हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। शुरूआती जानकारी में खराब मौसम को हादसे की वजह बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर आर्यन एविएशन कंपनी का है। हेलिकॉप्टर में यूपी-महाराष्ट्र के 2-2 और उत्तराखंड, गुजरात के 1-1 यात्री थे। पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर, राजस्थान के रहने वाले थे। गौरीकुंड से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमों को भेजा गया है। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि आग में झुलसने की वजह से डेड बॉडी को आईडेंटिफाई करने में मुश्किल हो रही है। मृतकों का डीएनए टेस्ट होगा, उसके बाद ही शव परिजन को सौंपेंगे।

इस बीच, चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाएगा।

हादसे को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- रुद्रप्रयाग में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की दुखद खबर मिली है। एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन एवं अन्य रेस्क्यू दल राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हैं। सभी यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं।

जंगलचट्टी के पास गधेरे में मलबा पत्थर गिरने से केदारनाथ धाम जाने वाला मार्ग टूट गया है। इसके बाद प्रशासन ने सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम तक का मार्ग अगली सूचना तक बंद कर दिया है। इससे केदारनाथ पैदल यात्रा अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे जहां हो उसके पास सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में 7 जून को तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। इस दौरान हेलिकॉप्टर के पीछे का हिस्सा कार पर गिरते ही टूट गया था। कार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। हेलिकॉप्टर के पंखे से हाईवे किनारे बनी दुकान की टीन शेड भी उड़ गई थी। इस दौरान दुकान में बैठे लोगों ने भागकर जान बचाई।

अधिकारियों से बैठक करने के बाद उत्तराखंड सरकार ने एक और फैसला लिया। जिसमें उन्होंने कहा कि केदारनाथ में 15 और 16 जून यानी दो दिन तक हेली सेवाएं बंद रहेंगी। सरकार ने यह फैसला यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएम धामी ने मुख्य सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि वह तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति


सीएम धामी

का गठन करे। इस समिति का हेली संचालन के सभी तकनीक और सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करना और एसओपी तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस समिति यह भी जिम्मेदारी होगी कि किसी भी हेलीकॉप्टर में कोई तकनीकी खराबी न हो और वह सफल लैंडिंग कर सके। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में अधिक ऊंचाई पर उड़ाए जाने वाले हेलीकॉप्टर में अनुभवी पायलट होने चाहिए।

## ब्लैक संडे

## गोदावरी नदी में डूबे एक ही परिवार के पांच युवकों की मौत

निर्मल, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के निर्मल जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां गोदावरी नदी में नहाने गए पांच युवक डूब गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना मंदिर नगर बसर में हुई, जब पांचों युवक गोदावरी नदी में पवित्र स्नान के लिए गए थे।

जानकारी के अनुसार, मृतक एक ही परिवार के थे और हैदराबाद के चिंतल में रहते थे। मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले इस परिवार के कुल 18 सदस्य सरस्वती मंदिर में दर्शन और गोदावरी नदी में पवित्र स्नान के लिए बसर गए थे। मंदिर में दर्शन से पहले वे अनुष्ठान के लिए नदी में गए थे। इसी दौरान युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवकों को पानी की गहराई का अंदाजा नहीं था।

इस बीच, नदी किनारे मौजूद परिवार के अन्य सदस्यों ने शोर मचाया और इस दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद तैराकों की मदद से सभी के शवों को बाहर निकाला गया।

मृतकों की पहचान राकेश, विनोद, मदन, रुतिक और भरत के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 20 साल से कम थी। सभी शवों को सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। हाल ही में हुई बारिश के कारण गोदावरी नदी में पानी का बहाव बढ़ गया है। गोदावरी घाट पर हाल के डूबने की घटनाओं के मद्देनजर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पर्याप्त सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

# पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटा

## सीएम ने कहा चार की मौत, 41 को बचाया, 18 घायल



पुणे, 15 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में रविवार को पुणे जिले में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया है। 18 घायल, इनमें कई छोटे बच्चे भी हैं। सीएम ने बताया कि अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। जिनके शव भी बरामद कर लिए गए हैं।

यह हादसा मावल स्थित पर्यटन स्थल कुंडमाला में हुआ। इस इलाके में पिछले दो दिनों से भारी बारिश हो रही है। इससे इंद्रायणी नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

इसके बाद भारी संख्या में लोग नदी के किनारे जमा हुए थे। लोगों कहना है कि इंद्रायणी नदी पर बना यह पुल काफी पुराना और जर्जर है। इस पुल पर कई लोग सेल्फी ले रहे थे। इससे पहले गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी।

ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की थी, लेकिन रविवार को छुट्टी होने के चलते इस पर करीब 500 लोग जमा थे। यही हादसे की वजह बना। ब्रिज टूटने से जहां लोग गिरे, वहां 15 फीट तक पानी था। कुछ लोग तैरकर बाहर निकल आए थे। लेकिन बाकी लोग बच नहीं सके थे।

# ब्रिटेन के लड़ाकू विमान एफ-35 की इमरजेंसी लैंडिंग

### फ्यूल की कमी से कैरियर पर नहीं लौट पाया

तिरुवनंतपुरम, 15 जून (एजेंसियां)। ब्रिटिश रॉयल एयरफोर्स के फाइटर जेट एफ-35 की शनिवार रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। इस घटना पर भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि उसे इसकी पूरी जानकारी है और उसने फ्लाइट सुरक्षा कारणों से विमान को उतरने में मदद की।

एफ-35 ने हिंद महासागर में एक सॉर्टी के लिए एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरी, लेकिन फ्यूल कम होने के कारण इसने इमरजेंसी लैंडिंग की। जेट रात करीब 9.30 बजे सुरक्षित रूप से उतरा। वायुसेना के प्रवक्ता ने कहा, एफ 35 के रास्ता बदलने की यह सामान्य घटना है। हमें इसकी पूरी जानकारी है। जेट को सभी प्रकार की सहायता दी जा रही है और हम सभी एजेंसियों के साथ समन्वय में है। विमान फिलहाल एयरपोर्ट पर खड़ा है।

हालांकि लोकल मीडिया में दावा किया जा रहा है कि एफ-35 समुद्र की खराब स्थिति के कारण लगभग 100 समुद्री मील दूर अपने कैरियर पर वापस नहीं लौट सका। नतीजतन, इसने तिरुवनंतपुरम में लैंडिंग की परमिशन मांगी। एफ-35 अमेरिका का 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। इसे लॉकहीड मार्टिन कंपनी ने डेवलप किया है। इस प्लेन को 2006 से बनाना शुरू किया गया था। 2015 से यह अमेरिकी वायुसेना में शामिल है। ये पेंटागन के इतिहास का सबसे महंगा विमान है। अमेरिका एक एफ-35 फाइटर प्लेन पर औसतन 82.5 मिलियन डॉलर (करीब 715 करोड़ रुपये) खर्च करता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, यह स्टील्थ विमान ब्रिटेन के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। यह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में काम कर रहा था और हाल ही में इसने भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त समुद्री अभ्यास पूरा किया है।

## मथुरा में एक साथ 6 मकान ढहे, 3 की मौत :7 लोग मलबे में दबे

मथुरा, 15 जून (एजेंसियां)। मथुरा के गोविंद नगर इलाके में रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक साथ 6 मकान अचानक से भरभराकर गिर गए। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 4 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है। करीब 6 घंटे से 6-7 लोग मलबे में दबे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस, नगर निगम, प्रशासन और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। मृतकों की पहचान तोताराम (38), दो सगी बहनें यशोदा (6) और काव्या (3) के तौर पर हुई है। सभी 6 मकान जो ढहे हैं, वो मिट्टी के टीले पर बने हुए थे। लोगों ने बताया कि यहां बाड़े (खुली भूमि) में जेसीबी से खुदाई चल रही थी। तभी अचानक मिट्टी धसकी और एक के बाद एक सभी मकान मलबे में तब्दील हो गए। लोगों ने बताया कि जब हादसा हुआ तो ऐसा लगा कि भूकंप आ गया हो। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला।

# सेना ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना के लिए जताया आभार

नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। भारतीय सेना की तरफ से एक वीडियो सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा किया गया है। इसमें सेना के अदम्य साहस और समर्पण को लेकर देश के आम नागरिकों की तरफ से लिखे गए पत्रों का संकलन है, जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सैनिकों के अटूट समर्थन, गहरी सराहना और आभार को दर्शाया गया है। इस वीडियो में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और युवाओं की तरफ से लिखे गए पत्र हैं, जिनमें भारतीय सेना के बलिदान और वीरता को सलाम किया गया है।

इन पत्रों के माध्यम से देशवासियों ने यह दिखाया है कि सीमाओं पर तैनात हर जवान के पीछे एक पूरा राष्ट्र खड़ा है- गर्व और कृतज्ञता से भरा हुआ। इस वीडियो का अंत एक भावपूर्ण संदेश से होता है। भारतीय सेना- सदैव राष्ट्र सेवा में, सम्मान और समर्पण के साथ।




**सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया :**

एक्स पर इस वीडियो के पोस्ट होते ही हजारों लोगों ने इसे साझा किया और 'जय हिंद', 'सैल्यूट टू इंडियन आर्मी, रियल हीरोज' जैसे संदेशों के साथ भावनाएं प्रकट कीं। यह वीडियो सिर्फ पत्रों का संकलन नहीं, बल्कि पूरे देश की भावनाओं की आवाज है- उन वीर जवानों के लिए जो हर परिस्थिति में देश की सेवा में लगे रहते हैं। भारतीय सेना न केवल युद्धभूमि में, बल्कि हर भारतीय के दिल में भी अपनी जगह बनाए हुए है- सम्मान, गर्व और श्रद्धा के साथ।

**पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर :**

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया।

## विजय रूपाणी के शव की पहचान

### राजकोट में आज होगा अंतिम संस्कार

अहमदाबाद, 15 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। आज सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 31 की शिनाख्त हो गई है, 20 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं।

# मोदी साइप्रस पहुंचे : राष्ट्रपति निकोस ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया, हाथ पकड़कर रेड कार्पेट पर चले

नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस पहुंच गए हैं। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति निकोस पीएम मोदी का हाथ पकड़कर साथ चले।

पीएम मोदी रविवार को 3 देशों की 4 दिन की यात्रा पर रवाना हुए। वे 15-16 जून को साइप्रस में रहेंगे। 16 और 17 जून को कनाडा में जी-सी शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद मोदी 18 जून को क्रोएशिया जाएंगे। 19 जून को भारत लौट आएंगे। इस दौरान वे 27 हजार 745 किमी का सफर तय करेंगे।

मोदी साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी और 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इस देश का दौरा किया था। भारत और साइप्रस के कूटनीतिक रिश्ते हमेशा मजबूत रहे हैं, लेकिन इतने



उच्चस्तरीय दौरे बहुत कम हुए हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2018 में और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2022 में साइप्रस का दौरा किया था।

# वायुसेना को जून के आखिर में तेजस एमके 1ए मिलेगा

## इस साल 12 जेट फाइटर बेड़े में शामिल होंगे 2021 में 48 हजार करोड़ में सौदा हुआ था

नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के कुछ ही सप्ताह बाद वायुसेना के बेड़े में नया विमान आने जा रहा है। वायुसेना को इस महीने के आखिर में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की अगली पीढ़ी का एयरक्राफ्ट तेजस एमके 1ए मिल जाएगा। फ्लाइंग टेस्ट की आखिरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह फाइटर बेड़े में शामिल हो जाएगा।



हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ फरवरी, 2021 में 83 तेजस एमके 1ए विमानों का सौदा 48 हजार करोड़ रुपये में हुआ था। इनकी डिलीवरी मार्च, 2024 में होनी थी। लेकिन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) से मिलने वाले इंजन एफ404 आईएन20 की सप्लाई में देरी की वजह से सुपुर्दगी करीब सवा साल टल गई। एचएएल सूत्रों के अनुसार, इस मार्च से नए इंजन मिलने शुरू हो गए हैं। इस साल के आखिर तक वायु सेना को 12 तेजस एमके 1ए विमान सौंप दिए जाएंगे।

**एमआईजी-21, एमआईजी-27 और जगुआर का जगह लेगा तेजस :**

मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भर भारत के मजबूत इरादों के साथ सरकार ने एचएएल के साथ कुल 180 तेजस एमके 1ए का सौदा किया है। पहली खेप 83 विमानों की है जबकि दूसरी खेप में 67 हजार करोड़ रुपये में 97 विमानों का सौदा हुआ है।

तेजस वायुसेना से बाहर होने वाले एमआईजी-21, एमआईजी-27 और जगुआर का जगह लेगा। वायुसेना के एक बेड़े में 42 विमान होने चाहिए, जो 30 रह गए हैं। एक दशक में तेजस एमके 1, एमके 1A, एमके 2 के 350 से ज्यादा जेट वायुसेना में शामिल होंगे। पहला तेजस एमके 2 साल 2028-29 में मिल सकता है।

**वायुसेना प्रमुख ने देरी पर नाराजगी जताई थी :**

एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने 29 मई को डिफेंस सिस्टम की खरीद और डिलीवरी में देरी पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि ऐसा एक भी प्रोजेक्ट नहीं, जो समय पर पूरा हुआ हो। हम ऐसा वादा क्यों करते हैं, जिसे पूरा ही नहीं किया जा सकता। कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय पता होता है कि ये समय पर नहीं होगा, फिर भी साइन कर देते हैं। इससे पूरा सिस्टम खराब हो जाता है।

## एमपी-राजस्थान में प्री-मानसून एक्टिव

### दिल्ली-एनसीआर में बारिश, 100किमी स्पीड से हवा चली, गुजरात-यूपी में बिजली गिरने से 10 की मौत

नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। दिल्ली सहित पूरे एनसीआर में शनिवार रात से ही तेज बारिश के साथ गरज-चमक और 80-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली। कई इलाकों में पानी भर गया है और पेड़ उखड़ गए हैं। मौसम विभाग ने लोगों से घर में ही रहने की अपील की है।

राजस्थान के सभी 25 जिलों में आज आंधी-बारिश की संभावना है। शनिवार को भी गंगानगर, चूरू, बीकानेर समेत कई जिलों में दिन के बाद मौसम बदला और तेज बारिश हुई। कोटा में आंधी-बारिश से मकान का छज्जा गिर गया। हादसे में 17 लोग घायल हो गए। वहीं, जयपुर के जमवारामगढ़ में आंधी के कारण बाइक सवार पर बिजली का पोल गिर गया। व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, मध्य प्रदेश के कई जिलों में शनिवार को तेज आंधी चली। उज्जैन में रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से कई ट्रेनें प्रभावित रही। वहीं, नीमच में टीनशेड उड़ गया। मौसम विभाग ने रविवार को भोपाल, इंदौर समेत 47 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश में शनिवार देर शाम हुई बारिश के कारण सिद्धार्थनगर और हमीरपुर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज 18 जिलों में लू और 47 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात में भी शनिवार शाम से तेज बारिश का दौर जारी है। राजकोट में बिजली गिरने से एक, दाहोद में दो, मांगरोल में एक और कलोल तालुका में मोकड़ गांव के सरपंच की मौत हो गई।

# ईरान पर हमले में अमेरिका भी हो शामिल

## ट्रंप के सामने क्यों गिड़गिड़ा रहा इजरायल?

वॉशिंगटन, 15 जून (एजेंसियां)। इजरायल ने पिछले 48 घंटों में ट्रंप प्रशासन से ईरान पर परमाणु कार्यक्रम को खत्म करने के लिए युद्ध में शामिल होने का अनुरोध किया है। एक्सियोस समाचार पोर्टल ने रविवार को दो इजराइली अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले दो दिनों से लगातार अमेरिका से संपर्क किया जा रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि अगर जरूरी हुआ तो अमेरिका संघर्ष में शामिल हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक बातचीत में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी ऐसा कहा था। लेकिन, ट्रंप प्रशासन की तरफ से इजरायल के इन अनुरोधों पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

दरअसल, इजरायल के पास ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन स्थल को नष्ट करने के लिए आवश्यक बंकर बस्टर बम और बड़े बमवर्षक विमान नहीं हैं। ईरान ने यहां पहाड़ियों से घिरे एक



इलाके में जमीन के अंदर अंडरग्राउंड रिएक्टर बनाए हैं। अमेरिका के पास बंकर बस्टर बम भी है और बमवर्षक विमान भी। इतना ही नहीं, इन बमवर्षक विमानों की रेंज में पूरा ईरान है। यही कारण है कि इजरायल चाहता है कि अमेरिका भी इस संघर्ष में शामिल हो और ईरान पर हमला करे। इससे इजरायल को एक सुरक्षा का भी अहसास होगा, क्योंकि ईरान भूलकर भी अमेरिका पर हमला करने की हिमाकत नहीं करेगा।

**इजरायली हमले पर अमेरिका की क्या है नीति :**

ट्रंप प्रशासन ने अब तक इजरायल के ऑपरेशन से खुद को दूर रखा है। अमेरिका का कहना है कि वह इजरायली हमलों में किसी भी तरह से शामिल नहीं है। अमेरिका को आशंका है कि ईरान मध्य पूर्व में उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान पर सीधे हमला करना, भले ही अमेरिका की भागीदारी एक ही साइट पर बमबारी तक सीमित हो, उसे सीधे युद्ध में खींच लेगा। हालांकि, अगर ऑपरेशन खत्म होने के बाद भी फोर्डो संयंत्र चालू रहता है, तो इजरायल ईरान के परमाणु कार्यक्रम को "खत्म" करने के अपने लक्ष्य में विफल हो जाएगा।

# 24 घंटे में कोरोना से 10 की मौत

## नए वैरिएंट से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों ने जान गंवाई; देश में 7383 एक्टिव केस

नई दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु, 15 जून (एजेंसियां)। देशभर में कोरोनावायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में 10 लोगों ने जान गंवाई है। नए वैरिएंट से एक दिन में ये सबसे ज्यादा मौतें हैं। केरल में 5, दिल्ली में 3 और महाराष्ट्र में एक मरीज की मौत हुई है। जनवरी से अब तक कोरोना से 97 मरीजों की जान गई है। देश के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव केसों की संख्या 7383 पहुंच गई है। हालांकि रविवार को नया मामला दर्ज नहीं हुआ, जबकि 17 मरीज रिकवर हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2007 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1441 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं।



**राज्यों से कोरोना अपडेट।।।**

**उत्तर प्रदेश:** उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सावधानी बरतने का निर्देश जारी किया है। प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों ने सभी अस्पतालों को जरूरी दवाएं, पीपीई किट, जांच सुविधाएं, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, आईसीयू और वेंटिलेटर जैसी सुविधाओं को तैयार रखने को कहा है।

**महाराष्ट्र:** राज्य में शनिवार को कोरोना के 53 नए केस मिले। वहीं, 2 मरीजों की मौत हो गई। 1 जनवरी से अब तक 21067 कोविड-19 टेस्ट किए गए हैं। इस दौरान 1967 पॉजिटिव केस सामने आए।

**केरल:** स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के लक्षणों वाले मरीजों का इलाज करते समय जून 2023 में जारी की गई कोविड गाइडलाइन पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है। साथ ही जुकाम, खांसी और बुखार जैसे लक्षण वाले मरीजों का कोविड टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है।

**कर्नाटक:** गुलबर्गा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने में 25 बेड का कोविड वार्ड बनाया गया है। इनमें से पांच-पांच बेड आईसीयू (वेंटिलेटर समेत), हाई डिपेंडेंसी यूनिट और पांच प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए हैं। बाकी 10 नॉर्मल बेड हैं।

## हिमाचल में भांग की खेती पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला का बड़ा बयान, 'मलाणा नहीं बनने देंगे'



शिमला, 15 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि पूरे प्रदेश को मलाणा बनाने की इजाजत राजभवन नहीं देगा। हिमाचल प्रदेश देवी देवताओं की धरती है और देवभूमि की सभ्यता व संस्कृति को सर्वोच्च रखा जाएगा। वर्तमान सरकार भांग की खेती को लीगल करने का प्रयास कर रही है, जिसको लेकर एक बिल विधानसभा में पारित किया गया है, उस बिल को एक ही शर्त पर इजाजत दी जाएगी कि ये सुनिश्चित हो कि भांग का औषधीय के रूप में ही उपयोग हो। शिमला में एक कार्यक्रम में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि सरकार यहां पर भांग की खेती का उत्पादन करने को वैध बनाना चाहती है और जो बिल सरकार ने पारित किया है उसमें भी इसके औषधीय उपयोग की बात कही है। भांग की खेती का औषधीय उपयोग ही हो जिसको लेकर राजभवन ने सरकार से कुछ जानकारी मांगी है। एक तरफ़ भांग के पौधों को उखाड़ा जा रहा है दूसरी तरफ नशे को दूर करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, ऐसे में भांग की खेती को वैज्ञानिक ढंग से लीगल करने को लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

## ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवान ने की अपने सहकर्मी की हत्या

### राइफल से की 13 राउंड की फायरिंग, 5 गोली सीने पर लगीं

मुर्शिदाबाद, 15 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक बीएसएफ के जवान ने अपने सहकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी है। बीएसएफ के जवान ने अपने सहकर्मी रतन लाल सिंह (38) पर 13 राउंड की फायरिंग की है। आरोपी की पहचान एसके मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बीएसएफ का जवान एसके मिश्रा राजस्थान का रहने वाला है। वह 119 बीएन बीएसएफ का जवान था। उसने अपनी इंसास राइफल से 13 राउंड के फायर किए। इनमें से कम से कम 5 गोलियां रतन लाल सिंह के सीने पर लगीं हैं। गंभीर रूप से घायल जवान को पहले पास के अनूपनगर



अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों की टीम ने जवाब दे दिया। इसके बाद उसे जंगीपुर के एक मेडिकल फैसिलिटी में ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मिश्रा ने रात करीब 10.30 बजे रतन लाल सिंह से किसी बात पर तीखी बहस के बाद गोली चलाई। इसके बाद वह हथियार लेकर मौके से भाग गया। बाद में उसे पकड़ लिया गया और गिरफ्तार कर लिया गया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बस को मारी टक्कर; तीन लोगों की मौत, आठ घायल

मुंबई, 15 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बस को भीषण टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह अहिल्यानगर जिले में तेज रफ्तार ट्रक और निजी बस की टक्कर में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। घटना संगमनेर इलाके में कोल्हार-घोटी राज्य राजमार्ग पर सुबह करीब 6 बजे हुई। एक अधिकारी ने बताया कि लोनी से संगमनेर की ओर जा रहा ट्रक मुंबई से शिरडी की ओर जा रही लग्जरी बस से टकरा गया। उन्होंने बताया कि बस में सवार दो यात्रियों और ट्रक के सह-चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में बस के आठ यात्री भी घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस और स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## भाजपा नेता एजाज खान को 'सिर तन से जुदा' करने की धमकी, इस बात के लिए किया जा रहा मजबूर



भोपाल, 15 जून (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एजाज खान को फेसबुक पर 'सिर तन से जुदा' करने की धमकी दी गई है। एजाज खान को 13 मई से धमकियां मिल रही थीं। दस जून को आखिरी बार धमकी मिली, इसके बाद उन्होंने टीला जमालपुरा थाने में शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार, वो आगामी 15 जून को सिवनी दौरे पर हैं। ऐसे में उन्हें जान का खतरा है। इसी को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है। थाना पुलिस के अनुसार एजाज खान को सुभी खान नाम के सोशल मीडिया अकाउंट से भारतीय जनता पार्टी को छोड़ने की धमकी मिली है। धमकी में लिखा है कि भाजपा को छोड़ दो, वरना 'सिर तन से जुदा' कर दिया जाएगा। टीला जमालपुरा थाना थाना पुलिस ने मध्य प्रदेश साइबर सेल के माध्यम से आरोपी का पता लगा लिया है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि संदिग्ध आरोपी की शिनाख्त हो गई है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## 'हेलो, मैं अमित शाह बोल रहा हूं'

### गृहमंत्री बनकर जींद में एसपी रीडर को लगाया फोन; आरोपी गिरफ्तार

जींद, 15 जून (एजेंसियां)। हरियाणा के जींद में गृहमंत्री अमित शाह बनकर एसपी के रीडर के पास फोन करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामले में कुछ भी खुलासा करने से मना कर दिया। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया युवक फर्जीवाड़ा करने में माहिर है। इसलिए पुलिस उससे पहले किए गए फर्जीवाड़े के बारे में पूछताछ की जा रही है। एसपी के रीडर रामनिवास ने सिविल लाइन पुलिस को शिकायत दी कि शुक्रवार को उनके पास मोबाइल पर फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को गृह मंत्री अमित शाह बताया। उसने एसपी से बात करवाने व किस मामले में कार्रवाई के आदेश दिए, लेकिन फोन करने वाले व्यक्ति पर रीडर को शक हो गया और इसके बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित किया। नंबर की जांच के दौरान सामने आया कि गृहमंत्री अमित शाह के नाम पर किसी ने फर्जी काल की है।



इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपित तक पहुंची। हालांकि, पुलिस ने अभी तक आरोपित की पहचान का खुलासा नहीं किया है। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि गृहमंत्री के नाम पर फोन किया गया था। आरोपित को हिरासत में लिया गया है। उससे पहले किए गए फर्जीवाड़े के बारे में पूछताछ की जा रही है। फिलहाल गृहमंत्री से जुड़ा होने के कारण इस मामले में पूछताछ के बाद ही बता पाएंगे।

## ब्रिटिश लड़ाकू विमान की तिरुवनंतपुरम में आपातकालीन लैंडिंग



तिरुवनंतपुरम, 15 जून (एजेंसियां)। ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान ने शनिवार रात को ईंधन खत्म होने के बाद तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की। मामले से जुड़े लोगों ने रविवार को बताया कि विमान ने विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी और रात करीब 9.30 बजे सुरक्षित लैंडिंग कर ली गई। एक सूत्र ने बताया कि हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सुरक्षित और सहज लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए आपातकाल की घोषणा की। सूत्रों के मुताबिक, पायलट ने ईंधन कम होने की सूचना दी और लैंडिंग की अनुमति मांगी। सब कुछ जल्दी और पेशेवर तरीके से संभाला गया। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर खड़ा है। केंद्र सरकार में संबंधित अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद ईंधन भरा जाएगा।

## आतंकी अर्श डला की साजिश नाकाम: टारगेट किलिंग

### दो मुख्य आरोपी मोहाली से गिरफ्तार, हथियार बरामद

चंडीगढ़, 15 जून (एजेंसियां)। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) मोहाली ने कनाडा आधारित आतंकवादी अर्श डला के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी से रची गई टारगेट किलिंग की साजिश को नाकाम किया गया है। एसएसओसी ने आरोपी कवलजीत सिंह निवासी धर्मकोट,और नवदीप सिंह उर्फ हनी निवासी बद्दूवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक जिगाना .30 बोर पिस्टल और नौ जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी है। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी अर्श डाला के निर्देशों पर विरोधी गैंग के सदस्यों और फिरौती वसूलने के लिए लक्षित व्यक्तियों की हत्या की योजना बना रहे थे। इससे पहले कि आरोपी योजना के तहत टारगेट किलिंग को अंजाम देते एसएसओसी ने इन्हें मोहाली के गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ थाना एसएसओस मोहाली में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस मॉड्यूल की आगे और पीछे की कड़ियों की जांच कर रही है,

## जिस विधायक के इस्तीफे के बाद केरल की इस सीट पर हो रहा उपचुनाव, वो फिर से बना उम्मीदवार



बेंगलूरू, 15 जून (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने पिछले दिनों देश के अलग-अलग राज्यों में खाली पड़ी विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान किया था। केरल की नीलांबुर विधानसभा सीट से विधायक रहे पीवी अनवर ने जनवरी में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके साथ ही उन्होंने ऐलान किया था कि वह नीलांबुर विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ेंगे। हालांकि पिछले दिनों तृणमूल कांग्रेस ने पीवी अनवर नीलांबुर उपचुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित किया। प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से ही सियासत तेज हो चली है। तृणमूल कांग्रेस की तरफ से पीवी अनवर को उपचुनाव में प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि एक विधायक (पीवी अनवर) जिसने एक सीट से इस्तीफा दे दिया था, वह फिर से उसी सीट के उपचुनाव में लिए खड़ा है। शमा मोहम्मद ने आरोप सवाल उठाया कि राज्य के पैसे, लोगों के काम और चुनाव आयोग की भागीदारी को बर्बाद करने का क्या मतलब है? पीवी अनवर केरल के लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। एलडीएफ उम्मीदवार एम स्वराज का कहना है कि पीवी अनवर ने पिछले नौ सालों में कुछ नहीं किया है। पीवी अनवर किसके साथ थे? पीवी अनवर एलडीएफ के साथ विधायक थे। इसलिए, स्वराज कह रही हैं कि एलडीएफ ने कोई काम नहीं किया है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि इस चुनाव में यूडीएफ बहुमत से जीतेगी। केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से विधायक रहे पीवी अनवर जनवरी 2025 में विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

## करनाल में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का आप पर निशाना, बोलीं- 'पंजाब में कुछ शक्तियां ग्रहण की तरह'



करनाल, 15 जून (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को हरियाणा के करनाल पहुंचीं। वह पंजाब उपचुनाव के प्रचार के लिए जा रही थीं, इस दौरान उनका करनाल में ठहराव था। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए हरियाणा और करनाल की तारीफ की। कहा कि दिल्ली और हरियाणा के संबंध अच्छे हैं, दिल्ली के विकास में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही पंजाब सरकार पर तंज कसा और उन्हें पंजाब की प्रगति में रोड़ा बताया। उन्होंने इस दौरान पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब में कुछ शक्तियां ग्रहण की तरह बैठी हैं, न खुद तरक्की कर रही हैं और न बाकी राज्यों के साथ समन्वय बना रही हैं। इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करनाल में नमस्ते चौक पर स्थित एक निजी होटल में रुकी थीं, जहां पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

मेयर रेनू बाला गुप्ता और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, करनाल एक सुंदर शहर है, पूरे शहर को अच्छे से साफ-सुथरा रखा गया है, शहर का ख्याल अच्छे से रखा गया है। पहले हमारे मनोहर लाल यहां से विधायक रहे और अब जगमोहन आनन्द विधायक हैं। शहर भी आगे बढ़ रहा है, राज्य भी आगे बढ़ रहा है और इसी संगठन के साथ राज्य का विकास होता है। दिल्ली और हरियाणा राज्य के ऐसे संबंध हैं, जिससे दोनों राज्यों का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का सहयोग दिल्ली को हमेशा मिलता रहेगा और दिल्ली के विकास में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

मीडिया ने पंजाब के साथ रिश्तों को लेकर सवाल पूछा। पानी और पराली से होने वाली समस्याओं की ओर सीएम का ध्यान आकर्षित कराया। इस पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, कुछ ऐसी शक्तियां पंजाब पर ग्रहण की तरह बैठी हैं, जिसके कारण न पंजाब तरक्की कर पा रहा है, न ही बाकी राज्यों के साथ उनका समन्वय अच्छा है। पंजाब सरकार को इस पर विचार करने की जरूरत है।

## तीन लाख के नकली नोटों के साथ युवक पकड़ा

चेन्नई, 15 जून (एजेंसियां)। तमिलनाडु में इरोड जिले में 3.92 लाख रुपये मूल्य के नकली नोट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि बंगलापुदुर थाने के अधिकारियों ने शनिवार रात को नकली नोटों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है तथा दूसरे की तलाश की जा रही है। दासा गौंडेन पुदुर (डीजी पुदुर) गांव में कोडिवेरी रोड पर गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को दो मोटरसाइकिलें तेजी से आती दिखीं। पुलिस को देखते ही वे अपनी बाइक छोड़कर भाग गए। पुलिस ने उनका पीछा किया और एक को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान डीजी पुदुर के रहने वाले बस्करन के रूप में हुई और फरार व्यक्ति उसी गांव का लोकेश है। पुलिस कर्मियों ने बस्करन के पास से 3.92 लाख रुपये के नकली नोट जब्त किए। उन्होंने मामला दर्ज किया और बस्करन को गिरफ्तार कर नकली नोटों के स्रोत के बारे में पूछताछ की।


## लॉकअप में बदला सोनम का गेट अप, शिलॉन्ग पुलिस ने बाजार से खरीदकर दिए ये कपड़े, कहां है प्रेमी राज का ठिकाना?



भोपाल, 15 जून (एजेंसियां)। राजा रघुवंशी मर्डर केस में शिलांग पुलिस गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है। राजा की पत्नी सोनम को 10×10 के पुलिस लॉकअप में रखा गया है। सोनम को सोने के लिए एक दरी दी गई है, जिसे वो जमीन पर बिछाकर सोती है और ओढ़ने के लिए एक चादर दी गई है। जिस वक्त सोनम गाजीपुर में पुलिस को मिली थी, उस वक्त उसने काले रंग की टी शर्ट और काला लोअर पहन रखे थे। लेकिन अब लॉकअप में उसका गेट अप चेंज हो गया है। पुलिस ने शिलांग के बाजार से उसके लिए सफेद रंग की टी शर्ट और भूरे रंग की लोअर खरीदे हैं और उसे लाकर दिया है। ये कपड़े सोनम की डिमांड पर दिए गए हैं। साथ ही उसे नॉर्थ इंडियन खाना दिया जा रहा है। सुबह नाश्ता भी दिया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि आरोपियों से करीब आठ घंटे रोज पूछताछ हो रही है। अच्छे माइंड सेट के लिए जरूरी है कि आरोपी अच्छा खाना खाए और अच्छे कपड़े पहने, ताकि पुलिस को दुश्मन ना समझकर क़त्ल की इन्वेस्टिगेशन में पूछे गए सवालों का सही सही जवाब दे। सोनम से रोज सुबह 11 से शाम 6 तक अलग अलग तरह से पूछताछ हो रही है।

## अमृतपाल को ढूंढ रही पुलिस की सात टीमें

### क्या हत्या से पहले कमल कौर के साथ हुआ दुष्कर्म?



बठिंडा, 15 जून (एजेंसियां)। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर भाभी की हत्या मामले में मुख्य आरोपी निहंग अमृतपाल सिंह महरों अभी तक फरार है। पुलिस को उसकी तलाश है, लेकिन अभी तक आरोपी के बारे में कोई सुराग नहीं लग पाया है। वहीं सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट अपलोड करने वाली लुधियाना के लक्ष्मण नगर निवासी कंचन कुमारी उर्फ कमल कौर भाभी की हत्या मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस मामले में बेशक पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली, लेकिन तीसरा व मुख्य आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग रहा। वह इंटरनेट मीडिया के जरिये लोगों को धमकियां देने के बयान जारी कर रहा है। कमल कौर की हत्या के मास्टरमाइंड अमृतपाल की गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस ने सात टीमों का गठन किया है। इसमें कैंट थाना पुलिस, सीआईए वन व सीआई टू की टीमों के साथ साइबर सेल की टीमें लगातार उसकी मूवमेंट की ट्रैक करने के साथ उसकी गिरफ्तारी के लिए छापे मार रहीं हैं।

**दुष्कर्म की भी आशंका**

कमल कौर भाभी की हत्या से पहले उसके साथ दुष्कर्म की भी आशंका है। माना जा रहा है कि दुष्कर्म करने के बाद उसका गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल की जांच में इस बात का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन इस एंगल से भी पुलिस जांच कर रही है। मृतका के सैंपल खरड़ व फरीदकोट मेडिकल लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद ही इस दावे से सही ढंग से पर्दा हट सकेगा। आरोपियों पर दर्ज हत्या की धाराओं के साथ अन्य धारा लगाई जाएगी।

**गैराज में ले जाकर दबाया गला**

गौरतलब है कि कंचन कुमारी उर्फ कमल कौर भाभी की हत्या के मामले में बठिंडा पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनकी पहचान मोगा के जसप्रीत सिंह मेहरों और तरनतारन के निमनरजीत सिंह के रूप में हुई थी। आरोपितों ने पूछताछ में खुलासा किया कंचन अपना नाम कमल कौर रखकर यूथ को गलत रास्ते पर लेकर जा रही थी। उसे पहले भी समझाया था, लेकिन वह नहीं मानी। कार खराब होने का बहाना बनाकर वे उसे गैराज पर ले गए और उसका गला घोंट दिया। हत्याकांड के मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह को माना जा रहा है। वहलगातार उसकी हत्या की जिम्मेदारी भी ले रहा है, लेकिन उसकी अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले में एसएसपी अमनीत कौंडल ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपित को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## महाराष्ट्र में भारी बारिश के बीच आईएमडी ने जारी की चेतावनी, कोंकण में रेड तो पुणे में ऑरेंज अलर्ट



पुणे, 15 जून (एजेंसियां)। दक्षिण पश्चिम मानसून लगभग दो सप्ताह तक सुस्त रहने के बाद दोबारा सक्रिय हो चुका है। इसके चलते दक्षिण और मध्य भारतीय राज्यों में जमकर बारिश हो रही है। मानसून इस बार समय से पहले आया था और मई के महीने में ही महाराष्ट्र पहुंच गया था। हालांकि, इसके बाद यह सुस्त पड़ गया। अब दोबारा हालात मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल बने हैं। इसी वजह से महाराष्ट्र और दक्षिण भारतीय राज्यों में जमकर बारिश हो रही है। इस बीच आईएमडी ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने पुणे के लिए ऑरेंज अलर्ट और कोंकण के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों में इन जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने के लिए और बारिश से होने वाली परेशानियों से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। महाराष्ट्र के तटीय इलाकों और पश्चिमी क्षेत्रों में जमकर बारिश होने के आसार हैं।

**आने वाले दिनों में मिलेगी राहत**

मौसम विभाग ने बताया कि महाराष्ट्र के तटीय इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, लेकिन 17 जून तक इन इलाकों में बारिश की मात्रा कम होगी। ऐसे में रेड अलर्ट की जगह ऑरेंज अलर्ट जारी किया जाएगा। इस स्थिति में पहले की तुलना में कम बारिश होगी, लेकिन भारी बारिश के लिए लोगों को तैयार रहना चाहिए। रेड अलर्ट की स्थिति में भारी बारिश होने पर निचले इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन का डर रहता है।

**इन जिलों के लिए अलर्ट जारी**

कोंकण क्षेत्र के अलावा मुंबई, पुणे, पालघर, सतारा और कोल्हापुर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जगहों पर अगले 24 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इस बीच, मध्य और उत्तरी महाराष्ट्र में यलो अलर्ट जारी रहेगा, जहां मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इसके बाद बारिश के आसार कम हैं। विदर्भ में 17 जून तक छिटपुट हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जिसके लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने हाई अलर्ट वाले इलाकों में रहने वाले लोगों से स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का सख्ती से पालन करने, अनावश्यक यात्रा से बचने और बाढ़ की आशंका वाले इलाकों से दूर रहने का आग्रह किया है। कोंकण तट पर रहने वाले मछुआरों को तेज हवाओं और तूफानी पानी के कारण समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**सुविचार:** विफलता का सामना करना है तो आपको आत्मविश्वास से भरपूर बनना पड़ेगा।

## श्रीनिवास गौड़ ने सरकार से कामारेड्डी घोषणापत्र लागू करने की मांग की



हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री श्रीनिवास गौड़ ने आज कहा कि राज्य के पिछड़े वर्गों से किए गए वादों के मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं के शब्द झूठे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वे शुरू से ही यही बात कहते आ रहे थे। उन्होंने आलोचना की कि कांग्रेस नेताओं ने पिछड़े वर्गों को धोखा दिया है। उन्होंने टिप्पणी की कि कांग्रेस पार्टी के कामारेड्डी घोषणापत्र को कूड़ेदान में फेंक देना चाहिए। यहां तेलंगाना भवन में पत्रकारों से बात करते हुए श्रीनिवास गौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेता कह रहे थे कि जाति जनगणना बहुत बढ़िया तरीके से की गई थी और यह देश के लिए एक आदर्श है। उन्होंने सवाल किया, कांग्रेस नेताओं ने चुनावों में क्या कहा और उन्होंने क्या किया। गौड़ ने आरोप लगाया कि जाति जनगणना आनन-फानन में की गई। उन्होंने आलोचना की कि पिछड़े वर्ग, जो आबादी का 60 प्रतिशत हिस्सा है, को राज्य मंत्रिमंडल में केवल तीन मंत्री पद मिले हैं। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस नेताओं ने क्यों कहा कि पिछड़ी जातियों को 42 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा और मंत्रिमंडल में इसका पालन क्यों नहीं किया गया? उन्होंने पूछा, क्या पिछड़ी जातियों के लिए उपयोजना की कोई वैधता है? पिछड़ी जातियों के पास प्रमुख विभाग क्यों नहीं हैं? उन्होंने यह भी सवाल किया कि कांग्रेस पार्टी पिछड़ी जातियों के लिए हर साल बजट में 20,000 करोड़ रुपये क्यों नहीं देती? उन्होंने आश्चर्य जताया कि कांग्रेस पार्टी आगामी स्थानीय चुनावों में पिछड़ी जातियों से किस मुंह से वोट मांगने की योजना बना रही है? श्रीनिवास गौड़ ने पिछड़ी जातियों के लिए विधेयक को केंद्र को भेजने और उसे भूल जाने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने सीएम रेवंत रेड्डी से पूछा कि उन्होंने हाल ही में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान पिछड़ी जातियों के लिए विधेयक को मंजूरी देने के बारे में क्यों नहीं पूछा? उन्होंने मांग की कि पिछड़ी जातियों के लिए किसी भी परिस्थिति में 42 प्रतिशत आरक्षण देने के बाद ही स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाएं। उन्होंने आलोचना की कि कांग्रेस सरकार ने पिछड़ी जातियों की सभी जातियों से किए गए वादों को रौंद दिया है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर रैतु भरोसा योजना के तहत पैसे देकर स्थानीय निकाय चुनाव जीतने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दो बार धोखा खा चुके लोग एक बार फिर धोखा खाने को तैयार नहीं हैं। श्रीनिवास गौड़ ने मांग की कि स्थानीय निकाय चुनाव तभी कराए जाएं जब कांग्रेस पार्टी कामारेड्डी घोषणापत्र में पिछड़े वर्गों से किए गए वादों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी के शासन में जाति आधारित व्यवसायों का जीवन समाप्त हो गया था। उन्होंने कहा कि अगर कामारेड्डी घोषणापत्र लागू होता है, तो पिछड़े वर्ग कांग्रेस पार्टी के लिए लाल कालीन बिछाएंगे। बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर को एसीबी के नोटिस पर टिप्पणी करते हुए श्रीनिवास गौड़ ने आरोप लगाया कि जांच के नाम पर केटीआर को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केटीआर एसीबी के नोटिस से नहीं डरते।

## पीवीएनआर एक्सप्रेसवे पर नशे में धुत शख्स ने की ऊंट की सवारी, वीडियो वायरल



हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एक विचित्र घटना में जिसने यात्रियों को स्तब्ध कर दिया और गंभीर सुरक्षा चिंताएं पैदा कर दीं, एक नशे में धुत व्यक्ति (जो ऊंट संचालक माना जा रहा है) पीवी नरसिम्हा राव एक्सप्रेसवे पर ऊंट की सवारी करता हुआ देखा गया, जहां दोपहिया वाहनों का भी प्रवेश प्रतिबंधित है। यह घटना शनिवार रात को हुई जब नशे की हालत में एक व्यक्ति ऊँट पर सवार होकर हाई-स्पीड कॉरिडोर में घुसने में कामयाब हो गया। जानवर काफी तेज गति से भाग रहा था और लगभग फ्लाईओवर के अंत तक पहुंच गया था, जिससे सवार, ऊंट और अन्य मोटर चालकों के लिए काफी खतरा पैदा हो गया था।

उसी फ्लाईओवर पर कार में सवार लोगों के एक समूह ने इस चौंकाने वाले दृश्य को वीडियो पर रिकॉर्ड किया। फुटेज में, वे संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए ऊंट और सवार को रोकने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वे अंततः स्थिति को सुरक्षित करने के लिए ऊंट को एक लाइट पोल से बांधने में कामयाब रहे। बाद में इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर इकराम उल्लाह शाह नामक उपयोगकर्ता द्वारा अपलोड किया गया और यह तेजी से वायरल हो गया, जिससे यातायात सुरक्षा प्रवर्तन और पशु कल्याण पर व्यापक अविश्वास और बहस छिड़ गई।

## बड़े बजट के बावजूद पुराने शहर के स्कूलों को अपनी इमारतों का इंतजार

हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। वंचित वर्ग के लिए शिक्षा तक पहुंच में सुधार के लिए बड़े बजट आवंटित किए जाने के बावजूद, हैदराबाद के पुराने हिस्सों में कई सरकारी स्कूल स्थायी भवनों के बजाय किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं। दशकों से, कई स्कूल किराए के परिसरों में चल रहे हैं, जो मूल रूप से परिवारों के रहने के लिए बनाए गए थे, जिसकी सामाजिक कार्यकर्ताओं और अभिभावकों द्वारा समान रूप से आलोचना की जाती रही है। नामपल्ली मंडल के बाजार-ए-जुमेरात में सरकारी प्राथमिक विद्यालय के मामले पर विचार करें। यह विद्यालय 1975 से किराए के भवन में चल रहा है, तथा सरकार संपत्ति मालिकों को किराया देती रही है। अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता सैयद नबी ने कहा, पिछले 50 वर्षों में सरकार इस विद्यालय के लिए स्थायी भवन उपलब्ध कराने में विफल रही है। यह पुराने शहर में उचित सुविधाएं प्रदान करने में शिक्षा विभाग की गंभीरता की कमी को दर्शाता है।

बंडलागुडा, चारमीनार और बहादुरपुरा मंडलों में कई स्कूल हैं जो निजी भवनों में भी संचालित होते हैं। कोटला अलीजाह में सरकारी गर्ल्स हाई स्कूल और ईरानी गली में सरकारी प्राइमरी स्कूल 1995 से निजी परिसर में संचालित हो रहे हैं, जिनका मासिक किराया क्रमशः 25,580 रुपये और 35,052 रुपये राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है।

आरटीआई कार्यकर्ता एसक्यू मसूद ने कहा, लगभग 30 साल हो गए हैं और अधिकारी अभी तक स्थायी भवन बनाने में कामयाब नहीं हुए हैं। छात्र बिना उचित वेंटिलेशन या खेल के मैदान के तंग कमरों में कक्षाएं लेते हैं। बहादुरपुरा I और बहादुरपुरा II मंडलों में कम से कम 30 स्कूल किराए के परिसर में संचालित होते हैं, जबकि चारमीनार और बंडलागुडा मंडलों में 12 से अधिक ऐसे स्कूल हैं। ज़ैनब उन्नीसा ने कहा, उचित शौचालय, स्वच्छ पेयजल और वेंटिलेशन जैसी अपर्याप्त सुविधाओं के कारण, हमारे बच्चे सरकारी स्कूलों में जाने से कतराते हैं। वे घर पर रहना पसंद करते हैं या हमसे निजी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए कहते हैं। कुछ मामलों में सरकार लंबे समय से लंबित किराये का भुगतान करने में विफल रही है। कई स्कूल हेडमास्टरों ने शिकायत की है कि किराया न चुकाने के कारण बिल्डिंग मालिक उनसे परिसर खाली करने को कह रहे हैं। खैरताबाद के चिंतलगुडा स्थित सरकारी हाई स्कूल पर कथित तौर पर 50.51 लाख रुपये का किराया बकाया है, जिसका अंतिम भुगतान सितंबर 2022 में किया जाना है। मजलिस बचाओ तहरीक के प्रवक्ता अमजदुल्ला खान ने कहा, पिछले कई सालों से किराया चुकाने के बाद सरकार अपनी इमारतें खरीद सकती थी या बनवा सकती थी।

## तेलंगाना स्थानीय निकाय चुनाव की अधिसूचना महीने के अंत तक : पोंगुलेटी



हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को कहा कि तेलंगाना में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना इस महीने के अंत तक जारी कर दी जाएगी। अब जब चुनाव में सिर्फ़ 15 दिन बचे हैं, तो उन्होंने कांग्रेस नेताओं से आंतरिक मतभेदों को दूर रखने और पार्टी की सफलता के लिए एकजुट होकर काम करने का आग्रह किया।

खम्मम में पलैर निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि अगली कैबिनेट बैठक के बाद चुनाव की तारीखों पर अधिक स्पष्टता सामने आएगी। चुनाव चरणों में होंगे, जिसकी शुरूआत एमपीटीसी और जेडपीटीसी चुनावों से होगी, उसके बाद पंचायत चुनाव होंगे। श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, गांवों में नेताओं के बीच उचित समन्वय होना चाहिए और जनता के मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। पार्टी के व्यापक हित में अगर कोई मामूली मतभेद है तो उसे अनदेखा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों का चयन आरक्षण मानदंड और जीतने की संभावना के आधार पर किया जाएगा।

## अरुणाचलम के लिए विशेष बसें चलाएगा आरटीसी खम्मम क्षेत्र

खम्मम, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक ए सरिराम ने कहा कि टीजीएसआरटीसी खम्मम क्षेत्र ने 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में स्थित अरुणाचलम मंदिर के लिए विशेष बसें संचालित करने की योजना बनाई है।

मनुगुरु, सथुपल्ली और खम्मम डिपो से विशेष सुपर लग्जरी बसें 8 जुलाई को शाम 7 बजे खम्मम से, शाम 6 बजे मनुगुर से, शाम 7 बजे सथुपल्ली से रवाना होंगी और 9 जून को रात 8 बजे अरुणाचलम पहुंचेंगी।

गिरि प्रदक्षिणा और अरुणाचलेश्वर के दर्शन के बाद, बसें दोपहर में वापस आएंगी और 11 जुलाई की सुबह खम्मम, सथुपल्ली और मनुगुर पहुंचेंगी। अरुणाचलम की यात्रा के दौरान बसें कनिपकम और स्वर्ण मंदिर में रुकेंगी। मनुगुर से वयस्कों के लिए किराया 5,500 रुपये और बच्चों के लिए 2,750 रुपये है। सथुपल्ली से वयस्कों के लिए किराया 5,000 रुपये और बच्चों के लिए 2,500 रुपये है, जबकि खम्मम से वयस्कों के लिए किराया 5,000 रुपये और बच्चों के लिए 2,500 रुपये है। अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक व्यक्ति स्थानीय डिपो प्रबंधकों से संपर्क कर सकते हैं।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का सीएम रेवंत रेड्डी को सुझाव

### सीएम ने केंद्रीय मंत्री से कौशल विश्वविद्यालय को सहयोग देने का अनुरोध किया



हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को वीएफएक्स, गेमिंग और ऑडियो विजुअल क्षेत्रों के लिए राज्य में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने रविवार को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह उत्कृष्टता केंद्र आईटीआई छात्रों के बीच कौशल विकास के लिए उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि वे अपने द्वारा शुरू किए गए यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेंगे और इसे आईटीआई से जोड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री ने यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी। सीएम ने केंद्रीय मंत्री से राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण योजना के तहत यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी को सहयोग देने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने सीएम से सभी आईटीआई को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल आईटीआई में सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आईटीआई में पाठ्यक्रम को समय-समय पर आधुनिक उद्योग की जरूरतों के अनुरूप अपग्रेड किया जाए। इसके लिए एक विशेष समिति नियुक्त की जानी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री के विशेष सचिव अजित रेड्डी, सीएमओ उद्योग और निवेश के सीईओ जयेश रंजन, उद्योग विभाग के विशेष सचिव विष्णुवर्धन रेड्डी और केंद्रीय कौशल विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी कल कौशल मंडन कार्यक्रम में भाग लेने हैदराबाद पहुंचे है। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी 16 जून निजाम कालेज में आयोजित रोजगार मेले में भाग लेंगे। इसके अलावा कान्हा शांति वनम् में आयोजित दक्षिण भारत के कौशल मंत्रियों के सम्मेलन आदि कार्यक्रमों में भाल लेंगे।

## कैबिनेट में जगह और संगठन में पद की मांग कर रहे हैं कांग्रेस के नाखुश समुदाय

### कांग्रेस के कई समुदायों में असमान प्रतिनिधित्व को लेकर असंतोष

हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कांग्रेस अपने मंत्रिमंडल विस्तार और पार्टी नियुक्तियों को 'सामाजिक न्याय' की दिशा में एक कदम के रूप में पेश कर रही है, वहीं कई समुदायों में असमान प्रतिनिधित्व को लेकर असंतोष पनप रहा है। राज्य नेतृत्व द्वारा दरकिनार किये जाने के कारण, कांग्रेस के भीतर विभिन्न समुदायों के नेता और सदस्य अपने विधायकों और सार्वजनिक हस्तियों के पीछे लामबंद होने लगे हैं, तथा कैबिनेट में स्थान और प्रदेश कांग्रेस समिति (पीसीसी) में प्रमुख पदों की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस आलाकमान द्वारा हाल ही में स्वीकृत मंत्रिमंडल विस्तार के बाद, चेन्नूर विधायक विवेक वेंकटस्वामी (माला), धर्मपुरी विधायक अदलुरी लक्ष्मण (मडिगा) और मकथल विधायक वी श्रीहरि (मुदिराज) को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। पार्टी ने दावा किया कि इस कदम से अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पिछड़ा वर्ग (बीसी) को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

हालांकि, कई समुदायों ने आवंटन के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में लगभग छह लाख की आबादी वाले उच्च जाति समूह को चार कैबिनेट बर्थ मिले हैं, जबकि पिछड़ी जाति, जो आबादी का लगभग 56 प्रतिशत है, को केवल तीन आवंटित किए गए हैं।

पिछले हफ्ते, मुन्नुरु कापू समुदाय के नेताओं ने गांधी भवन में टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ से मुलाकात की और वेमुलावाड़ा विधायक आदी श्रीनिवास को कैबिनेट में शामिल करने के लिए दबाव डाला। इसी तरह, अलेयर विधायक बीरला इलैया ने गोला कुरुमा श्रेणी के तहत प्रतिनिधित्व की मांग की। इस बीच, बंजारा नेताओं के एक समूह ने रविवार को हैदराबाद के एक होटल में एक बैठक की, जिसमें लम्बाडा समुदाय के लिए कैबिनेट में एक पद की मांग हाईकमान के समक्ष औपचारिक रूप से उठाने का संकल्प लिया गया। अल्पसंख्यक नेताओं ने भी असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि हालांकि उनके वोट पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं, फिर भी कैबिनेट और प्रमुख संगठनात्मक नियुक्तियों में उनकी अनदेखी की जाती है।

हाल ही में हुए विस्तार के बाद मंत्रिमंडल में तीन रिक्तियां रहने के बावजूद, अटकलें लगाई जा रही हैं कि स्थानीय निकाय चुनावों के बाद तक आगे की नियुक्तियों को टाला जा सकता है। हालांकि, कई समुदाय इंतजार करने को तैयार नहीं हैं, उनका कहना है कि मौजूदा समय प्रतिनिधित्व के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

## घायल पल्ला ने लोगों से दो सप्ताह तक उनसे मिलने न आने का आग्रह किया

हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। ज्ञात हो कि बीआरएस पार्टी के विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी इस महीने की 11 तारीख को बाथरूम में फिसलकर गिर गए थे। फिलहाल उनका यशोदा अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने अस्पताल से एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा कि उनका चार घंटे तक बड़ा ऑपरेशन चला। उन्होंने यह भी कहा कि सभी की दया के कारण वह ठीक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके जनगांव निर्वाचन क्षेत्र से कई लोग और उनके शुभचिंतक उनसे मिलने आ रहे हैं, उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वे उनसे मिलने शहर न आएं क्योंकि डॉक्टरों ने कहा है कि उन्हें दो सप्ताह तक पूरी तरह आराम की जरूरत है। उन्होंने अपने शुभचिंतकों से कहा कि वे दो सप्ताह तक उनसे न मिलें क्योंकि उनका बड़ा ऑपरेशन हुआ है। रेड्डी ने कामना की कि सभी का प्यार और स्नेह उन पर इसी तरह बना रहे।

## ओके किड्स ग्रेजुएशन रन का 7वां संस्करण आयोजित किया गया

हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता )। फिटनेस, समावेश और युवा सशक्तिकरण के एक जोशीले उत्सव में, हैदराबाद रनर्स सोसाइटी ने रविवार सुबह तेलंगाना स्टेट फॉरेस्ट एकेडमी, दुलापल्ली में ओके किड्स ग्रेजुएशन रन का 7वां संस्करण आयोजित किया। यह रन 8-सप्ताह के आउटडोर किड्स समर कैंप का ग्रैंड फिनाले था, जो 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों में स्वस्थ आदतें बनाने, फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा करने और उनमें आत्मविश्वास पैदा करने के लिए बनाई गई एक अनूठी पहल है। इस वर्ष के आयोजन का मुख्य आकर्षण हैदराबाद रनर्स के प्रमुख सामाजिक प्रभाव कार्यक्रम, प्रोजेक्ट चैंपियन के तहत प्रशिक्षित सरकारी स्कूलों के 300 से अधिक बच्चों की भागीदारी थी। हैदराबाद के 10 सरकारी स्कूलों के इन बच्चों को संरचित प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से शारीरिक साक्षरता की बुनियादी बातों से परिचित कराया गया और उन्होंने अपने साथियों के साथ गर्व से फिनिश लाइन पार की। सभी प्रोजेक्ट चैंपियन प्रतिभागियों को कार्यक्रम से आगे की यात्रा में सहायता के लिए स्कूल बैग और रनिंग शूज़ भी उपहार में दिए गए। शहर के 20 स्थानों पर आयोजित ओकेकिड्स पहल हैदराबाद रनर्स के व्यापक "काउच टू प्लेग्राउंड" मिशन का हिस्सा है, जो 2007 में स्थापित एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो दौड़ को फिटनेस के सबसे सुलभ और समावेशी रूप के रूप में बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम को अपोलो हॉस्पिटल्स द्वारा ऑन-ग्राउंड मेडिकल सहायता के साथ समर्थन दिया गया, जबकि परिवारों और प्रतिभागियों ने प्राकृतिक हरे भरे वातावरण में हाइड्रेशन स्टेशन, पौष्टिक स्नैक्स और मज़ेदार गतिविधियों के साथ एक उत्सवी सुबह का आनंद लिया। ओके किड्स ग्रेजुएशन रन सिर्फ़ एक दौड़ से कहीं ज़्यादा है, यह एक सामुदायिक आंदोलन है जो बच्चों के फिटनेस से जुड़ने के तरीके को फिर से परिभाषित करता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.93 लाख से अधिक मामले निपटाए गए

हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पुलिस ने शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान 1,93,439 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया। लोक अदालत भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर आयोजित की गई थी और इसका उद्देश्य समझौता करके पक्षों के बीच मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा करना था।

तेलंगाना के डीजीपी डॉ. जितेन्द्र ने कहा कि इस पहल को पूरे राज्य में उल्लेखनीय सफलता मिली है, जिसमें कानूनी मामलों की एक विस्तृत श्रृंखला को संबोधित किया गया है और साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को वित्तीय राहत प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह सफलता तेलंगाना राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (टीजीएलएसए), जिला न्यायाधीशों, मजिस्ट्रेटों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (डीएलएसए), पुलिस आयुक्तों (सीपी), राज्य साइबर सुरक्षा ब्यूरो और जिला पुलिस अधीक्षकों के बीच समन्वय के माध्यम से संभव हुई है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी पुलिस इकाइयों ने 8 मार्च को निपटाए गए कंपाउंडेबल मामलों की तुलना में कंपाउंडेबल मामलों के निपटान में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके अलावा, साइबर अपराधों में रोकी गई राशि की वापसी भी की गई।

## केटीआर के खिलाफ अवैध मामले दर्ज कर रहे हैं सीएम रेवंत : आरएस प्रवीण कुमार



हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के नेता आरएस प्रवीण कुमार ने आज आरोप लगाया कि सीएम रेवंत रेड्डी उनकी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर के खिलाफ अवैध मामले दर्ज कर रहे हैं, जो लोगों के लिए बिना किसी समझौते के लड़ रहे हैं। उन्होंने आलोचना की कि रेवंत रेड्डी उन आवाजों को चुप कराने की कोशिश कर रहे हैं जो उन पर सवाल उठा रही हैं। वह इस बात से नाराज थे कि सीएम रेवंत रेड्डी बदला लेने की भावना से राज्य पर शासन कर रहे हैं।

रविवार को तेलंगाना भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता में आरएस प्रवीण कुमार कांग्रेस सरकार और सीएम रेवंत रेड्डी के व्यवहार पर भड़के। आरएस प्रवीण कुमार ने कहा, अगर आप घर की चाबी चोर को दे दें तो कितना नुकसान हो सकता है? अब राज्य को रेवंत के हाथों में देकर वही नुकसान हुआ है। उन्होंने टिप्पणी की कि अगर रेवंत रेड्डी, जिनके खिलाफ 89 मामले हैं और जो कैश-फॉर-वोट मामले में मुख्य आरोपी हैं, सीएम बनते हैं तो राज्य को नुकसान पहुंचाने के अलावा और क्या होगा। किसी भी नौकरी देने से पहले उम्मीदवार के गुणों को देखा जाता है। पिछला इतिहास जांचा जाता है। प्रवीण कुमार ने कहा कि रेवंत का इतिहास भले ही सभी जानते हों, लेकिन गृह मंत्रालय उनके हाथ में है। उन्होंने याद दिलाया कि रेवंत रेड्डी ने कहा था कि सचिवालय में सोने के बर्तन हैं।

आरएस प्रवीण कुमार ने कहा कि केटीआर राज्य में जहां भी कोई समस्या है, वहां लड़ रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि केटीआर के खिलाफ अब तक 14 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब वे एसीबी कार्यालय से तेलंगाना भवन जा रहे थे, तब भी मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि केटीआर की सांसें चल रही हैं, तब भी मामले दर्ज किए जा रहे हैं। कुमार ने कहा कि केटीआर के खिलाफ दर्ज चार मामलों को उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने सवाल किया कि एक ही मुद्दे पर केटीआर के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की गईं। उन्होंने सवाल किया कि क्या ऐसा कहीं होता है? उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या यह किसी नियम पुस्तिका में है।

उन्होंने कहा कि केटीआर के खिलाफ दर्ज फॉर्मूला ई-कार रेस का मामला झूठा था। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी 26 साल की पुलिस सेवा में ऐसा बदतर मामला कभी नहीं देखा। यह याद दिलाते हुए कि रेवंत रेड्डी सनसनीखेज कैश फॉर वोट घोटाले में एक व्यक्ति को रिश्वत देते हुए रंगे हाथों पकड़े गए थे। उन्होंने दावा किया कि फॉर्मूला ई-कार रेस मामले में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है और कहा कि केटीआर फॉर्मूला ई-कार रेस मामले को हैदराबाद में इसलिए लेकर आए ताकि यह दुनिया के शहरों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके। उन्होंने कहा कि फॉर्मूला ई-कार रेस मामले का आयोजन हैदराबाद शहर में निवेश के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि मोबिलिटी वैली को इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ाने के लिए लाया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि हैदराबाद में फॉर्मूला ई-कार रेस ट्रैक नहीं है, लेकिन 9वीं फॉर्मूला ई-कार रेस फरवरी 2023 में हैदराबाद में आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि ई-कार रेस इवेंट की वजह से हैदराबाद शहर को 760 करोड़ रुपये का निवेश मिला। उन्होंने स्पष्ट किया कि केटीआर ने बेबाकी से सच बोला क्योंकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एचएमडीए के बैंक खाते से फॉर्मूला ई रेस कंपनी के बैंक खाते में पैसा भेजा गया था और कहा कि यह पूरी तरह से कानूनी तौर पर किया गया था। उन्होंने कहा कि ई-कार रेस मामले के लेन-देन में शामिल इंडियन ओवरसीज बैंक आरबीआई के नियमों के अनुसार काम कर रहा था। प्रवीण कुमार ने कहा कि अगर फॉर्मूला ई-कार रेस इवेंट जारी रहता, तो मोबिलिटी कंपनियां तेलंगाना में आए हैं। उन्होंने कहा कि इस दौड़ से केटीआर के खाते में सरकार का एक भी पैसा नहीं आया।

# कौन हैं तेलुगु अभिनेत्री कल्पिका गणेश ?

## महज 2,200 रुपये के लिए दर्ज हुआ कल्पिका पर केस



तेलुगु अभिनेत्री कल्पिका गणेश पर एक पब में हंगामा करने के लिए 12 जून को केस दर्ज किया गया था। इल्जाम है कि उन्होंने हैदराबाद के प्रिज्म पब के कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। यह घटना कथित तौर पर 29 मई को हुई थी। अभिनेत्री अपने एक पुरुष साथी के साथ पब में गईं थीं।

क्लब की तरफ से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक दोनों ने 2,200 रुपये का खाना खाया। विवाद तब शुरू हुआ जब कल्पिका ने कथित तौर पर चीज केक के लिए भुगतान करने से इनकार कर दिया। उन्होंने दावा किया कि दूसरे क्लब मुफ्त में मिठाई देते हैं, ऐसे में उन्हें भी मुफ्त में मिठाई दी जानी चाहिए। हालांकि, मामले को सुलझाने की कोशिश में कर्मचारियों ने उन्हें ब्राउनी की पेशकश की लेकिन वह अड़ी रहीं। इल्जाम है कि उन्होंने कथित तौर पर प्लेटें फेंकी, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, कर्मचारियों को अपमानित किया। इसके अलावा जब उन्हें बिलिंग के बारे में समझाया गया, तो उन्होंने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

**अदालत की इजाजत के बाद दर्ज हुआ केस**

शिकायत के आधार पर और स्थानीय अदालत से इजाजत मिलने के बाद, पुलिस ने 12 जून को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत कल्पिका के खिलाफ मामला दर्ज किया। यह जानकारी गाचीबोवली पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने दी।

**कौन हैं कल्पिका?**

हैदराबाद में जन्मी कल्पिका गणेश ने तेलंगाना के सिकंदराबाद शहर के विवेकानंद कॉलेज से स्नातक की डिग्री पूरी की। कल्पिका गणेश ने 2009 की फिल्म 'प्रयाणम' से तेलुगु में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। बाद में, उन्होंने कई फिल्मों में अभिनय किया, जिनमें अल्लू अर्जुन अभिनीत 'जुलेई', 'सरोचारू, माई डियर मार्थंडम, मां विंथा गाधा विनुमा, हिटः द फर्स्ट केस और पैरोल शामिल हैं। उन्होंने सामंथा रूथ प्रभु के साथ यशोदा में भी अभिनय किया।

**घटना पर अब तक नहीं दिया कोई बयान**

कल्पिका इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं। यहां उनके 57.6 हजार फॉलोअर्स हैं। उनके फीड में निजी फोटो, पर्दे के पीछे की झलकियां और कई वीडियो हैं। कल्पिका अक्सर प्रशंसकों द्वारा बनाए गए कंटेंट को रीपोस्ट करती हैं। कल्पिका गणेश ने अभी तक इस घटना के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

# कांतारा 2 के सेट पर एक और बड़ा हादसा

## शूटिंग के दौरान मिमिक्री आर्टिस्ट का निधन एक साल में सेट पर हो चुकी हैं तीन मौतें





ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' के सेट पर एक और बड़ा हादसा हो गया है। मिमिक्री कलाकार और एक्टर कलाभवन निजू का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। यह दुखद घटना फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई, जिसके बाद सेट पर शोक और सन्नाटा छा गया।

मिमिक्री कलाकार कन्नन सागर ने कलाभवन निजू के निधन की पुष्टि की है। कहा कि उन्हें गुरुवार को रात 10:30 बजे एक वाट्सएप ग्रुप में इसके बारे में जानकारी मिली थी। हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक, कलाभवन निजू का निधन गुरुवार रात बेंगलुरु में हो गया था, जहां वह 'कांताराः चैप्टर 1' की शूटिंग कर रहे थे। 43 वर्षीय निजू को सीने में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। निजू हाल ही में फिल्म मार्को में नजर आए थे। बता दें, यह पहली बार नहीं है जब कांतारा 2 के सेट पर हादसा हुआ है। इससे पहले 6 मई को फिल्म कांतारा 2 के जूनियर आर्टिस्ट एमएफ कपिल की नदी में डूबने से मौत हो गई। उनका शव नदी में तैरता मिला था। बताया जा रहा था कि कपिल कांतारा-2 की शूटिंग के बीच लंच ब्रेक में तैरने गए थे, जहां तेज बहाव से उनकी मौत हो गई। खबर सामने आते ही फिल्म फेडरेशन ने मेकर्स और मामले पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इसके अलावा कुछ समय पहले ही शूटिंग लोकेशन से लौटते हुए जूनियर आर्टिस्ट्स को ले जा रही एक बस पलट गई थी और तेज आंधी-बारिश से सेट को भी नुकसान पहुंचा था। कांतारा 2, कंतारा सीरीज का दूसरा पार्ट है। कांतारा का पहला पार्ट साल 2022 में आया था और इसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। कंतारा 2 इस सीरीज का प्रीक्वल है।

# एक्ट्रेस मधु ने याद किया बिना बताए किसिंग सीन देने का किस्सा, बोलीं- वो किस मेरे लिए बहुत भयानक था

90 की दशक की एक्ट्रेस मधु की पहचान 'रोजा', 'फूल और कांटे' जैसी फिल्मों से होती है। अपनी फिल्मी करियर में एक्ट्रेस ने कई किरदार निभाए हैं लेकिन पर्दे पर बोल्डनेस से दूरी बनाकर रखी। अब उन्होंने इसके पीछे की वजह बताई है।न्यूज 18 को दिए एक इंटरव्यू में मधु ने एक किसिंग सीन से जुड़ा अपना एक्सपीरियंस शेयर किया, जिससे वो असहज हुईं और उनका मूड खराब हो गया था।

इंटरव्यू में मधु बताती हैं कि उनकी परवरिश एक रूढ़िवादी माहौल में हुई थी। इस वजह से भी ऑनस्क्रीन इंटीमेसी को लेकर वो सहज नहीं थीं। उन्होंने कई प्रोजेक्ट ठुकरा दिए क्योंकि वह अश्लील सीन्स नहीं करना चाहती थीं।

मधु ने हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा की फिल्मों में काम किया है।

करियर की शुरुआती दौर की एक घटना का जिक्र करते हुए मधु ने बताया कि उन्हें एक बार किसिंग सीन करने के लिए कहा गया। इसके बारे में उन्हें पहले से कुछ नहीं बताया गया था।

फिल्म या को-स्टार का नाम लिए बिना मधु ने कहा, 'यह उस तरह का किसिंग सीन नहीं था जैसा हम आजकल फिल्मों में देखते हैं। इसमें बस लिप को किस करना था लेकिन इससे मुझे बहुत असहज महसूस हुआ। शूटिंग शुरू करने से पहले मुझे यह नहीं बताया गया था कि मुझे किस करना है। जब मुझे बताया गया तो वे मुझे एक तरफ ले गए और हमने बातचीत की। उन्होंने मुझे समझाया कि यह क्यों जरूरी था, और इसीलिए मैंने ऐसा किया। लेकिन यह सबसे भयानक और अविश्वसनीय काम था जो मुझे करना पड़ा।'



उन्होंने आगे कहा, 'किस का कोई उद्देश्य नहीं था। मैंने डायरेक्टर से इस सीन को फिल्म में शामिल न करने के लिए बात भी नहीं की। मैंने इसे जाने दिया। उस वक्त मैं हर तरह से बहुत छोटी थी। सिर्फ उम्र के हिसाब से नहीं। आज, 22-24 साल के लोग बहुत चालाक और खुले विचारों वाले होते हैं। मैं 22 साल की उम्र में बहुत भोली थी।'

वहीं एक्ट्रेस की वर्कफ्रंट की बात करें तो मधु जल्द ही मोहन बाबू की तेलुगु फैंटेसी फिल्म 'कन्नप्पा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, प्रभास, काजल अग्रवाल और मोहनलाल की स्पेशल अपीयरेंस होंगी। 'कन्नप्पा' 27 जून को थियेटर में रिलीज होगी।

# बिपाशा बसु ने बॉडी-शेमिंग करने वालों को दिया करारा जवाब


## कहा- मीम्स-ट्रोल्स से मेरी पहचान नहीं, बस महिलाओं को तारीफ और सम्मान मिलना चाहिए

बिपाशा बसु को उनके बढ़ते वजन के कारण सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। अब एक्ट्रेस ने बॉडी-शेमिंग को लेकर लगातार हो रही ट्रोलिंग पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे बुरे और दिल दुखाने वाले कमेंट्स से उनकी पहचान या उनकी खुद की अहमियत तय नहीं होती।

दरअसल, बिपाशा बसु ने साल 2022 में बेटी देवी को जन्म दिया था। मां बनने के बाद से ही एक्ट्रेस के बढ़ते वजन के कारण उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच पूर्व मिस इंडिया श्वेता विजय नायर ने बिपाशा को सपोर्ट किया और कहा कि कैसे एक मां को फिजिकली और इमोशनली चीजों को हैंडल करना पड़ता है। इस पोस्ट पर बिपाशा ने भी रिएक्ट किया।

उन्होंने कहा, थैंक्यू आपके शब्दों के लिए। मैं उम्मीद करती हूं कि लोग हमेशा इतने छोटे और नीचे सोच वाले न रहें। वो समझें और मानें कि महिलाएं हर दिन बहुत सी जिम्मेदारियां निभाती हैं, इसलिए उन्हें तारीफ और सम्मान मिलना चाहिए। मैं एक बेहद आत्मविश्वासी महिला हूं, जिसे एक समझदार और प्यार करने वाला साथी और परिवार मिला है।

मीम्स और ट्रोल्स न तो मेरी पहचान बनाते हैं और न ही उन्होंने मुझे वो बनाया जो मैं हूं। लेकिन ये सब समाज की महिलाओं के प्रति सोच का एक बहुत ही चिंताजनक रूप दिखाते हैं। मेरी जगह अगर कोई और महिला होती, तो इतनी नफरत और कटाक्ष से गहरे जख्म खा सकती थी और मानसिक रूप से टूट सकती थी। अगर हमारी आवाज और मजबूत हो जाए और कम से कम महिलाएं ही एक-दूसरे को समझें और जैसा वे हैं, उसके लिए तारीफ करें तो महिलाएं आगे बढ़ती जाएंगी। हम महिलाएं कोई नहीं रोक सकता।



**शादी के 6 साल बाद बेटी को दिया जन्म**

बिपाशा और करण सिंह ग्रोवर ने 30 अप्रैल 2016 को शादी की थी। दोनों की मुलाकात फिल्म अलोन के सेट पर हुई थी। कुछ समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी की थी। शादी के 6 साल बाद बिपाशा ने बेटी देवी को जन्म दिया था।

# सलमान खान ने उड़ाया तलाक और एलिमनी का मजाक

## बोले- खर्राटों पर भी हो जाता है तलाक फिर वो आधे पैसे लेकर भी चली जाती



कॉमेडियन कपिल शर्मा का पॉपुलर नेटफ्लिक्स शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन जल्द आ रहा है। शो का पहला एपिसोड अभी रिलीज नहीं हुआ है, लेकिन उससे जुड़ा एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सलमान खान पहले मेहमान के तौर पर स्टेज पर नजर आ रहे हैं। कपिल शर्मा के साथ बातचीत में सलमान खान ने रिश्तों और तलाक पर अपनी राय रखी।

सलमान खान ने कहा, पहले लोग एक दूसरे के लिए सैक्रिफाइस करते थे। अब रात को एक टांग आ जाती है तो उस पर डिवोर्स हो जाता है। खर्राटे ले लेते हैं तो डिवोर्स हो जाता है। छोटी सी मिसअंडरस्टेंडिंग पर डिवोर्स हो जाता है। चलो डिवोर्स हो गया, उसके बाद वो आधे पैसे लेकर भी चली जाती है। तलाक पर सलमान के बयान पर अर्चना पूरन सिंह और सिद्धू हंसी नहीं रोक पाए।

सलमान की इस बात पर नवजोत सिंह सिद्धू और अर्चना पूरन सिंह भी खूब हंसते नजर आए। हालांकि, सलमान के इस बयान के पीछे की पूरी बातचीत का कॉन्टेक्स्ट अभी सामने नहीं आया है।

**21 जून से शुरू होगा 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन**

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का तीसरा सीजन 21 जून को शुरू होगा। बता दें कि यह शो 30 मार्च 2024 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। पहला सीजन 13 एपिसोड के साथ 22 जून 2024 को खत्म हुआ। दूसरा सीजन 21 सितंबर से 14 दिसंबर 2024 तक चला। अब तीसरा सीजन आएगा।

शो का फॉर्मेट कपिल के पुराने शोज जैसा ही है। इसमें सेलिब्रिटी मेहमानों के साथ मजेदार बातचीत और कॉमिक एक्ट्स होते हैं। टीम में सुनील ग्रोवर, कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और राजीव ठाकुर शामिल हैं। इस सीजन में खास बात यह है कि करीब 6 साल बाद नवजोत सिंह सिद्धू की भी कपिल के शो में वापसी हो रही है। तीसरे सीजन में अर्चना पूरन सिंह के साथ नवजोत सिंह सिद्धू भी शो में नजर आएंगे।

## इवेंट कहकर चंकी पांडे को अंतिम संस्कार में बुलाया गया

# एक्टर बोले- शव देखकर चौंक गया, ऑर्गनाइजर ने कहा था- जितना रोओगे, उतना कमाओगे



एक्टर चंकी पांडे हाल ही में फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने अपने मशहूर पास्ता वाले किरदार को एक बार फिर निभाया है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्टर ने बताया कि एक बार वह थोड़े ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर में एक अंतिम संस्कार में शामिल हो गए थे, जिसके बारे में उन्हें कुछ नहीं पता था।

चंकी पांडे ने बताया कि 90 के दशक में एक्टर्स के पास पैसे कमाने का कोई दूसरा जरिया नहीं होता था। सिर्फ इवेंट्स या फिल्मों से ही आमदनी होती थी। उस वक्त न यूट्यूब था, न इंस्टाग्राम और न ही विज्ञापनों का इतना चलन था। वो एक बिल्कुल अलग दौर था। तो एक दिन एक इवेंट ऑर्गनाइजर ने मुझे कॉल किया और कहा कि एक इवेंट है, जहां मुझे सिर्फ 10 मिनट के लिए आना है।

मुझे सफेद कपड़ों में आने को कहा गया। मैंने सोचा कि शायद इवेंट की थीम ही ऐसी है। जब मैं वहां पहुंचा तो बहुत भीड़ थी। जैसे ही मैं कार से उतरा, लोग मुझे देखकर चौंक गए। अचानक मैंने देखा कि मेरे सामने एक शव रखा हुआ है और मुझे लगा कि शायद ऑर्गनाइजर की मौत हो गई है। फिर वही ऑर्गनाइजर मेरे पास आया और बोला कि उसने मुझे अंतिम संस्कार के लिए बुलाया है।

चंकी आगे कहते हैं, मैं कुछ बोल भी नहीं पाया, न ही उस पर चिल्ला सका, क्योंकि माहौल बहुत गंभीर था। फिर उसने मुझसे कहा कि अगर आप रोएंगे ना, तो थोड़ा ज्यादा पैसा मिलेगा। मैं वैसे भी बहुत भावुक इंसान नहीं हूं, तो मैंने रोने से बचने की कोशिश की, क्योंकि मुझे डर था कहीं मैं हंस न पड़ूं। लेकिन एक और एक्टर भी वहां आया था, उसने बहुत रोना-धोना किया और उसे 50 हजार रुपए ज्यादा मिल गए।

**6 जून को रिलीज हुई थी हाउसफुल 5**

बता दें, फिल्म 'हाउसफुल 5' 6 जून को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिकाओं में नजर आए हैं। स्पोर्टिंग कास्ट में श्रेयस तलपड़े, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, डिनो मोरिया, और चित्रांगदा सिंह जैसे मशहूर चेहरे भी शामिल हैं।

# 'एयर इंडिया में बहन काम करती है', अहमदाबाद विमान हादसे पर ट्रोल होने के बाद रीम शेख का जवाब



हाल ही में अभिनेत्री रीम शेख से पैपराजी ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बारे में पूछा। कथित तौर पर उन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं थी। इसके लिए उन्हें जमकर ट्रोल किया गया। लोगों ने उन्हें बेसुध कहा। इस मामले पर अब अभिनेत्री ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया है कि वह इस घटना के बारे में जानने वाले पहले लोगों में से एक थीं।

**विमान दुर्घटना के बारे में रीम को पता था**

रीम ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर खुलासा किया कि उनकी बहन एयर इंडिया में क्रू मेंबर के तौर पर काम करती हैं। उन्होंने लिखा 'सबसे पहले, विमान दुर्घटना के बारे में न जानने के लिए मुझे ट्रोल करने वाले सभी लोग, कृपया रुकें। मेरी सगी बहन एयर इंडिया में काम करती है। जब दुर्घटना हुई, तो इसके बारे में मुझे सबसे पहले पता चला। मैंने उसे घर पर बैठकर रोते हुए, अपने साथी क्रू मेंबर के खोने का शोक मनाते हुए देखा है। यह मेरे लिए सिर्फ एक हेडलाइन नहीं है; यह बहुत निजी मामला है।'

**बिना पूछे त्रासदी पर बात नहीं करना चाहती थी**

उन्होंने आगे कहा 'पैपराजी ने मुझसे कहा कि कल के बारे में कुछ बोलो। उन लोगों ने खास तौर से विमान दुर्घटना के बारे में नहीं पूछा। यह बहुत दुखद है कि कितनी जल्दी धारणाएं बना ली जाती हैं। अगर मैंने इस बारे कोई बात नहीं कही, तो ऐसा इसलिए नहीं था कि मुझे परवाह नहीं थी। ऐसा इसलिए था क्योंकि मुझसे सीधे तौर पर विमान दुर्घटना के बारे में नहीं पूछा गया था। मैं बिना पूछे किसी संवेदनशील विषय पर बात नहीं करना चाहती थी।'

**मैं दुख मनाने के लिए खुद को कैमरे पर नहीं ला सकती**

रीम ने आगे कहा 'अंत में, मैं आमतौर पर मीडिया के सामने खड़े होकर बात करने से बचती हूं। जो लोग मुझे असंवेदनशील कहते हैं, कृपया समझें- मैं खुद को कैमरों के सामने शोक मनाने के लिए नहीं ला सकती। मैं ऐसी नहीं हूं। मैं दर्द को इस तरह से नहीं समझती। यह नुकसान मेरे दिल को इस तरह से छू गया है कि मैं इसे बयां भी नहीं कर सकती।'

**क्या है पूरा मामला?**

आपको बता दें कि रीम शेख का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ था, जिसमें एक पैपराजी ने उनसे पूछा था 'मैम कल के बारे में क्या बोलेंगे?', जिसमें विमान दुर्घटना का जिक्र था। इस पर, अभिनेत्री ने जवाब दिया था, 'क्यों, कल क्या हुआ था?' जब पैपराजी ने विमान दुर्घटना का जिक्र किया, तो वह आगे कोई टिप्पणी करने से बचती हुई चली गईं।

# जगन्नाथ मंदिर से लाएं ये 2 पवित्र वस्तुएं



हर साल आषाढ़ महीने में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है, जो इस बार 27 जून से शुरू हो रही है। ऐसे में जानिए रथ यात्रा के दौरान जगन्नाथ मंदिर से कौन-सी 2 चीजें घर लाना शुभ माना जाता है।

पुरी, ओडिशा में हर साल आषाढ़ महीने में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है, जो न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। इस वर्ष यह पावन यात्रा 27 जून 2025 से शुरू होगी, जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन के कष्ट दूर होते हैं। रथ यात्रा के दौरान भगवान अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर, गुंडिचा मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। यह यात्रा भक्ति, सेवा और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है।

अगर आप इस शुभ अवसर पर पुरी जा रहे हैं, तो वहां के जगन्नाथ मंदिर से दो खास चीजें जरूर लेकर आएं, जिनका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व बहुत बड़ा है। मान्यता है कि इन चीजों को घर लाने से मां लक्ष्मी और माता अन्नपूर्णा की कृपा बनी रहती है, जिससे घर में सुख-समृद्धि और धन-धान्य की वृद्धि होती है। आगे जानिए कि वे कौन-सी दो वस्तुएं हैं, जिन्हें घर लाना बेहद शुभ माना गया है।

अगर आप इस वर्ष रथ यात्रा में शामिल होने जा रहे हैं, तो जगन्नाथ मंदिर से दो खास वस्तुएं जरूर लेकर आएं। धार्मिक मान्यता है कि इन वस्तुओं को घर में रखने से मां लक्ष्मी और अन्नपूर्णा माता की कृपा बनी रहती है, जिससे घर में सुख-समृद्धि और अन्न की कभी कमी नहीं होती।

### मंदिर की बेंत (छड़ी)

जगन्नाथ मंदिर से बेंत लाने की परंपरा बहुत पुरानी है। यह बेंत पूजा के दौरान भक्तों को छुआया जाता है, जिससे उन्हें बल, बुद्धि और यश की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि इस बेंत को घर में रखने से मां लक्ष्मी का वास होता है और दुख-दरिद्रता दूर होती है। इसे घर के पूजास्थल में रखना शुभ माना जाता है।

### निर्माल्य (सूखा चावल)

निर्माल्य एक विशेष प्रकार का सूखा चावल होता है, जिसे मंदिर में पकाकर सुखाया जाता है और भगवान को भोग लगाने के बाद लाल रंग की पोटली में भक्तों को दिया जाता है। इसे घर में किसी साफ स्थान पर रखें और शुभ कार्यों में इसका एक दाना डालें। कहा जाता है कि जिस घर में निर्माल्य होता है, वहां अन्न की कभी कमी नहीं होती और घर हमेशा सुख-समृद्धि से भरा रहता है। यह वस्तु भगवान की विशेष कृपा का प्रतीक मानी जाती है।

### पुरी का जगन्नाथ मंदिर क्यों है इतना खास?

पुरी का जगन्नाथ मंदिर धरती का बैकुंठ कहा जाता है। यहां भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की विशेष रूप से पूजा होती है। यहां से लाई गई चीजें सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा और सौभाग्य का संचार करती हैं। इसलिए रथ यात्रा के दौरान इन शुभ वस्तुओं को लाना बेहद लाभकारी माना जाता है।

# पिता के गर्भ से हुआ था इस महायोद्धा का जन्म, रावण को धूल चटाई

इक्ष्वाकु वंश में एक ऐसे राजा हुए, जिनके पराक्रम के किस्से आज भी सुनाए जाते हैं। वह भगवान राम के पूर्वज थे और इतने बलशाली थे कि एक दिन में ही तीनों लोकों को जीत लिया था। उन्होंने रावण को धूल चटाई थी और देवराज इंद्र को ललकारा था। लेकिन इंद्र ने अपना सिंहासन बचाने के लिए उन्हें अपने जाल में फंसा के मरवा डाला। ऐसे महापराक्रमी राजा का नाम मांधाता था।

मांधाता, एक ऐसे राजा जिनसे राक्षस तो क्या इंद्र भी थरथर कांपते थे, उनका युद्ध कौशल ऐसा था कि उनके साहस के आगे एक-एक करके सभी या तो नतमस्तक हो गए या उन्हें मुंह की खानी पड़ी। एक दौर ऐसा भी आया जब राजा मांधाता ने समस्त पृथ्वी पर अपना शासन स्थापित करके इंद्र लोक की ओर रुख करने का विचार किया, तभी देवराज इंद्र ने अपनी सत्ता को बचाने के लिए पिता के गर्भ से पैदा हुए इस महापराक्रमी राजा को धोखे से मरवा दिया। लेकिन राजा मांधाता जब तक जीवित रहे, तब तक उनकी बुद्धिमत्ता, पराक्रम और धर्मपरायणता अद्वितीय रही। खास बात यह कि राजा मांधाता श्रीराम के पूर्वज थे और उन्होंने एक ही दिन में तीनों लोकों को जीत लिया था। आइये विस्तार से जानते हैं, ऐसे महान योद्धा के बारे।

### इक्ष्वाकु वंश के राजा थे युवानाश्व

राजा मांधाता के बारे में महाभारत, भागवत पुराण और वाल्मीकि रामायण में प्रसंग मिलते हैं। मांधाता के जन्म की कथा भी बड़ी रोचक है। वह अपनी मां की जगह, पिता युवानाश्व की कोख से जन्मे थे। दरअसल इक्ष्वाकु वंश के राजा युवनाश्व भी बड़े साहसी और धार्मिक थे। उन्होंने एक हजार अश्वमेघ यज्ञ संपन्न कराए थे। वह ब्राह्मणों को दान देते थे। इसके अलावा कई श्रेष्ठ यज्ञ करवाते थे, लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी। इसके लिए उन्होंने कठिन से कठिन व्रत रखे, लेकिन तब भी संतान सुख नहीं मिला। तब उन्होंने अपना राजपाट मंत्रियों को सौंपकर हरि भजन के लिए वन का रुख किया।

### अभिमंत्रित सिद्ध जल पी गए थे राजा युवानाश्व

राजा युवनाश्व की पुत्र प्राप्ति की चिंता के बारे में भृगुनंदन महर्षि च्वयन को पता था। इसलिए उन्होंने उनकी इच्छा पूरी करने के लिए एक कलश में अभिमंत्रित सिद्ध जल रखा था। यह जल रानी के लिए था ताकि वह इसे पीकर इंद्र के बराबर पराक्रमी संतान को जन्म दें। लेकिन जंगल में विचरण करते हुए राजा को भयंकर प्यास लगी। वह सूखे गले से व्याकुल हो उठे और पानी की तलाश में इधर-उधर भटकने लगे। उन्हें तभी एक आश्रम दिखा और वह वहां रखे कलश का जल पी गए। अगली सुबह जब महर्षि च्वयन ने खाली कलश देखा तो उन्होंने अपने शिष्यों से पता लगाने के लिए कहा कि कलश का जल कहां गया। तब राजा युवनाश्व ने बताया कि उन्होंने प्यास से विवश होकर कलश का जल पी लिया। यह जानकर महर्षि ने राजन से कहा कि आपने गलत किया। यह आपकी पत्नी के लिए था, ताकि वह महापराक्रमी पुत्र को जन्म दे सके। इस जल को कठोर तपस्या के बाद सिद्ध किया गया था। महर्षि ने कहा कि वह अब इसका प्रभाव नहीं टाल सकते हैं। यह विधि का विधान ही होगा कि आपने यह जल पीया। अब आपके गर्भ से पुत्र का जन्म होगा और आपको प्रसव पीड़ा सहनी होगी।



### इंद्र की वजह से मांधाता नाम मिला

इसके बाद करीब 100 वर्षों का समय बीता और राजा युवनाश्व की बायीं कोख फाड़कर महाप्रतापी बालक का जन्म हुआ। जिसे देखने के लिए इंद्र समेत देवता आए। तब देवताओं ने इंद्र से पूछा कि यह बालक क्या पीयेगा, इस पर उन्होंने बालक के मुंह में उंगली डालकर कहा, माम्‌ अयं धाता यानी कि यह मुझे ही पीयेगा, इसके बाद देवताओं ने इस बालक का नाम मांधाता रखा। इंद्र की उंगली का रसास्वादन करने के बाद बालक 13 बित्ता बढ़ गया। उस बालक को सभी वेद, धनुर्वेद और दिव्यास्त्रों की शिक्षा-दीक्षा दी गई। बालक को अभेद्य कवच, आजगव धनुष और सींग से बने बाणों से सुसज्जित किया गया। यही बालक आगे चलकर इक्ष्वाकु वंश का महाप्रतापी राजा मांधाता कहलाया।

### तीनों लोकों पर था राजा मांधाता का राज

राजा मांधाता का राज तीनों लोकों तक था। समस्त पृथ्वी पर उनका शासन चलता था। पृथ्वी के सारे रत्न उनके पास थे। सब कुछ हासिल करने के बाद भी वह धर्म के रास्ते पर चलते थे। ब्राह्मणों को दान देना, हवन यज्ञ करवाना, प्रजा की रक्षा करना ये उनके दैनिक काम थे। उन्होंने इंद्र का आधा सिंहासन भी प्राप्त कर लिया था। एक दौर ऐसा भी आया जब 12 वर्षों तक बारिश नहीं हुई तब अपनी प्रजा की रक्षा के लिए मांधाता ने महामेघ के समान गरजते हुए बारिश कराई थी। मांधाता के प्रताप के आगे सभी राक्षस खौफ खाते थे।

### रावण को अकेले ही परास्त कर दिया

रामायण में जिक्र आता है कि एक बार राजा मांधाता ने रावण की पूरी सेना को अकेले ही परास्त कर दिया था। तब रावण ने आवेश में आकर उन पर रौद्रास्त्र चलाया था जिसे उन्होंने आग्नेयास्त्र से निष्क्रिय कर दिया था। इससे रावण और क्रोधित हो गया और उसने गंधर्व अस्त्र उनकी ओर भेजा था, राजा मांधाता ने ब्रह्मास्त्र के इस्तेमाल से उसे काट दिया। इसके बाद रावण ने आगबबूला होकर पाशुपतास्त्र का आह्वान किया तब इस भयंकर अस्त्र से पृथ्वी पर संकट पैदा हो जाता इसलिए गालव और पुलस्त्य ऋषि ने आकर युद्धविराम करवाया।

### इंद्र के जाल में फंस गए राजा मांधाता

रामायण में कथा आती है कि राजा मांधाता ने सारी पृथ्वी पर नियंत्रण हासिल करने के बाद स्वर्ग की ओर चढ़ाई करने की योजना बनाई। इसके बारे में देवराज इंद्र को पता चला तो वह चिंतित हो उठे। तब उन्होंने राजा मांधाता से बचने के लिए एक चाल चली। वह राजा मांधाता के पास पहुंचे और उनसे कहा कि तुम देवलोक पर शासन करने की तैयारी कर रहे हो लेकिन पहले पृथ्वी लोक पर तो पूरी तरह राज स्थापित कर लो। तब राजा मांधाता ने पूछा पूरी पृथ्वी मेरे अधीन है, ऐसी कोई जगह नहीं जहां मेरी आज्ञा नहीं मानी जाती हो। तब मधु दैत्य का पुत्र लवणासुर किसी की नहीं सुनता है। राजा मांधाता इंद्र के जाल में फंस गए, क्योंकि इंद्र को पता था कि लवणासुर के पास भगवान शिव का अमोघ शूल है जिसके प्रहार से कोई नहीं बच सकता है। राजा मांधाता लवणासुर को ललकारने पहुंच गए। उन्होंने लवणासुर को युद्धक्षेत्र में घायल कर दिया। तब अपनी जान पर संकट आता देख उसने राजा मांधाता पर अमोघ शूल चला दिया। इसने राजा मांधाता और उनकी सेना को राख कर दिया। और इंद्र अपनी इस चाल से देवलोक का सिंहासन बचाने में कामयाब रहे।

# कोलकाता के कालीघाट मंदिर में छुपा है शक्ति का अनोखा स्वरूप



कोलकाता का कालीघाट मदिंर मां देवी के 51 शक्तिपीठों में से एक है। जिसे हिंदू धर्म में बहुत पवित्र माना जाता है। हजारों वर्ष पुराने इस मंदिर के दर्शन करने नवरात्रि में मां के भक्त बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं। मान्यता है कि यहां माता सती के दाहिने पैर की उंगलियां गिरी थी। इस मंदिर में दो संतों आत्माराम ब्रह्मचारी और ब्रह्मानंद गिरी द्वारा निर्मित टचस्टोन की मूर्ति में तीन विशाल आंखें हैं और एक लंबी उभरी हुई सुनहरी जीभ है।

यहां नवरात्रि पर मां काली की दुर्गा के रुप में बहुत निष्ठा भाव से अराधना होती है। यहां दुर्गा मां की अलग से कोई भी मूर्ति नहीं है। माना जाता है कि षष्ठी के दिन तक गर्भग्रह में स्थापित मूर्ति को हर रोज चावल, केला, चीनी, मिठाई, फूल और जल का भोग लगाया जाता है और सप्तमी की सुबह केले के पत्ते को मूर्ति के बगल में रखा जाता है फिर उसके बाद केले के पत्ते से गणेश जी की पत्नी के रुप में पूजा की जाती है। इस मौके पर दीप प्रज्जवलन में काफी सावधानी बरती जाती है। बता दें कि अनुष्ठानों के अनुसार, यदि जलाए गए दीपक बुझ जाते हैं तो कुछ अनिष्ठ होता है। इन दिनों गऊ बाजार स्थित इस मंदिर में भक्तों की बहुत भीड़ होती है। तीन घटें चलने वाली यह पूजा सप्तमी, अष्टमी और नवमी को रात में 2 बजे होती है।

सप्तमी को मां को शाकम्भरी का रुप दिया जाता है, जिसमें मां को सुपारी, हरतकी, अमला, बेल और साड़ी से श्रृंगार करके भगवान गणेश जी के पास विराजित किया जाता है। वही अष्टमी और नवमी के बीच वाले समय में संधि पूजा होती है, जिसे चामुंडा पूजा कहा जाता है। नवमी पूजा के बाद मंदिर में अनुष्ठान के रुप में तीन बकरियों की बलि दी जाएगी। फिर उसके बाद आखिरी दिन पका हुआ चावल, सब्जी प्रसाद के रुप में दिया जाता है। राधा कृष्ण जी की मूर्ति को भी मंदिर में लाया जाता है और उनकी विशेष पूजा की जाती है। दोपहर में भोग के रुप में पीला चावल चढ़ाया जाता है और फिर गर्भग्रह में रखे केले के पत्ते को विसर्जित किया जाता है। फिर इसके बाद पूजा की समाप्ति आरती को साथ की जाती है। जले हुए दीयों को यहां के पुजारियों के आवास में वापस ले जाया जाता है। इस मंदिर में दशमी के दिन दोपहर 1 बजे से शुरु होने वाले दूसरे भाग में किसी भी पुरुष भक्त को गर्भग्रह के अंदर जाने की अनुमति नहीं होती है।

# हर संकट का कारण ग्रह नहीं
# कभी-कभी होता है घर का वास्तु दोष भी




कहीं आपके घर का वास्तु दोष तो नहीं परेशानी की जड़ बन रहा है। अगर जीवन में बार-बार परेशानियां, कानूनी उलझनें या अचानक घटने वाली घटनाएं सामने आती हैं, तो यह संकेत हो सकता है कि आपकी जन्मकुंडली में ग्रह दोष हो या आपके निवास स्थान में वास्तु दोष मौजूद हो। वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर वास्तु दोषों का उचित समाधान न किया जाए तो जीवन में संकट लगातार बने रहते हैं।

अगर आप किसी मुसीबत के शिकार होते हैं, तो इसका मतलब है या तो आपकी जन्मकुण्डली में ग्रहों का दोष है अथवा आपके निवास स्थान में कोई वास्तु दोष है। वास्तु दोष होने पर अगर उसका निवारण वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों के आधार पर नहीं हुआ तो जीवन में संकट बरकरार रहता है। वास्तु विशेषज्ञों के अनुसार घर में किसी प्रकार का दोष होने पर कानूनी उलझनों, चोरी-डकैती का खतरा बना रहता है।

इन हालात में होता है नुकसान

नैऋत्य कोण यानी दक्षिण-पश्चिम के कोण के अलावा आपके शयन का कमरा कहीं और हो।

घर का पूर्वी भाग दूसरे कोणों की अपेक्षा ज्यादा ऊंचा हो।

अग्नि कोण यानी दक्षिण-पूर्वी कोण अथवा वायव्य कोण यानी उत्तर-पश्चिमी कोण पर घर का मुख्य द्वार बना हो।

नैऋत्य कोण यानी दक्षिण-पश्चिम कोण पर मुख्य दरवाजा हो।

नैऋत्य कोण यानी दक्षिण-पश्चिम कोण पर कहीं गड्ढा हो।

नैऋत्य कोण यानी दक्षिण-पश्चिम कोण पर कहीं आपने सारा धन एकत्र करके तो नहीं रखा।

दर्पण लगी हुई अलमारी नैऋत्य कोण यानी दक्षिण-पश्चिम या वायव्य कोण यानी उत्तर-पश्चिम, अथवा दक्षिण दिशा में हो।

ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व कोण पर कोई अलमारी या वजनी वस्तु रखी हो।

ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व कोण में शौचालय बना हो।

ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व कोना अग्नि कोण यानि दक्षिण-पूर्व कोना, नैऋत्य कोण यानी दक्षिण-पश्चिम कोना व वायव्य कोण यानी उत्तर-पश्चिम कोण कटा हुआ हो।

आपके घर के मुख्य दरवाजे के सामने स्तंभ अथवा बिजली का खंभा इत्यादि हो।

आप अधिकांश समय बीम के नीचे बैठते हों या फिर शयन कक्ष में आपको पलंग बीम के नीचे हो।

बैठकर महत्वपूर्ण कार्य करते समय कहीं आप उत्तर दिशा और पूर्व दिशा के बजाय किसी अन्य दिशा की ओर मुख करके कार्य करते हों।

घर का पूजा स्थान ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्वी कोण के बजाय अन्य जगह पर बना हो, ऐसे में कष्ट आने की संभावनाएं ज्यादा होती हैं।

# अध्यात्म, प्रकृति, पर्यटन का अद्भुत संगम मैथन बांध

झारखंड का कश्मीर कहा जाने वाला मैथन बांध एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, इंजीनियरिंग कौशल और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। मैथन बांध बराकर नदी पर स्थित है और झारखंड तथा पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित है। यह रांची से करीब 194 किलोमीटर की दूरी पर है जो झारखंड के सबसे बड़े डैमों में से एक है।

प्रकृति के अनमोल खजानों से भरा झारखंड अनेक पर्यटन क्षेत्रों से परिपूर्ण है। यहां मौजूद बांध, पहाड़ियां, जंगल और मंदिर पर्यटकों को अपनी ओर खींचते हैं। इनकी आभा और सुंदरता लोगों का मन मोह लेती है। प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न इस राज्य में मैथन डैम है, जो पर्यटकों के बीच बहुत प्रसिद्ध है। हजारों पर्यटक हर साल यहां घूमने और पिकनिक मनाने आते हैं। इसकी लोकप्रियता



की वजह से ही इसे 'झारखंड का कश्मीर' भी कहा जाता है जिसके मनमोहक दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर खूब आकर्षित करते हैं।

यह धनबाद जिले में स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, इंजीनियरिंग कौशल और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। यह डैम बराकर नदी पर स्थित है और झारखंड तथा पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित है। यह रांची से करीब 194 किलोमीटर की दूरी पर है, जो झारखंड के सबसे बड़े डैमों में से एक है।

### ऐतिहासिक और तकनीकी विशेषताएं

मैथन डैम का निर्माण 1953 से 1957 के बीच हुआ था और इसका उद्देश्य बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और विद्युत उत्पादन था। यह डैम भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के स्वप्नों में से एक था।

**आकार और क्षमता :** डैम की लंबाई लगभग 4,789 मीटर और ऊंचाई 50 मीटर है। इसका जलाशय 65 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जो मैथन झील के नाम से जाना जाता है।

**विद्युत उत्पादन :** मैथन डैम में एशिया का पहला भूमिगत जलविद्युत संयंत्र है, जो 60 मैगावाट की क्षमता से बिजली उत्पन्न करता है। यह भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है।

पर्यटन आकर्षण

**मैथन झील :** झील की शांत जलराशि और हरे-भरे परिवेश इसे नौका विहार, मछली पकड़ने और पक्षी अवलोकन के लिए आदर्श बनाते हैं।

डियर पार्क : डैम के पास स्थित डियर पार्क में पर्यटक हिरणों को प्राकृतिक वातावरण में देख सकते हैं।

**कल्याणेश्वरी मंदिर :** डैम से लगभग 6 किलोमीटर दूर स्थित यह मंदिर मां काली को समर्पित है और धार्मिक आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि इस जगह पर मां कल्याणेश्वरी प्रकट हुई थीं, जिन्हें लेकर स्थानीय निवासियों में अपार श्रद्धा और विश्वास है। यहां माता की अष्टधातु से बनी मूर्ति स्थापित है। मंदिर में लोग अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं। यहां एक नीम का पेड़ है, जिसमें लोग पत्थर बांधकर अपनी मनोकामना मांगते हैं और मन्नत पूरी होने पर पत्थर को नदी में विसर्जित कर देते हैं।

# कड़ी मेहनत के बाद भी धन नहीं बढ़ता हो तो करें वास्तु के इस नियम का पालन

वास्तु शास्त्र में धन के स्थान के बारे में वास्तुविदों में अलग-अलग मत है। कुबेर धन के स्वामी है, वास्तुविद्या में कुबेर का स्थान उत्तर दिशा को माना गया है। अनेक वास्तुविदों का मत है कि धन, तिजोरी रखने का यही सर्वाधिक उपयुक्त स्थान है। अन्य कुछ वास्तुशास्त्रियों के अनुसार उत्तरी भाग में वजनी वस्तुएं नहीं रखी जानी चाहिए, इसलिए यहां तिजोरी रखना उचित नहीं है, उनके अनुसार तिजोरी या आलमारी का स्थान दक्षिण-पश्चिम कोना यानि नैऋत्य कोण है। कभी-कभी वास्तुशास्त्र की प्रारम्भिक पुस्तक पड़ने वाला व्यक्ति असमंजस में पड़ जाता है कि इन दोनों मतों में से व्यक्ति किसे मानें। ज्ञानियों का कहना है कि अलग-अलग मत होने पर मध्यमार्ग अपनाना ही तर्कसंगत रहता है।

जब तक धन हमारे घर में नहीं आ जाता तब तक हमारा उस पर पूर्ण अधिकार नहीं होता। वह अनेक मदों पर खर्च हो सकता है अथवा खो सकता है या चोरी भी हो सकती है, कमाया हुआ धन घर में आने के पश्चात ही हमारी संपत्ति बनता है।



कमाने वाली जगह यानी कार्यालय अथवा दुकान में धन का रखा होना तथा सभी खर्चों को काटने के बाद शुद्ध धन घर पर लाकर रखने के कारण धन रखने की दो जगह हो जाती हैं। पहला जहां से धन को कमाया जाता है, जैसे दुकान या कार्यालय। दूसरा, जहां धन को रखा जाता है, जैसे घर।

दुकान या कार्यालय में धन रहते समय वह लेन-देन आदि में खर्च होता रहता है क्योंकि वहां आय के साथ-साथ व्यय भी होता है। इसलिए वहां धन पर व्यक्ति का पूर्ण अधिकार नहीं होता, वहां यह तय नहीं हो पाता कि जितना धन व्यक्ति ने कमाया है, उसमें से कितना शुद्ध धन उसका मुनाफा है, क्योंकि बाकी खर्चे शेष रहते हैं। जब सभी खर्च के बाद वह धन व्यक्ति के घर में आता है, तभी उस पर उस व्यक्ति का पूर्ण अधिकार रहता है।

क्या है मध्यमार्ग धन की ऊपर बताई गई दो स्थितियों को देखते हुए धन को रखने के स्थानों में भी अंतर माना गया है, यही इस विषय का मध्यमार्ग है। दुकान या कार्यालय, जहां हम धन का अर्जन करते हैं, वहां उसकी आय में वृद्धि और व्यय होता रहता है। दुकान या कार्यालय में तिजोरी का स्थान कुबेर स्थान अर्थात उत्तर होना चाहिए। घर में धन रखते समय हम दूसरे सिद्धांत का पालन करते हुए उसे दक्षिण-पश्चिमी कोण यानि नैऋत्य कोण में स्थापित तिजोरी या अलमारी में रखना चाहिए। इस प्रकार वास्तुशास्त्रियों के विभिन्न मत हैं।

# स्वास्थ्य, शांति और समरसता की ओर विश्व का कदम


सुरेश गांधी



"योग सिर्फ रोग से मुक्ति नहीं देता, यह व्यक्ति को आत्मनिर्भर, अनुशासित और शांतिपूर्ण जीवन जीने की कला सिखाता है। जो भी दिन की शुरुआत योग से करता है, उसका दिन बेहतर और जीवन दीर्घ होता है।" मतलब साफ है योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, यह एक समग्र जीवन-पद्धति है। बीमारी हो या मानसिक तनाव, अकेलापन हो या जीवन में उद्देश्य की तलाश क् योग हर स्थिति में सहारा बन सकता है। 21 जून 2025 को जब विश्व 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ओर कदम बढ़ा रहा है, तब भारत एक बार फिर विश्व को 'योग' के बहुआयामी चमत्कारों की याद दिला रहा है। योग अब केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान नहीं, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य विमर्श का आधार बन चुका है। कभी व्यस्तता, तनाव और बेचैनी से घिरा जीवन अब शांत, सुव्यवस्थित और ऊर्जावान है, यह बदलाव योग से ही संभव हुआ। कहा जा सकता है योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का उपाय नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों तक शांति पहुंचाने वाला माध्यम है। जब जीवन दिशाहीन लगने लगे, शरीर थक जाए और मन अशांत हो, ऐसे क्षणों में योग एक दीपक की तरह रोशनी देता है। आज विश्व जिस सबसे बड़ी महामारी से जूझ रहा है, वह है, मानसिक स्वास्थ्य संकट। डिप्रेशन, एंजायटी, पैनिक अटैक और अनिद्रा की बढ़ती दरें चिंता का विषय हैं। ऐसे में योग एक सशक्त समाधान बनकर उभरा है। प्राणायाम से तनावग्रस्त नाड़ी तंत्र को संतुलन मिलता है। ध्यान से डोपामिन और सेरोटोनिन जैसे रसायनों का प्राकृतिक स्राव होता है, जो मूड को बेहतर बनाते हैं। शवासन, बालासन, विपरीतकरणी जैसे आसनों से मानसिक विश्राम मिलता है।
योग केवल व्यायाम मात्र नहीं, बल्कि स्वयं को जानने और प्रकृति को पहचानने की भी कला है। इन दोनों को यदि समझ लिया जाय तो संसार से नकारात्मक को निकाल सकारात्मकता का संचार किया जा सकता है। भारत योग की जन्मभूमि है। आज इसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है। दुनिया के हर देश में योग की चर्चा है। बता दें, भारतीय संस्कृति दुनिया की सबसे पुरानी संस्कृतियों में से एक है। भारत ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है और इन्हीं में से एक योग भी है। आज योग सिर्फ भारत की सीमाओं तक ही सीमित नहीं है बल्कि अब इसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिल चुकी है। इसे योग की महिमा ही कहा जाएगा कि आज दुनिया भर के लोग इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना रहे हैं। या यूं कहे कि स्वस्थ जीवन जीने की कला को योग कहते हैं। योग शब्द संस्कृत भाषा के युज (लनर) से लिया गया है जिसका अर्थ है एक साथ जुड़ना। यानी मन-मस्तिष्क एवं शरीर पर नियंत्रण रखने एवं खुशहाल जीवन के लिए योग काफी लोकप्रिय है। काया को स्वस्थ और निरोगी बनाए रखने के लिए योग से बेहतर कुछ नहीं। यही नहीं योग आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भी लेकर आता है। यही वजह है कि हाल के दिनों में अगर सबसे ज्यादा क्रेज किसी का देखा गया है तो वह योग है। नियमित अभ्यास के साथ, अनुलोम-विलोम ने मन की गति को साधा, सूर्य नमस्कार ने शरीर को लचीला और सक्रिय बनाया, ध्यान ने चिंताओं को धीमा और चेतना को जागृत किया। अर्थात योग से जीवन में उद्देश्य आता है, और उद्देश्य से ऊर्जा। मानसिक रोगों पर योग का प्रभाव, चिंता नहीं, चेतना का अभ्यास है।
एम्स, निमहंस जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के शोध में प्रमाणित हुआ है कि योगाभ्यास करने वाले मानसिक रोगियों की रिकवरी दर 60 फीसदी तक तेज होती है। आज योग पर रिसर्च हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, आईआईटी, डीआरडीओ और इसरो जैसे संस्थानों में हो रही है। योग करने से ब्रेन के 'प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स' की सक्रियता बढ़ती है, जिससे निर्णय क्षमता और एकाग्रता में सुधार होता है। हृदय गति और रक्तचाप को संतुलित रखने में योग प्रमुख भूमिका निभाता है। योग शरीर में 'एनके सेल्स ' को सक्रिय करता है, जिससे रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ती है। डब्ल्यूएचओ, जी-20 और सीओपी जैसे मंचों पर भारत की यह अवधारणा गूंज रही है, "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य"। यह विचार सिर्फ भाषणों तक सीमित नहीं, योग इसका व्यावहारिक स्वरूप है। योग प्राकृतिक जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है, जैसे ब्रह्ममुहूर्त में उठना, शुद्ध आहार, प्रकृति से जुड़ाव। योगाभ्यास का समूहिक आयोजन सामाजिक समरसता, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करता है। योग हमें सभी जीवों के साथ तादात्म्य का बोध कराता है। जब मनुष्य संतुलन में होगा, तभी पृथ्वी भी संतुलन में रह पाएगी, यही है योग का वैश्विक योगदान।
"योग कर्मसु कौशलम" यानी योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं, यह जीवन को सशक्त, संयमित और समर्पित करने की प्रक्रिया है। आज जब मानवता भटक रही है, तनाव, रोग, युद्ध, पर्यावरणीय आपदाएं घर कर रही है, ऐसे समय में योग सामूहिक समाधान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में जिस आत्मविश्वास से योग का प्रस्ताव रखा था, वह आज 190 से अधिक देशों में जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में योग को वैश्विक दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था। 193 देशों में से 177 ने इसका समर्थन किया। परिणामस्वरूप, 11 दिसंबर 2014 को एएनजीए ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित कर दिया। इस वर्ष योग दिवस को और भी भव्य स्वरूप में मनाने की तैयारी है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, स्वायत्त संस्थान, स्कूल, कॉलेज, आरडब्ल्यूए, और योग गुरुओं के साथ मिलकर पूरे भारत में व्यापक आयोजन हो रहे हैं। देश और विदेश के लाखों लोग इस वर्ष डिजिटल माध्यम से जुड़े रहेंगे। भारत सरकार की "डलब्लब ल्वहं च्चच" पर लाइव योग सत्र, पोस्टर प्रतियोगिताएं और क्विज का आयोजन भी होगा। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, योग शरीर के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी है। नियमित योग से डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन और मोटापा में कमी पाई गई है।
ज्वाला देवी कहती है "तीन साल पहले मुझे स्तन कैंसर हुआ। कीमोथेरेपी के दौरान शरीर और आत्मा दोनों टूट चुके थे। लेकिन जब आयुष विभाग के शिविर में योग सिखने का मौका मिला, तो शुरुआत की सिर्फ साँसों पर ध्यान देने से। धीरे-धीरे प्राणायाम और ध्यान से मन शांत हुआ। अब मैं सुबह सूर्य नमस्कार और भ्रामरी करती हूँ। आज मैं न सिर्फ स्वस्थ हूँ, बल्कि खुद योग सिखा रही हूँ।" चरनजीत कहते है "पढ़ाई का प्रेशर, घर से दूर रहना और निजी संघर्षों के चलते मैं मानसिक तनाव में चला गया। दवा और काउंसलिंग से असर कम था, लेकिन एक दिन कालेज में आयोजित योग वर्कशॉप में गया। वहां सीखा, सिर्फ शरीर नहीं, मन को भी साधना होता है। अब मैं रोज 40 मिनट योग करता हूं और जीवन में वापसी हो चुकी है।
नम्रता चौरसिया कहती है, "मैं कभी स्कूल नहीं गई, लेकिन गाँव में जब योग शिक्षक की जरूरत हुई तो आशा बहनों के साथ मुझे प्रशिक्षण मिला। योग ने न सिर्फ मेरे शरीर को लचीलापन दिया, बल्कि आत्मविश्वास भी दिया। आज मैं महिलाओं को सुबह-सुबह योग सिखाती हूँ। पहले मैं घर तक सीमित थी, आज पूरा गाँव मुझे 'योग दीदी' कहता है।

## एक और युद्ध की ओर बढ़ता विश्व

इजरायल ने जब अचानक ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया तो किसी को विश्वास भी नहीं हो रहा था कि कोई भला बिना बात के भी ऐसा खतरनाक हमला कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने भी जवाबी हमला बोल कर इजराइल की राजधानी तेल अवीव को खंडहर में तब्दील कर दिया है। हालांकि अमेरिका ने इस कार्रवाई में अपनी भागीदारी से इनकार किया है, लेकिन उसने ईरान को यह धमकी भी दी है कि यदि अमेरिका के हितों पर हमला हुआ तो ऐसा जवाब मिलेगा जैसा ईरान ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। बहरहाल, इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता के भंवर में डाल दिया है। जिस तरह से दोनों के युद्ध को लेकर लामबंदी हो रही है उससे संभावना बनती जा रही है कि यदि युद्ध जल्द नहीं रोका गया तो तीसरा विश्वयुद्ध भी हो सकता है। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि एक सिलसिला है। आने वाले दिनों में ईरान की प्रतिक्रिया को देखते हुए हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देगा। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बना कर उसके परमाणु वैज्ञानिकों को भी निशाना बनाया गया है। ईरान ने माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर इजरायल को लहूलुहान कर दिया है। इससे परेशान खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है। ताजा खबर है कि दोनों देशों की ओर से हवाई हमले जारी हैं। लेकिन इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13फीसद तक बढ़ गईं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी न हिचका जाए। इजरायल का कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। इजरायल के इन आरोपों की स्वतंत्र तौर पर तो पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन बात भी सच है कि इस मसले पर अमेरिका से ईरान की बातचीत चल रही थी। रविवार को दोनों पक्षों में अगले दौर की वार्ता होनी थी। ऐसे में इजरायल की अचानक की गई इस कार्रवाई के बाद सभी पक्षों की नजरें इस पर टिक गई हैं कि आगे क्या होता है उसे देखते हुए ही कोई कदम उठाया जाएगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई का स्वरूप कैसा और उसका दायरा कितना बड़ा होता है। यह खुद को इजरायल के खिलाफ सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रखता है या अमेरिकी दूतावासों व अन्य ठिकानों को भी जद में लेता है या होरमुज की खाड़ी से गुजरते जहाजों को भी निशाना बनाता है जहां से 21% ग्लोबल तेल की सप्लाई होती है। इसकी आशंका मात्र से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दे दी है कि उसके हितों का नुकसान हुआ तो इसका खामियाजा ईरान को भुगतना पडेगा।

## खतरनाक मोड़ लेता ईरान - इजरायल संघर्ष

**संजय सिन्हा**

ईरान पर लगातार परमाणु हमले किए जा रहे हैं। ऐसे समय में जब वाशिंगटन और तेहरान बातचीत कर रहे थे, ये हमले पूरी तरह से अवैध, लापरवाह और खतरनाक हैं। यदि बातचीत के माध्यम से परमाणु मुद्दे को हल करने की कोई संभावना थी तो इजरायल ने व्यावहारिक रूप से इसे खत्म कर दिया है। इजरायल और ईरान के बीच हमले अब भी जारी हैं। हालांकि, यह लड़ाई फिलहाल दो देशों तक ही सीमित लगती है। संयुक्त राष्ट्र समेत तमाम देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है लेकिन क्या होगा अगर उनकी बात अनसुनी हो जाए? क्या होगा अगर लड़ाई बढ़ती और फैलती है? आशंका जताई जा रही है कि अगर इजरायल या ईरान दोनों में से किसी भी एक ने तनाव कम करने को लेकर कदम नहीं उठाए तो हालात बिगड़ सकते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि ईरान अपने प्रॉक्सी की मदद से ईरान पर हमले कर सकता है।

अगर ऐसा होता है तो इजरायल एक बार फिर जवाबी कार्रवाई कर सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के सभी इनकारों के बावजूद, ईरान का स्पष्ट रूप से मानना है कि अमेरिकी सेना ने इजराइल के हमलों का समर्थन किया। कम से कम मौन समर्थन तो जरूर दिया है। ईरान मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर सकता है - जैसे इराक में अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज के कैंप, खाड़ी में सैन्य ठिकाने और क्षेत्र में अमेरिकी राजनयिक मिशन प्रमुख तौर पर निशाना बन सकते हैं। ईरान की प्रॉक्सी सेना - हमास और हिजबुल्लाह, इराक में इसके समर्थक मिलिशिया सशस्त्र हैं और हमला करने में सक्षम हैं। अमेरिका को इस तरह के हमलों की आशंका थी। यही कारण था कि अमेरिका ने मध्य पूर्व से अपने कुछ कर्मियों और उनके परिवारों को वापस बुला लिया था। अपने सार्वजनिक संदेश में अमेरिका ने ईरान को अमेरिकी ठिकानों पर किसी भी हमले के परिणामों के बारे में सख्त चेतावनी दी है। अगर कोई अमेरिकी नागरिक तेल अवीव या कहीं और मारा जाता है तो डोनाल्ड ट्रंप खुद को कार्रवाई करने के लिए मजबूर हो सकते हैं।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर लंबे समय से ईरान को हराने में मदद करने के लिए अमेरिका को घसीटने का आरोप लगाया गया है। अगर अमेरिका युद्ध में शामिल होता है तो यह एक लंबी और विनाशकारी परिणाम लेकर आएगा। अगर ईरान इजरायल की मजबूत सेना और अन्य लक्ष्यों को नुकसान पहुंचाने में विफल रहा तो वह हमेशा खाड़ी में अपने मिसाइलों को नरम लक्ष्यों पर निशाना बना सकता है, खासकर उन देशों पर जिनके बारे में ईरान का मानना है कि उन्होंने वर्षों से अपने दुश्मनों की मदद की और उन्हें बढ़ावा दिया। क्षेत्र में बहुत सारे ऊर्जा और बुनियादी ढांचे ईरान के लक्ष्य हैं। याद रखें कि ईरान पर 2019 में सऊदी अरब के तेल क्षेत्रों पर हमला करने का आरोप लगाया गया था। इसके अलावा 2022 में ईरान के प्रॉक्सी हूती विद्रोहियों ने यूएई पर कई मिसाइल हमले किए थे। हाल के वर्षों में ईरान का कुछ खाड़ी देशों से मेल-मिलाप हुआ है। इसमें यूएई, कतर, जॉर्डन, ओमान और सऊदी अरब भी शामिल हैं लेकिन ये देश अमेरिकी एयरबेस की मेजबानी भी करते हैं। कुछ ने पिछले साल ईरानी मिसाइल हमले से इजराइल की रक्षा करने में भी मदद की थी। अगर खाड़ी पर हमला हुआ, तो उसे भी अमेरिकी युद्धक विमानों की ज़रूरत पड़ सकती है जो इजरायल के साथ-साथ उसकी रक्षा के लिए भी आ सकते हैं। क्या होगा अगर ईरान की परमाणु फैसिलिटी बहुत गहराई में स्थित हों और बहुत अच्छी तरह से संरक्षित हैं? क्या होगा अगर उसका 400 किलोग्राम 60% समृद्ध यूरेनियम - परमाणु ईंधन जो पूरी तरह से हथियार-ग्रेड होने से बस एक छोटा कदम दूर है, जो दस बमों के लिए पर्याप्त है - नष्ट नहीं होता? ऐसा माना जाता है कि यह गुप्त खदानों में छिपा हो सकता है। इजरायल ने भले ही कुछ परमाणु वैज्ञानिकों को मार दिया हो, लेकिन कोई भी बम ईरान के ज्ञान और विशेषज्ञता को नष्ट नहीं कर सकता।

क्या होगा अगर इजरायल के हमले से ईरान के नेतृत्व को यह विश्वास हो जाए कि आगे के हमलों को रोकने का एकमात्र तरीका परमाणु क्षमता के लिए जितनी जल्दी हो सके, दौड़ना है? क्या होगा अगर मेज पर बैठे नए सैन्य नेता अपने मृत पूर्ववर्तियों की तुलना में अधिक हठी और कम सतर्क हों? कम से कम यह इजरायल को और अधिक हमले करने के लिए मजबूर कर सकता है जिससे संभावित रूप से क्षेत्र लगातार हमले और जवाबी हमले के दौर में बंध सकता है। इज़रायलियों के पास इस रणनीति के लिए एक क्रूर वाक्यांश है; वे इसे "घास काटना" कहते हैं।
तेल की कीमत पहले से ही आसमान छू रही है। क्या होगा अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की कोशिश की जिससे तेल की आवाजाही और भी सीमित हो गई? क्या होगा अगर - अरब प्रायद्वीप के दूसरी तरफ - यमन में हूथियों ने लाल सागर में शिपिंग पर हमला करने के अपने प्रयासों को दोगुना कर दिया? वे ईरान के आखिरी बचे तथाकथित प्रॉक्सी सहयोगी हैं जिनका अप्रत्याशितता और उच्च जोखिम की भूख का ट्रैक रिकॉर्ड है।

दुनिया भर के कई देश पहले से ही जीवन-यापन की लागत के संकट से जूझ रहे हैं। तेल की बढ़ती कीमत वैश्विक आर्थिक प्रणाली में मुद्रास्फीति को बढ़ाएगी, जो पहले से ही ट्रंप के टैरिफ युद्ध के बोझ तले दबी हुई है। और यह न भूलें कि तेल की बढ़ती कीमतों से लाभ पाने वाले एकमात्र व्यक्ति रूस के राष्ट्रपति पुतिन हैं, जो यूक्रेन के खिलाफ अपने युद्ध के लिए भुगतान करने के लिए क्रेमलिन के खजाने में अचानक अरबों डॉलर की बाढ़ देखेंगे। अगर संघर्ष खाड़ी के पानी और राज्यों में फैल जाता है तो यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी होगा, खासकर भारत के लिए जिसके लाखों नागरिक इस क्षेत्र में काम करते हैं और रहते हैं। यहूदी राज्य पर लगाम लगाने और पश्चिम एशिया में स्थिरता बहाल करने के लिए कूटनीति को फिर से शुरू करने के लिए तत्काल, समन्वित अंतर्राष्ट्रीय प्रयास होना चाहिए।

## जनसंख्या का समीकरण कमजोरी या ताकत ?


**संजीव ठाकुर**

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा ज न सं ख या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा ज न सं ख या वाला भी देश होगा,अब समय आ गया है जब देश की सरकार और समूचे जनसंख्या प्रबंधन की इकाइयों को सक्रिय होकर बढ़ती जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के बीच सामयिक संतुलन बनाकर बड़ी जनसंख्या को बोझ न मानकर एक शक्ति के रूप में स्थापित इसका सर्वाधिक दोहन राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए निहित करे,निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है कि हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम सही तरीके से विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर इसे राष्ट्र के विकास के श्रोत की तरह विकसित करें 1 भारत की युवा और दिवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए 1 अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं।

बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चीन 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है।
यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 55% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है।


विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं।
चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है।

## गुरु अर्जुन देव: वो शौर्य जो जलाया गया, मगर बुझा नहीं

**आर के जैन**

इतिहास के कुछ क्षण ऐसे होते हैं, जो समय की धारा को मोड़ देते हैं—वे न केवल एक व्यक्ति या समुदाय की कहानी कहते हैं, बल्कि मानवता की चेतना को नया आयाम देते हैं। 16 जून 1606 का दिन ऐसा ही एक अनश्वर क्षण है, जब सिक्ख धर्म के पंचम गुरु, गुरु अर्जुन देव जी ने अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा का ऐसा दीप प्रज्वलित किया, जो आज भी अन्याय के अंधेरों को चीरता है। उनका बलिदान केवल सिक्ख इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि समूची सभ्यता के लिए एक प्रकाशस्तंभ है, जो आज भी हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, सहिष्णुता अपनाने और सत्य के लिए जीने की प्रेरणा देता है। गुरु अर्जुन देव जी का बलिदान एक ऐसी ज्योति है, जो हर उस हृदय में जलती है, जो अन्याय के सामने झुकने से इनकार करता है।
गुरु अर्जुन देव जी का जन्म 15 अप्रैल 1563 को गोइंदवाल, पंजाब में हुआ। चौथे गुरु, गुरु रामदास जी और माता भानी के पुत्र, वे बचपन से ही असाधारण बुद्धिमत्ता और आध्यात्मिकता के धनी थे। 18 वर्ष की आयु में, 1581 में, उन्होंने गुरु गद्दी संभाली और अगले 25 वर्षों तक सिक्ख धर्म को न केवल एक आध्यात्मिक शक्ति बनाया, बल्कि इसे सामाजिक समानता और मानव कल्याण का प्रतीक भी बनाया। उनके नेतृत्व में सिक्ख समुदाय ने संगठित रूप लिया, और उनके कार्यों ने न केवल सिक्ख धर्म, बल्कि समूचे भारतीय समाज को एक नई दिशा दी।
गुरु अर्जुन देव जी के योगदान इतने व्यापक हैं कि उन्हें केवल एक धार्मिक गुरु कहना उनके व्यक्तित्व को सीमित करना होगा। उनके योगदानों में सबसे उल्लेखनीय है श्री हरिमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) की स्थापना। 1588 में शुरू और 1604 में पूर्ण हुआ यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि विश्व में धार्मिक समन्वय और समानता का प्रतीक बन गया। इसके चारों ओर बने चार द्वार इस संदेश को गूंजाते हैं कि ईश्वर का घर हर धर्म, हर जाति और हर वर्ग के लिए खुला है। यह उस समय के लिए एक क्रांतिकारी विचार था, जब धार्मिक और सामाजिक भेदभाव चरम पर थे। गुरु जी की दूरदर्शिता ने स्वर्ण मंदिर को न केवल सिक्खों का पवित्र तीर्थ बनाया, बल्कि इसे मानवता की एकता का जीवंत प्रतीक भी बनाया।
उनका दूसरा महान योगदान है 'आदि ग्रंथ' का संकलन, जिसे बाद में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के रूप में पूजा गया। 1604 में पूर्ण हुए इस ग्रंथ में गुरु अर्जुन देव जी ने न केवल सिक्ख गुरुओं की वाणी को संकलित किया, बल्कि हिंदू संतों जैसे कबीर, रविदास, नामदेव और मुस्लिम संतों जैसे बाबा फरीद की रचनाओं को भी शामिल किया। स्वयं गुरु जी ने इसमें 2,218 शबद और श्लोक लिखे, जो भक्ति, प्रेम, और मानवता के उच्च आदर्शों को दर्शाते हैं। यह ग्रंथ केवल धार्मिक लेखन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता का एक अनुपम दस्तावेज है। आदि ग्रंथ ने धार्मिक कट्टरता को चुनौती दी और सहिष्णुता का संदेश विश्व तक पहुंचाया।
गुरु अर्जुन देव जी का बढ़ता प्रभाव और उनकी लोकप्रियता मुगल शासक जहांगीर के लिए असहनीय थी। 'तुजुक-ए-जहांगीरी' में जहांगीर ने स्वीकार किया कि गुरु जी का प्रभाव हिंदुओं और मुसलमानों में इतना बढ़ गया था कि वह शासन के लिए खतरा बन सकता था। इसके अतिरिक्त, गुरु जी ने जहांगीर के विद्रोही पुत्र खुसरो को आशीर्वाद दिया, जिसे शासक ने राजद्रोह माना। इन कारणों से 1606 में लाहौर में गुरु जी को गिरफ्तार किया गया। उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया, पर गुरु जी ने अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए इसे ठुकरा दिया।

## लोकतंत्र गिर पड़ा ज़मीन पर


**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

संसद भवन में घण्टे की घण्टी नहीं, अब तो सीटी बजती है — जैसे कोई ट्रेन छूटने वाली हो। फर्क बस इतना है कि ट्रेन एक दिशा में जाती है और संसद की ट्रेन सारे मुद्दे छोड़कर बेपटरी हो जाती है। उस दिन भी वही हुआ — "अब हम हमारे कार्यक्रम को आरंभ करने जा रहे हैं" जैसे ही अध्यक्ष महोदय ने उदघोष किया, वैसे ही पाँच सांसद "जय जनता की वोट हमारा हक है" बोलते हुए 'सदन कूप' में कूद पड़े। कूदना इतना भावुक था जैसे कोई हीरो माँ की चिट्ठी लेकर बॉर्डर पर शहीद होने चला हो। और दर्शक दीर्घा में बैठे पत्रकारों ने कैमरा घुमा दिया — "कैमरा मैन, प्लीज़ पान से हटो, सांसद उड़ रहा है।"अब संसद के अंदर नारे नहीं, स्क्रिप्टेड संवाद होते हैं। एक पार्टी का सांसद बोला — "मुझे बोलने से रोका गया ये लोकतंत्र नहीं, ये तो 'लोक-तमाशा' है।" जवाब आया — "आपको बोलने से नहीं, समझाने से रोका गया है।" फिर एक ने कुर्सी उठाई और बोला, "आज ये कुर्सी नहीं, व्यवस्था उठेगी।" कुर्सी गिरी, व्यवस्था वहीं की वहीं रही। संसद में लोकतंत्र को गिरते हमने नहीं देखा, लेकिन गिरे हुए लोकतंत्र पर लोग उछलते जरूर देखे। उन दिनों संसद भवन में बहस कम, थप्पड़ अधिक होते थे। "थप्पड़ से डर नहीं लगता साहब, लोकतंत्र के मरने से लगता है।" औरतों को चूड़ियाँ भेजी जाती थीं, पुरुषों को सीटी। विरोध का स्तर ऐसा था कि लगता संसद नहीं, मुहल्ले की चौपाल हो। गाली पहले दी जाती थी, फिर माइक बंद किया जाता था।

एक सांसद ने कहा — "माइक बंद करने से मेरी आवाज़ नहीं रुकेगी।" अध्यक्ष मुस्कराए — "क्योंकि आवाज़ में अकल नहीं है।" एक बार तो दृश्य ऐसा हुआ कि एक सांसद फर्श पर लेटकर रोने लगे — "मुझे मत रोको, मैं राष्ट्र के लिए रो रहा हूँ।" और साथ में उनका मोबाइल गिर पड़ा जिसमें रील चल रही थी — "बैकग्राउंड में दर्द भरा गाना बज रहा था।" पत्रकार ने पूछा — "क्या आपको सदन से निष्कासित किया गया है?" उन्होंने कहा — "नहीं, मैं खुद चला जाऊँगा मेरी आत्मा को कष्ट है।" आत्मा भी उस दिन टेबल के नीचे छिपकर बिलख रही थी। राज्यसभा में तो हालात और गंभीर थे। वहाँ सदस्य सूट-बूट में आते थे, लेकिन भाषण देने के समय आवाज़ निकलती थी — "हमें खून चाहिए, खून!" यह सुनकर एक बुज़ुर्ग सांसद बोले — "बेटा, देश का खून तो पहले ही सूख चुका है, अब क्या दाढ़ी निचोड़ोगे?" फिर सारे सदस्य बोले — "अब बोलने की बारी हमारी है" और एक साथ नारे लगने लगे — "संविधान खतरे में है।" एक अनुभवी सांसद बोले — "संविधान तुम्हारे बोलने से नहीं, तुम्हारे बोलने की शैली से खतरे में है।"
कभी एक दिन ऐसा भी आया जब एक सांसद अपने बेटे की स्कूल की रिपोर्ट कार्ड लेकर संसद आ गए — "देखिए! हमारा बच्चा भी फेल हो गया, क्योंकि सरकार ने शिक्षा नीति नहीं बदली।" विपक्षी सांसद ने ताली बजाई — "यह तो साबित करता है कि सरकार और संतानों में कोई फर्क नहीं।" बच्चा वहीं खड़ा था — "पापा, मुझे क्यों लपेट रहे हो?" जवाब आया — "बेटा, राजनीति सब कुछ लपेट लेती है — सच, झूठ, घर, स्कूल, सबकुछ।"



# आएगा 'सिंधु' का पानी, अमित शाह का बड़ा ऐलान

## बनेंगी 200 किमी लंबी नहरें और 12 सुरंगें

## *किसानों की होगी बल्ले-बल्ले*







जयपुर, 15 जून (एजेंसियां)। सिंधु जल समझौता निलंबित करने के बाद पश्चिमी नदियों (झेलम-चिनाब-सिंधु) से पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोककर सिंधु-चिनाब का पानी राजस्थान तक लाने के लिए तेजी से काम शुरू हो गया है। अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की इस घोषणा ने इस खबर पर औपचारिक तौर पर मोहर लगा दी है। जलशक्ति मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सरकार ने चिनाब, रावी, व्यास और सतलज लिंक नहर परियोजना के निर्माण के लिए पूर्व संभाव्यता (प्री-फिजिबिलिटी) अध्ययन शुरू कर दिया है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश के पंचवटी में भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में पहले दिन सांसद और विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि तीन साल में सिंधु के जल को नहरों से राजस्थान के श्रीगंगानगर तक लाया जाएगा। इससे राजस्थान के बड़े भू-भाग में सिंचाई की सुविधा मिलेगी और पाकिस्तान बूंद-बूंद के लिए तरसेगा।

**200 किलोमीटर लंबी नहरें और 12 सुरंग**

प्रारंभिक आंकलन के अनुसार, 200 किलोमीटर लंबी नहरें और 12 सुरंगें बनाकर पश्चिमी नदियों के पानी का इस्तेमाल किया जाएगा। सरकार ने सिंधु नदी बेसिन से जुड़े सभी प्रोजेक्ट को तेजी से मंजूरी देने का फैसला किया है। जल्द से जल्द पर्यावरण मंजूरी देने की बात कही गई है। सिंगल विंडो सिस्टम पर काम हो रहा है। सिंधु नदी बेसिन से जुड़े एक-एक प्रोजेक्ट पर भारत आगे बढ़ेगा और पाकिस्तान की हलक सूखते चले जाएंगे।

# आरएएस मुख्य परीक्षा और एसआई भर्ती मुद्दे पर बेनीवाल और किरोड़ीलाल मीणा आमने-सामने, जुबानी जंग तेज





जयपुर, 15 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में इन दिनों युवाओं के मुद्दों पर दो बड़े नेताओं के बीच सियासी जंग तेज हो गई है। एक तरफ कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा हैं, तो दूसरी ओर नागौर सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी संयोजक हनुमान बेनीवाल। दोनों ही नेता आरएएस मुख्य परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने और एसआई भर्ती परीक्षा को रद्द कराने को लेकर युवाओं के समर्थन में दिखाई दे रहे हैं, लेकिन एक-दूसरे पर कटाक्ष भी कर रहे हैं।

आरएएस मुख्य परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर धरना दे रहे छात्र सोमवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के सरकारी आवास पहुंचे। छात्रों ने डॉ. किरोड़ी से अनुरोध किया कि वे इस मुद्दे को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक पहुंचाएं। मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि वे छात्रों की मांगों को सरकार के समक्ष रखने के लिए तैयार हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि गर्मी के इस मौसम में धरना देते समय सावधानी रखें, धूप में बैठने की बजाय छांव में रहें और अपनी सेहत का ध्यान रखें। हनुमान बेनीवाल के बड़े धरने और रैलियों पर टिप्पणी करते हुए डॉ. किरोड़ी ने कहा कि लोकतंत्र में सिर गिने जाते हैं। उन्होंने बड़ी रैली की थी, उतनी ही संख्या में लोगों को लेकर धरने पर बैठेंगे तो एक बड़ा संदेश जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे किसी भी स्थिति में सरकार के खिलाफ चल रहे किसी धरने में नहीं जा सकते, क्योंकि वे सरकार का हिस्सा हैं। डॉ. किरोड़ी ने यह भी जोड़ा कि बेनीवाल बड़े नेता हैं, वे जो चाहें बयानबाजी कर सकते हैं मैंने हमेशा उनका साथ दिया है।

एसआई भर्ती परीक्षा घोटाले को लेकर डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि उन्होंने इस मामले में कई बार एसओजी के दफ्तर जाकर दबाव बनाया, जिसके चलते 56 एसआई और 2 आरपीएससी के सदस्य जेल गए। उन्होंने पुनः अपनी पुरानी मांग दोहराते हुए कहा कि एसआई भर्ती परीक्षा रद्द होनी चाहिए।

इधर डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के बयानों पर हनुमान बेनीवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि डॉ. साहब मेरे बयान के बाद ही धरना स्थल पर पहुंचे। यदि मैं बयान नहीं देता तो वे धरने पर नहीं जाते। उन्होंने सवाल उठाया कि डॉ. मीणा का मुकाबला बेनीवाल से है, मुख्यमंत्री से है या फिर कांग्रेस से? उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. मीणा सिर्फ जयपुर में रहकर धरने करना चाहते हैं, जबकि वे स्वयं पूरे प्रदेश का दौरा कर युवाओं के मुद्दों को उठा रहे हैं। हनुमान बेनीवाल ने कहा कि वे एसआई भर्ती के पीड़ित अभ्यर्थियों को प्रधानमंत्री से मिलवाने ले जा रहे हैं, जबकि डॉ. मीणा ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि डॉ. साहब को आज प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक मिलने का समय नहीं मिल रहा है। उन्होंने डॉ. किरोड़ीलाल मीणा की उम्र का जिक्र करते हुए कहा कि अब उन्हें राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए। साथ ही एसआई भर्ती रद्द को लेकर बेनीवाल ने दो टूक कहा, एसआई भर्ती परीक्षा रद्द करवाकर ही रहूंगा।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का बड़ा ऐलान

# पहले शिक्षकों के नए पद करेंगे सृजित, फिर खोलेंगे स्कूल

कोटा, 15 जून (एजेंसियां)। मेधावी विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल है। शिक्षा में संस्कार का समावेश बहुत जरूरी है। माता-पिता अपने बच्चों की आदतों पर नजर रखें और छोटी सी गलती पर भी उन्हें टोकें, ताकि बच्चे सही दिशा में अपनी पूरी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ सकें। संस्कारयुक्त शिक्षा ही हमें पूर्ण शिक्षित बनाती है। शिक्षा मंत्री दिलावर ने प्रदेश में बढ़ते तापमान, तेजी से कम होते भूजल और वृक्षों की कम संख्या और प्लास्टिक के नुकसान पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या के सामने पौधे और भूजल संसाधन सिमटते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण में सरकार गड्ढा खोदने व अधिक पौधे होने पर मनरेगा से सिंचाई व देखभाल के लिए श्रमिक भी नियुक्त करेगी। उप महाप्रबंधक पंकज जैन और सम्पादकीय प्रभारी जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया।

**पद सृजित कर खोलेंगे विद्यालय**

शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि अब प्रदेश में पहले शिक्षकों के पद सृजित कर भर्ती की जाएगी, इसके बाद विद्यालय खोले जाएंगे। इसके तहत 60 हजार शिक्षकों की भर्ती कर रहे हैं। इसमें से 30 हजार शिक्षकों की भर्ती कर ली है। इसी प्रकार प्रदेश में गत सरकार के समय अटके प्रमोशन भी डीपीसी के जरिए किए जा रहे हैं। 35 हजार प्रमोशन हो चुके हैं, 21 हजार प्रमोशन प्रकिया में हैं।

**पेपर लीक से निपटने को एक परीक्षा के 15 पेपर**

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पेपर लीक से निपटने के लिए अलग-अलग शिक्षकों से 15 पेपर तैयार किए जाएंगे। इसमें से कोई एक पेपर परीक्षा में दिया जाएगा। ऐसे में पेपर लीक की आशंका समाप्त हो जाएगी।



**रिटोटलिंग के साथ अब रिचैकिंग का प्रावधान**

शिक्षा मंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में रिटोटलिंग के साथ रिचैकिंग का प्रावधान भी लागू किया है। इससे विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। बोले-बच्चे बेहद संवेदनशील होते हैं। कई बार कम अंकों के कारण उन्हें ठेस पहुंचती है। यदि बच्चे ने वास्तव में प्रश्न पत्र सही हल किया है तो रिचैकिंग में उसके साथ न्याय हो सकेगा। इसके लिए फिलहाल गणित विषय से पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। जो सफल होने पर सभी विषयों में लागू कर दिया जाएगा।

**सात सौ से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान**

समारोह में शिक्षा मंत्री दिलावर, विधायक शर्मा, आकाश इंस्टीट्यूट के रीजनल डायरेक्टर दीक्षित, केबीएस ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर डॉ. प्रवीण गुप्ता, सेंट जोसेफ ग्रुप से डॉ. अजय शर्मा, जय मीनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी से कुलपति डॉ. डीपी तिवारी, जेएलएन संस्कार स्कूल से चेयरमैन अशरफ बैग एवं डायरेक्टर डॉ. अमन मिर्जा, गो प्ले स्पोर्ट्स क्लब एंड अकेडमी के रजनीश न्याती समेत अतिथियों ने 10वीं की हाड़ौतीभर की 700 से ज्यादा प्रतिभाओं को गोल्ड मेडल और प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया। संचालन डॉ. पंकज खंडेलवाल और अंकिता खंडेलवाल ने किया।

# रेलवे स्टेशन से अगवा हुआ डेढ़ साल का बच्चा सकुशल मिला, आरोपी गिरफ्तार

जयपुर, 15 जून (एजेंसियां)। जयपुर रेलवे स्टेशन के पास पार्क से अगवा किए गए डेढ़ वर्षीय बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चे की पहचान राज ठाकुर पुत्र जीतू ठाकुर निवासी ग्राम गढ़ी परसोती, थाना सुरीर, जिला मथुरा के रूप में हुई है। घटना के पीछे के क्राइम एंगल ने न केवल स्थानीय प्रशासन को सतर्क कर दिया, बल्कि आम लोगों में भी भारी आक्रोश फैलाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अब उससे गहन पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी ने बच्चे को उस समय अगवा किया जब वह रेलवे स्टेशन के नजदीक पार्क में परिजनों से कुछ ही दूरी पर खेल रहा था। संदिग्ध की पहचान एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति के रूप में हुई है, जो हल्के स्काई ब्लू रंग की शर्ट और गहरे रंग की पैंट पहने हुए था। वह बच्चे को बहला-फुसलाकर वहां से ले गया। बच्चे के शरीर पर गहरे नीले रंग की शर्ट थी, जो दूर से काली नजर आती थी और उस पर सफेद निशान भी थे। चौंकाने वाली बात यह थी कि बच्चे ने नीचे कुछ नहीं पहन रखा था, जिससे उसकी पहचान आसानी से हो सके। घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी पश्चिम के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई। सोशल मीडिया और पुलिस नेटवर्क के माध्यम से संदिग्ध की तस्वीर सार्वजनिक की गई। सूचना देने वाले को 25,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की गई थी।

स्थानीय लोगों और रेलवे स्टेशन के आसपास सक्रिय मुखबिर तंत्र की सतर्कता से आरोपी को चिन्हित कर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बच्चा उठाने की बात कबूली और बताया कि वह उसे किसी और को बेचने की फिराक में था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण और बच्चों की तस्करी से संबंधित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। थाना सदर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। यह भी जांच की जा रही है कि कहीं वह किसी संगठित गिरोह का हिस्सा तो नहीं।

डीसीपी पश्चिम ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा, "हमारे लिए बच्चे की सुरक्षा सर्वोपरि थी। टीम ने बेहद संवेदनशीलता और प्रोफेशनलिज्म के साथ कार्रवाई की और बच्चा सकुशल बरामद हो गया। आरोपी को पकड़ लिया गया है और उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चेतावनी बनकर सामने आई है। माता-पिता से अपील की गई है कि सार्वजनिक स्थानों पर बच्चों पर विशेष निगरानी रखें। रेलवे स्टेशन जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में बच्चा उठाया जाना बड़ी चूक थी, लेकिन पुलिस की तेजी और लोगों के सहयोग से एक बड़ा हादसा टल गया।

# रात से लापता युवक का पहाड़ी पर मिला शव

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका; एफएसएल की टीम पहुंची

चित्तौड़गढ़, 15 जून (एजेंसियां)। चित्तौड़गढ़ जिले के मंडफिया थाना क्षेत्र ने आने वाले टांडीखेड़ा गांव में लापता एक युवक का शव गांव की ही एक पहाड़ी पर मिला है। शव पर रक्त बहता देख ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुवे शव को नहीं उठाने दिया है। करीब पांच घंटे से शव पहाड़ी पर ही पड़ा हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर वारदात का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार की मांग कर रहे हैं।

मंडफिया थाना क्षेत्र में आने वाले टांडीखेड़ा गांव निवासी कालू (36) पुत्र झमकलाल शर्मा घर नहीं पहुंचा था। इसके पुत्र किशन ने फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला था। ऐसे में रविवार सुबह किशन अपने पिता की तलाश में निकला। सुबह करीब 6 बजे खेत के रास्ते पर पहाड़ी के पहले इसके पिता की बाइक पड़ी हुई थी। इस पर आशंका होने पर किशन पहाड़ी पर गया और तलाश की। यहां पिता के मोबाइल पर उसने फोन किया तो कुछ दूरी पर स्थित एक पेड़ के यहां घंटी की आवाज सुनाई दी। किशन ने पेड़ के यहां जाकर देखा तो पिता का शव पड़ा हुआ था। इस पर यह हतप्रभ रह गया। इसकी सूचना पर टांडी खेड़ा, टोकरिया धनेत, पोटला, आक्या सहित कई गांव के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। मंडफिया थाना पुलिस को भी सूचना दी गई।

पुलिस ने जांच कर तलाशी ली तो बाइक की चाबी कालू की जेब में ही पड़ी थी। इसके कमर, सिर एवं पीठ पर चोट के निशान थे और रक्त बह रहा था। ऐसे में परिजनों व ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई। मामले की जानकारी मिलने पर बड़ीसादड़ी पुलिस उप अधीक्षक के अलावा मंडफिया थानाधिकारी गोकुल डांगी मौके पर पहुंचे। यहां ग्रामीणों से बात कर घटना के बारे में जानकारी ली। बाद में भीलवाड़ा से एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, जिसने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मौके से शव को मंडफिया चिकित्सालय पहुंचने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण विरोध में उतर गए। ग्रामीणों ने मांग की है कि वारदात का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाए तभी शव को यहां से हटाया जाएगा। मौके पर रामसिंह आक्या, मदन जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे हैं।

इस पूरे प्रकरण के बाद पुलिस ने परिजनों से बात की है। साथ ही इसके मोबाइल को भी खंगाला है। इसमें सामने आया कि मृतक कालू को खेत पर जेसीबी चलवानी थी। इसके लिए जेसीबी वाले से बात की थी, लेकिन उसने बरसात का मौसम होने के कारण आने से मना कर दिया था।

# शुरू होगा 'भारी बारिश' का दौर

## प्री-मानसून दिखाएगा असर

जयपुर, 15 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में प्री-मानसून का दौर शुरू हो गया है। राजस्थान व आसपास में एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है और एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हैं। इसका असर देखने मिला। उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, कोटा, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद मेघगर्जन, आकाशीय बिजली चमक व आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। वहीं, उदयपुर, राजसमंद, चित्तौडगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ जिलों के आसपास के क्षेत्र में रविवार को कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा राज्य में आंधी बारिश की गतिविधियां आगामी दिनों में जारी रहेंगी। मौसम केन्द्र ने 20 जून से राज्य में भारी बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने अगले 120 मिनट के लिए श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनू जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों मे अलग-अलग स्थानों पर मेघगर्जन के हल्की वर्षा, आकाशीय बिजली और कहीं-कहीं पर तेज़ सतही हवा (30-40) की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं मेघगर्जन, वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। साथ ही पूर्वी राजस्थान में भी कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा सागवाड़ा (डूंगरपुर) में 72 मिलीमीटर दर्ज की गई। पश्चिमी राजस्थान में कहीं कहीं उष्ण लहर दर्ज की गई।

राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर व चूरू में 46.5 डिग्री दर्ज किया गया । सर्वाधिक न्यूनतम तापमान बीकानेर में 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# धर्म बदलने का बनाया दबाव, पूजा-पाठ तक करने से रोका, महिला ने की आत्महत्या



अलवर, 15 जून (एजेंसियां)। अलवर जिले के खैरथल के गांव तालिमपुर में ससुराल पक्ष के धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने पर विवाहिता के पीहर में आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। महिला के फोन से पीहर में बना वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। उसके बाद आत्महत्या कर ली। वीडियो में दहेज की मांग व आत्महत्या को उकसाने का भी आरोप लगाया गया है।

पुलिस के अनुसार, गांव तालिमपुर निवासी मंजा देवी की शादी जनवरी 2025 में खैरथल जिले के बस्सी थाना क्षेत्र स्थित पड़ीसल निवासी लक्ष्मण राजपूत से हुई थी, लेकिन विवाह के कुछ दिन बाद ही ससुराल में झगड़े होने लगे। विवाद के चलते मृतका पीहर तालिमपुर आ गई थी। वीडियो में मृतका ने आरोप लगाया है कि मंजा पर उसके ससुरालवालों ने बार-बार ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया।

उसने खुद को सनातन की बेटी बताते हुए धर्म परिवर्तन से साफ इनकार किया तो मानसिक और शारीरिक उत्पीडन होने लगा। पूजा-पाठ तक करने से रोका गया। दहेज की मांगों का बोझ डाला गया। मंजा का वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है। वीडियो में उसने ससुराल वालों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। पिता उदय सिंह ने थाने में परिवाद दिया है।

**मकानों पर ताले लगा फरार हुए आरोपी**

मृतका के पिता उदय सिंह ने बताया कि बेटी की पीड़ा जानने के बाद वे समाज के पंच-पटेलों के साथ ससुराल पहुंचे, लेकिन वहां ताले मिले। ससुरालजन सब कुछ छोडकर भाग चुके थे। इस असहनीय अपमान और सामाजिक तिरस्कार से पीड़ित मंजा ने अपने पीहर गांव तालिमपुर में अगले ही दिन आत्महत्या कर ली। परिजनों ने ससुरालवालों पर आत्महत्या को मजबूर करने के आरोप लगाए हैं। सदर थाना पुलिस ने धर्म परिवर्तन के दबाव और दहेज प्रताडना के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अफीम, डोडा पोस्त और अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, पांच आरोपी गिरफ्तार

जालौर, 15 जून (एजेंसियां)। जालौर जिले के सांचौर थाना क्षेत्र में ऑपरेशन भौकाल के तहत पुलिस ने को अलग-अलग चार बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी में लिप्त 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एसपी ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में, थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह कच्छवाह के नेतृत्व में गठित टीमों ने चार अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ और शराब बरामद की।पुलिस ने दबीश देकर की गई कार्रवाई में 950 ग्राम अफीम का दूध, 9.396 किलोग्राम डोडा पोस्त,145 ग्राम निर्मित अफीम व 3 कार्टून देशी शराब की जब्त, 4 अलग-अलग कार्रवाइयों में आरोपी बाबूलाल, डूंगराराम, लाखूसिंह, ईशराराम व विशनाराम को गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई सांकड क्षेत्र में की गई, जहां आरोपी बाबूलाल विश्नोई के पास से 950 ग्राम अफीम का दूध और 4.9 किलो डोडा पोस्त जब्त हुआ। दूसरी कार्रवाई रमेश कॉलोनी में की गई, जहां डूंगराराम प्रजापत के पास से 145 ग्राम निर्मित अफीम और 415 ग्राम डोडा चूरा मिला।

# कारौली बाग के पास भीषण सड़क हादसा

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से तीन की मौत, पांच गंभीर रूप से घायल

अलवर, 15 जून (एजेंसियां)। जिले के सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्थानीय कारौली बाग के समीप बीती रात करीब 9 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया।

सदर थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक बंसीलाल ने बताया कि रविवार रात करीब 8:45 बजे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में मुंडिया खेड़ा गांव निवासी प्रवीण कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विजय कुमार को गंभीर हालत में अलवर से रैफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। वहीं तीसरा व्यक्ति संजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जयपुर रैफर किया गया है।

हादसे में कार चालक की भी मौके पर मौत हो गई और कार में सवार अन्य चार लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

### जीरा व्यापारी से सात लाख रुपये की लूट का इनामी आरोपी गिरफ्तार

अजमेर, 15 जून (एजेंसियां)। आरोपी ब्यावर सदर व सिटी थाना पुलिस के अलावा अजमेर के रामगंज पुलिस का भी वांछित हैं। ब्यावर सिटी पुलिस ने उस पर हत्या के मामले में 5 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। पीसांगन थानाधिकारी प्रहलाद सहाय मीणा के मुताबिक गत 8 अगस्त को आनंदपुर कालू निवासी गोपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि वह पिकअप से अपने चालक के साथ जयपुर मंडी में जीरा बेचकर 7 लाख रुपये लेकर आनंदपुर कालू लौट रहा था।

# तीन फर्जी अनुबंधों से 23 लाख की ठगी

## महिला ने बुआ की जमीन बेचकर रचाया बड़ा फर्जीवाड़ा; 3 गिरफ्तार

चित्तौड़गढ़, 15 जून (एजेंसियां)। किसी और की कृषि भूमि को अपनी बताकर पांच लोगों से तीन अलग-अलग विक्रय अनुबंधों के जरिए 23 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता महिला समेत तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी महिला ने अपनी ही बुआ की बेटी की कृषि भूमि को उसकी जानकारी के बिना तीन बार बेचने का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लिए। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि निम्बाहेड़ा निवासी दीपक शारदा पुत्र महेशप्रकाश शारदा ने 14 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया कि 4 जुलाई 2023 को लसड़ावन निवासी मंजू कंवर पत्नी भैरू सिंह एक कृषि भूमि बेचने के इरादे से दीपक शारदा और देवीलाल जाट के पास आई। उसने अम्बानगर क्षेत्र में स्थित लगभग आठ बीघा कृषि भूमि को 25 लाख रुपये में बेचना बताया और अनुबंध देवीलाल की पत्नी अंजु और दीपक के नाम से करवाया।

# पीयूष गोयल ने चंद्रबाबू नायुडू से मुलाकात की



अमरावती, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज शहर में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायुडू से मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों के बीच राज्य में विभिन्न वाणिज्यिक फसलों और एक्वा किसानों की कठिनाइयों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने एचडी बर्ले तंबाकू खरीद, कच्चे पाम तेल पर आयात शुल्क में कमी, एक्वा निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ और आम के गूदे पर जीएसटी में कमी जैसे मुद्दों पर चर्चा की। सीएम चंद्रबाबू ने केंद्रीय मंत्री को राज्य की स्थिति और इन मुद्दों पर किसानों के सामने आने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इन कठिनाइयों को दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से भी अवगत कराया और इन मुद्दों पर केंद्र सरकार से सहयोग मांगा। सीएम चंद्रबाबू ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि चालू सीजन में एचडी बर्ले और सफेद जौ तंबाकू की खेती करने वाले किसानों को कीमतों में गिरावट के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने तंबाकू खरीद के लिए पहले ही कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसके तहत सीएम ने बताया कि 300 करोड़ रुपये की लागत से 20 मिलियन किलोग्राम तंबाकू खरीदने का फैसला किया गया है। इस संबंध में बताया गया कि एपी मार्क फेड के माध्यम से बापटला, गुंटूर, पालनाडु और प्रकाशम जिलों में सात खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि खरीद के लिए तंबाकू बोर्ड के माध्यम से 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएं। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि वर्तमान में आंध्र प्रदेश में 1.31 लाख हेक्टेयर में तंबाकू की खेती की जाती है और पिछले साल की तुलना में इस साल खेती का रकबा बढ़ा है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तंबाकू की मांग में कमी के कारण किसानों को कीमतों के मामले में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सीएम चंद्रबाबू ने राज्य में तंबाकू उत्पादन और विपणन को तंबाकू बोर्ड के दायरे में लाने के लिए कानून में संशोधन करने को कहा है।

## जंगली हाथी के हमले में मौत

आसिफाबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। महाराष्ट्र सीमा पर चंद्रपुर जिले की सिंदेवाही तहसील के जाटलापुर गांव में आज सुबह एक दर्दनाक घटना घटी, जिसमें एक ग्रामीण की जंगली हाथी के हमले में मौत हो गई। मृतक का नाम मारोती कवडू मसराम (65) बताया गया है।

मारोती मसराम आज सुबह गांव के कुछ अन्य लोगों के साथ गांव से लगे खेतों की ओर गया था। इसी दौरान वह शौच के लिए खेत के पास गया और तभी वहां पर अचानक जंगली हाथियों का झुंड आ पहुंचा। हाथियों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।



सब्यसाची घोष, आईएएस, विशेष मुख्य सचिव, पशुपालन, डेयरी विकास ने आज मंत्री श्री वक्ति श्रीहरि से उनके आवास पर मुलाकात की।

# तुर्किये बोला– अहमदाबाद हादसे में हमारी कंपनी का लेना–देना नहीं

## झूठ फैलाकर संबंध खराब करने की कोशिश, बाबा रामदेव का आरोप- प्लेन की मेंटेनेंस टर्किश कंपनी ने की

अहमदाबाद, 15 जून (एजेंसियां)। तुर्क्रिये ने रविवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश में टर्किश टेक्निक कंपनी पर लगाए आरोप को नकार दिया। तुर्क्रिये सरकार ने कहा कि कंपनी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का मेंटेनेंस नहीं करती है।

तुर्किये के डायरेक्टरेट ऑफ कम्युनिकेशन सेंटर फॉर काउंटरिंग डिसइन्फॉर्मेशन ने कहा, यह दावा बिल्कुल गलत है कि हमारे देश की कंपनी ने क्रैश प्लेन का मेंटेनेंस किया था। भारत–तुर्किये के संबंधों को खराब करने के लिए झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है।

दरअसल, 14 जून को बाबा रामदेव ने कहा था– मुझे ये पता चला है कि तुर्किये की एक एजेंसी विमानों में मेंटेनेंस का काम करती है। कहीं तुर्किये ने तो इसके जरिए दुश्मनी तो नहीं निकाली। उधर विपक्ष भी इस हादसे पर साजिश की आशंका जता रहा है।

गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून की दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया था। प्लेन सवार 241 लोगों की मौत हुई है। एक जीवित बचा है। प्लेन जिस हॉस्टल बिल्डिंग से टकराया था, वहां से 29 शव मिले हैं। कुल शवों की संख्या 270 हो गई है।

**तुर्किये की ओर से जारी पूरा बयान...**

दावा कि एअर इंडिया का जो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, उसकी मेंटेनेंस टर्किश टेक्निक ने की थी। गलत है। यह तुर्किये और भारत के संबंधों को प्रभावित करने के उद्देश्य से फैलाई गई भ्रामक जानकारी है। एयर इंडिया और टर्किश टेक्निक के बीच 2024 और 2025 में जो एग्रीमेंट हुए थे, वे सिर्फ बी777 वाइड–बॉडी वाले मेंटेनेंस के रखरखाव से जुड़े हैं।

जो विमान (बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर) हादसे का शिकार हुआ, वह इस एग्रीमेंट के दायरे में नहीं आता। अब तक तुर्की तकनीक ने एयर इंडिया के इस प्रकार के किसी भी विमान का मेंटेनेंस नहीं किया है। हमें यह जानकारी है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान का आखिरी बार किस कंपनी ने रखरखाव किया था, लेकिन अनावश्यक अटकलों से बचने के लिए हम इस पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करेंगे।

गलत जानकारी को रोकने वाले सेंटर फॉर काउंटरिंग डिसइन्फॉर्मेशन ऐसे सभी प्रयासों पर नजर बनाए हुए है जो हमारे प्रमुख ब्रांड्स की प्रतिष्ठा को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नुकसान पहुंचा सकते हैं। तुर्किये की जनता की ओर से हम भारत की इस दुखद विमान दुर्घटना पर गहरा शोक प्रकट करते हैं।

# कभी आर्मी में राइफलमैन थे, अब बने लेफ्टिनेंट साहब

## कश्मीरी युवाओं के लिए मिसाल बने इमरान के जुनून को सैल्यूट है

देहरादून, 15 जून (एजेंसियां)। देहरादून में इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आईएमए) से एक अनोखी कहानी सामने आई है। यह कहानी हिम्मत, लगन और ऊंची उड़ान भरने की इच्छाशक्ति की मिसाल है। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के 27 साल के इमरान अहमद ने शनिवार को आईएमए में अफसर की वर्दी पहनी। इमरान कभी भारतीय सेना में राइफलमैन थे। अब वह स्पेशल कमीशंड ऑफिसर (एससीओ) स्कीम के तहत लेफ्टिनेंट बन गए हैं। उन्होंने 2017 में सेना ज्वाइन की थी।

इमरान ने गुजरात और जम्मू–कश्मीर के उरी सेक्टर में अपनी सेवाएं दीं। अपनी सर्विस के दौरान उन्हें अपने कंपनी कमांडर, लेफ्टिनेंट नीरज जोशी से प्रेरणा मिली। लेफ्टिनेंट जोशी ने ही उन्हें एससीओ स्कीम के बारे में बताया था। यह स्कीम सैनिकों को अफसर बनने का रास्ता दिखाती है। इस विचार से उत्साहित होकर इमरान ने सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) की तैयारी शुरू कर दी। उन्होंने एसएसबी को सफलतापूर्वक पास कर लिया।

इमरान ने कहा, यह आसान नहीं था। उन्होंने आगे कहा, लेकिन सबसे आगे रहकर नेतृत्व करने के सपने ने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इमरान दो छोटी बेटियों के पिता हैं। उन्होंने कश्मीर के युवाओं से सेना को एक अच्छा और सम्मानजनक करियर विकल्प मानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, वर्दी में देश की सेवा करने से बड़ा कोई गर्व नहीं है।

उनकी यह उपलब्धि सिर्फ उनकी नहीं है। यह उनके पूरे परिवार के लिए गर्व की बात है। उनके पिता आईटीबीपी से रिटायर्ड हैं। उनका छोटा भाई, आमिर अहमद भी सेना में राइफलमैन के पद पर कार्यरत है। इमरान की पत्नी, शाजिया उस समय उनके साथ खड़ी रहीं जब उन्होंने इंडियन आर्मी में अफसर बनने के लिए 'अंतिम पथ' नामक अंतिम रस्म पूरी की। एक समय था, जब इमरान यहाँ एक जवान के रूप में सेवा करते थे।

शाजिया ने कहा, मुझे अपने पति पर बहुत गर्व है। कुछ बड़ा हासिल करने के उनके समर्पण और दृढ़ संकल्प ने उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। इमरान अहमद की कहानी वाकई प्रेरणादायक है। उन्होंने दिखा दिया कि अगर मन में कुछ करने की ठान लो तो कुछ भी नामुमकिन नहीं है। इमरान ने कश्मीर के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अब समय बदल गया है। वे भी सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि सेना में करियर बनाना एक बहुत ही सम्मानजनक काम है।

इमरान अहमद, जो कभी एक साधारण सैनिक थे, अब एक अफसर बन गए हैं। यह बदलाव उनकी कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है। एससीओ स्कीम ने उन्हें यह मौका दिया। यह स्कीम उन सैनिकों के लिए है जो अफसर बनना चाहते हैं। लेफ्टिनेंट नीरज जोशी ने इमरान को एससीओ स्कीम के बारे में बताया। उन्होंने इमरान को प्रेरित किया कि वह भी अफसर बन सकते हैं। इमरान ने उनकी बात मानी और एसएसबी की तैयारी शुरू कर दी।

एसएसबी एक बहुत ही मुश्किल परीक्षा है। इसमें कई तरह के टेस्ट होते हैं। इन टेस्ट में पास होने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। इमरान ने दिन–रात पढ़ाई की और आखिरकार एसएसबी को पास कर लिया। जब इमरान ने आईएमए में अफसर की वर्दी पहनी तो उनके परिवार वाले बहुत खुश हुए। उनकी पत्नी शाजिया ने कहा कि उन्हें अपने पति पर बहुत गर्व है।

# इजराइल ने ईरानियों से कहा– मिलिट्री लोकेशन खाली करो

## रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया, तेहरान में कश्मीरी स्टूडेंट्स घायल, ईरान ने इजराइली रिफाइनरी पर मिसाइलें दागीं

तेहरान/तेल अवीव, 15 जून (एजेंसियां)। ईरान और इजराइल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक–दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों के बीच बीते 3 दिनों से संघर्ष जारी है। इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है।

आईडीएफ के कर्नल अविचय अद्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजराइल ने ईरान के तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत कई ठिकानों पर हमले किए हैं। इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को भी निशाना बनाया है। पिछले तीन दिनों के दौरान इजराइली हमले से ईरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं।

इजराइल ने रविवार दोपहर तेहरान के हुजत दोस्त अली हॉस्टल पर हमला किया, जिसमें कुछ कश्मीरी स्टूडेंट्स घायल हुए हैं। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 14 इजराइली मारे गए हैं और 380 घायल हैं।

# हेलिकॉप्टर क्रैश में मारे गए पायलट का आखिरी मैसेज क्या

## चार महीने पहले घर आई थी दोहरी खुशी; अब मातम



जयपुर, 15 जून (एजेंसियां)। उत्तराखंड के केदारनाथ के पास गौरीकुंड क्षेत्र में रविवार सुबह हुए हेलिकॉप्टर हादसे में जयपुर निवासी पायलट राजवीर सिंह (37 वर्ष) की मौत हो गई। वे बीते 9 महीने से आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए उड़ान भर रहे थे। हादसे में कुल 7 लोगों की जान गई है। राजवीर सिंह सेना से लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से रिटायर हुए थे और 14 वर्षों तक भारतीय सेना में सेवाएं दे चुके थे। हादसे की जानकारी के बाद से पूरे परिवार में मातम पसरा है।

**आखिरी मैसेज के कुछ ही मिनट बाद हुआ क्रैश**

रविवार सुबह करीब 5:20 बजे, राजवीर ने कंट्रोल रूम को आखिरी मैसेज भेजा था। उन्होंने कहा कि लैंडिंग के लिए लेफ्ट टर्न कर रहा हूं। इसके कुछ ही क्षण बाद हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। क्रैश गौरीकुंड के घने जंगलों में हुआ। गढ़वाल रेंज के आईजी के अनुसार, सभी शव बुरी तरह जल चुके हैं, जिससे पहचान मुश्किल हो रही है। डीएनए जांच के बाद ही शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

**4 महीने पहले बने थे जुड़वां बेटों के पिता**

जयपुर के शास्त्री नगर कॉलोनी निवासी राजवीर सिंह और उनकी पत्नी दीपिका चौहान, जो स्वयं भी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं, 14 साल बाद पहली बार माता–पिता बने थे। चार महीने पहले उनके जुड़वां बेटे हुए थे। राजवीर के पिता गोविंद सिंह, जो बीएसएनएल से रिटायर्ड हैं, ने बताया कि हम पोतों के जलवा पूजन की तैयारियों में लगे थे। लेकिन आज की इस खबर ने सब कुछ खत्म कर दिया।

## भारत को टैरिफ समझौते पर ट्रंप के सामने क्यों नहीं झुकना चाहिए?

नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर भारत की उम्मीदें अब कम हो गई हैं। पहले भारत को ट्रंप से चीन के खिलाफ सख्त रुख और इस्लामी आतंकवाद पर कार्रवाई की उम्मीद थी। लेकिन पहलगाम में हुए नरसंहार के बाद ट्रंप प्रशासन के रवैये से निराशा हुई है।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के रोजमर्रा के कामों के अलावा, वैश्विक रणनीतिक समुदाय की नजर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को समझने की अधिक कठिन चुनौती पर चली गई है। अब यह बात दिन–ब–दिन स्पष्ट होती जा रही है कि ट्रंप के पहले राष्ट्रपति काल में जिन धारणाओं पर काम किया गया था, वे अब उनके दूसरे कार्यकाल के लिए मान्य नहीं हैं। राष्ट्रपति की अप्रत्याशितता, उनके अनियमित व्यक्तिगत आचरण की तो बात ही छोड़िए, ने एक्सपर्ट्स की एक कॉटेज इंडस्ट्रीज को खड़ा कर दिया है जो या तो उनकी नीतियों को एक स्पष्ट पैटर्न में ढालने की कोशिश कर रहे हैं या उनके भविष्य के कदमों की भविष्यवाणी कर रहे हैं। अभी तक, यह सब प्रगति पर है।

**भारत के लिए कैसा अनुभव :**

भारत के लिए यह अनुभव हैरान करने वाला रहा है। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के समय, अमेरिका के बाहर तीन अलग–अलग समूह थे जिन्होंने ट्रंप की जीत पर अपनी उम्मीदें जताई थीं। पहला, जैसा कि अनुमान था, इजरायल था, जिसे हमास के खिलाफ युद्ध के संचालन में बाइडन प्रशासन की तरफ से अनावश्यक रूप से सीमित महसूस हुआ था। ऐसी उम्मीद थी कि अब्राहम समझौते के अधूरे काम को सऊदी अरब जैसे देशों के साथ फिर से शुरू किया जाएगा। इससे फिलिस्तीन में दो–राज्य समाधान का अंतिम संस्कार भी सुनिश्चित होगा।

दूसरे समूह को मोटे तौर पर यूरोपीय दक्षिणपंथी कहा जा सकता है, जिसने राष्ट्रीय रूढ़िवाद आंदोलन के साथ समानताएं देखीं। इसने ट्रंप के कैंपेन का एक्टिव रूप से समर्थन किया था। एमएजीए आंदोलन की राष्ट्रीय संप्रभुता का दावा, वैश्वीकरण की आलोचना, बड़े पैमाने पर इमिग्रेशन का खंडन और ईसाई पहचान का दावा, ब्रुसेल्स सर्वसम्मति को तोड़ने वाले दलों के बीच एक राग अलापता है। 14 फरवरी को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का विवादास्पद म्यूनिख भाषण हंगरी के विक्टर ओरबान, इटली की जॉर्जिया मेलोनी और फ्रांस की मरीन ले पेन जैसे लोगों के कानों के लिए संगीत था, भले ही इसने यूरोक्रेट्स को गुस्से में अपने बाल नोचने पर मजबूर कर दिया था।

**भारत को थी फायदे की उम्मीद :**

भारत उन एशियाई शक्तियों में सबसे आगे था, जिन्हें वाइट हाउस में ट्रंप के प्रवेश से बहुत बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद थी। चीन के वर्चस्ववादी आवेगों के खिलाफ बड़ी लड़ाई में जोश के अलावा, ट्रंप से इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ़ भी कोई सख्त रुख अपनाने की उम्मीद थी। मानवाधिकारों के प्रति डेमोक्रेटिक पार्टी के पाखंडी रवैये और इसके विघटनकारी लोकतांत्रिक प्रचार को भी कूड़ेदान में जाने की उम्मीद थी। यह कहना गलत होगा कि ट्रंप सार्वभौमिक रूप से निराशाजनक साबित हुए हैं। कुछ सप्ताह की अनिश्चितता के बाद, ऐसा लगता है कि इस बार इजरायल फिर से कुछ समय के लिए चर्चा में आ गया है, जबकि ट्रंप का तेहरान में शासन के साथ धैर्य खत्म हो गया है।

**अगर टैरिफ बातचीत लखड़ाई तो...**

अपनी ओर से, यूरोपीय दक्षिणपंथ ने व्हाइट हाउस से अपनी उम्मीदों को नाटकीय रूप से कम कर दिया है, क्योंकि उसने कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में रूढ़िवादियों के लिए जो तबाही मचाई है, उसे देखते हुए। भारत में, पहलगाम में 22 अप्रैल के नरसंहार के बाद ट्रंप प्रशासन की तरफ से अपनाई गई समानता की स्थिति और युद्ध विराम पर बातचीत करने के उनके दावे ने निश्चित रूप से मूड खराब कर दिया है।

ऐसा नहीं है कि अमेरिका–भारत संबंध बहुत नीचे चले गए हैं। हालांकि ऐसा हो सकता है अगर टैरिफ बातचीत लड़खड़ा जाए– लेकिन नई दिल्ली ने ट्रंप से अपनी उम्मीदों को बहुत कम कर दिया है। साथ ही, ऐसे संकेत भी हैं कि अमेरिकी विदेश विभाग पाकिस्तान की सेना के साथ अपनी पारंपरिक निकटता को फिर से शुरू कर रहा है।

चूंकि ट्रंप द्वारा उठाए गए कदमों में बहुत हद तक अस्थिरता जुड़ी हुई है, इसलिए दिल्ली में नीति निर्माताओं के लिए पुराने गुटनिरपेक्षता के आरामदायक स्तरों पर वापस लौटना जल्दबाजी होगी।

# भारत में अवैध रूप से रह रहे आठ म्यांमार नागरिकों को दो साल की सजा



ठाणे, 15 जून (एजेंसियां)। भारत में अवैध रूप से रह रहे आठ म्यांमार नागरिकों को ठाणे की एक अदालत ने दो साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि सजा पूरी होने के बाद उन्हें निर्वासित कर दिया जाए। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जीटी पवार ने अपने फैसले में कहा कि यह साबित करने की जिम्मेदारी आरोपियों की है कि वे विदेशी नहीं हैं।

अदालत ने कहा कि यूएनएचसीआर द्वारा जारी शरणार्थी कार्ड भारत में रहने के लिए कानूनी रूप से वैध नहीं है। भारत ने 1951 के संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। कोर्ट ने आठ नागरिकों को दोषी मानते हुए 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया। जबकि नौवें आरोपी भारतीय नागरिक रियाज अहमद अकबर अली शेख को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उस पर म्यांमारी नागरिकों का सहयोग करने का आरोप था।

**26 फरवरी को 2024 को किए गए थे गिरफ्तार :**

उत्तान सागरी पुलिस ने 26 फरवरी 2024 को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के चौकगांव जेट्टी में आठ लोगों को पकड़ा। पुलिस को देखकर वे भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। उनके पास से मोबाइल फोन और शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) के कार्ड बरामद हुए। इससे उनकी पहचान म्यांमार के नागरिक के रूप में हुई।

मुकदमे के दौरान अतिरिक्त लोक अभियोजक एमएन पावसे ने तर्क दिया कि यूएनएचसीआर कार्ड विदेशी नागरिकों को भारत में निवास करने का अधिकार नहीं देते हैं। जबकि आरोपियों के वकील ने दलील दी कि आरोपी रोहिंग्या मुस्लिम शरणार्थी हैं। वे म्यांमार में उत्पीड़न के कारण भागकर आए थे। वे एक दशक से जम्मू–कश्मीर के शरणार्थी शिविर में रह रहे थे। आरोपियों ने दावा किया कि वे आजीविका की तलाश में उत्तान आए थे।

**अदालत ने यह कहा :**

दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश जीटी पवार ने कहा कि यह साबित करने की जिम्मेदारी कि वे व्यक्ति विदेशी नहीं है या किसी विशेष वर्ग या वर्णन का विदेशी नहीं है, आरोपियों का है। आरोपी इस आवश्यकता को पूरा करने में विफल रहे।

# आंध्र प्रदेश बनकचेरला परियोजना पर पूर्व मंत्री हरीश राव चिंताग्रस्त

हैदराबाद, 15 जून(स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश बनकचेरला परियोजना पर बीआरएस वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री हरीश राव ने चिंता व्यक्त की।

इस संदर्भ में बीआरएस के वरिष्ठ आधिकारिक सूत्रों नुसार, बीआरएस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री हरीश राव ने चिंता व्यक्त की कि बनकचेरला परियोजना आंध्र प्रदेश के लिए गोदावरी नदी के पानी को मोड़ने में उपयोगी होगी, ठीक उसी तरह जैसे पोथिरेड्डीपाडु परियोजना कृष्णा नदी के पानी को अवैध रूप से मोड़ने के लिए उपयोगी थी। उन्होंने हैदराबाद में गोदावरी–बनकाचेरला इंटरकनेक्शन परियोजना पर एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कई प्रमुख बिंदुओं का खुलासा किया। उन्होंने सवाल किया कि जब आंध्र प्रदेश सरकार इस परियोजना के संबंध में तेजी से कदम उठा रही है, तो तेलंगाना के मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री क्या कर रहे हैं।

हरीश राव ने आलोचना करते हुए कहा, "जबकि आंध्र प्रदेश सरकार बानाकाचर्ला परियोजना का निर्माण कार्य सक्रियता से कर रही है, हमारी सरकार ऐसे काम कर रही है जैसे नींबू में पानी डाल रही हो।"

उन्होंने आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश सरकार इस महीने के अंत तक निविदाएं आमंत्रित करने की तैयारी कर रही है, लेकिन रेवंत रेड्डी सरकार अभी भी सो रही है।

उन्होंने राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी पर खोखली बातें करके उनका समय बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने के लिए भी आगे नहीं आ रही है और केटीआर के खिलाफ मामले कैसे दर्ज किए जाएं, इस पर उसका ध्यान राज्य के हितों की रक्षा करने पर नहीं है।

हरीश राव ने केंद्र सरकार के रुख की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, "यदि हम पिछले दो केंद्रीय बजटों को देखें तो आंध्र प्रदेश को धन की बाढ़ सी आ गई है, जबकि तेलंगाना को शून्य प्राप्त हुआ है। दिल्ली के शासक ऐसे कार्य कर रहे हैं जैसे वे कह रहे हों कि धन आंध्र का है और नदियां आंध्र की हैं।"



जामबाग के पार्षद राकेश जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी के जन्मदिन समारोह के उपलक्ष में आज ईएनटी अस्पताल कोटी में मरीजों को फल और अन्नदान किया। इसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लेकर रेड्डी को बधाई दी।

## गृह मंत्री अनीता ने वाईएसआरसीपी नेताओ व पूर्व मंत्रियों की कडी आलोचना

अमरावती 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राजधानी अमरावती को "वेश्याओं की राजधानी" बताए जाने संबंधी अनुचित टिप्पणी पर गृह मंत्री अनीता ने वाईएसआरसीपी नेताओ व पूर्व मंत्रियों की कडी आलोचना की।

इस संदर्भ में, आंध्र प्रदेश के सरकारी सूत्रों नुसार, गृह मंत्री वांगलापुडी अनिता ने वाईएसआरसीपी नेताओं, विशेषकर पार्टी की महिला नेताओं द्वारा की जा रही आलोचना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। गत शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि जहां एनडीए गठबंधन सरकार महिला सुरक्षा के मुद्दे को बड़ा मुद्दा बना रही है, वहीं वाईएसआरसीपी इसकी तीखी आलोचना कर रही है। उन्होंने सलाह दी कि वाईएसआरसीपी की महिला नेताओं के लिए आत्मनिरीक्षण का समय आ गया है। अमरावती को "वेश्याओं की राजधानी" बताए जाने संबंधी अनुचित टिप्पणी का जिक्र करते हुए मंत्री अनीता ने कहा कि वाईएसआरसीपी नेताओं और पूर्व मंत्रियों द्वारा ऐसे व्यक्ति का बचाव करना अपमानजनक है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# डब्ल्यूटीसी 2025-27 के शेड्यूल का ऐलान

## टीम इंडिया का कब और किससे है मैच?

मुंबई, 15 जून (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का खिताब जीतने के बाद एक दिन बाद ही इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने डब्ल्यूटीसी 2025-27 के शेड्यूल की घोषणा कर दी है. इसमें 9 टीमों के बीच कुल 71 मैच खेले जाएंगे. इसकी शुरुआत 17 जून से होने जा रही है. पहला मैच श्रीलंका के गॉल में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा. शेड्यूल के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया इस बार सबसे ज्यादा 22 मैच खेलेगा, जबकि इंग्लैंड को 21 मैच खेलने होंगे. दोनों टीमें इस साल के अंत में एशेज सीरीज के दौरान एक-दूसरे से भिड़ेंगी. जबकि टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से करेगी. ये मैच लीड्स में खेला जाएगा.




**18 टेस्ट मैच खेलेगी टीम इंडिया**

शुभमन गिल की अगुवाई में टीम इंडिया डब्ल्यूटीसी 2025-27 के दौरान कुल 18 टेस्ट मैच खेलेगी. इसकी शुरुआत वो 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज से करने जा रही है. इसके बाद टीम इंडिया वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में टेस्ट सीरीज खेलेगी. इसके अलावा वो श्रीलंका और न्यूजीलैंड के दौरे टेस्ट मैच खेलने जाएगी.

**ऑस्ट्रेलिया से लेना है बदला**

डब्ल्यूटीसी 2023-25 में टीम इंडिया को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा था, लेकिन इस बार उसके अधिकतर मैच घर में हैं, ऐसे में वो हरहाल में जीत दर्ज करना चाहेगी. इसमें सबसे बड़ी चुनौती ऑस्ट्रेलिया की है. ऑस्ट्रेलिया को इस बार भारत का दौरा करना है. टीम इंडिया के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज को जीतकर पिछली हार का बदला लेना होगा.

**मौजूदा चैंपियन अक्टूबर में खेलेगी पहला टेस्ट मैच**

मौजूदा चैंपियन साउथ अफ्रीका अक्टूबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी. वो पाकिस्तान में जाकर टेस्ट सीरीज खेलेगी, जबकि साउथ अफ्रीका के फैंस सितंबर 2026 का बेसब्री इंतजार कर रहे हैं, जब उनकी टीम ऑस्ट्रेलिया से तीन टेस्ट मैचों की सीरीज अपने घर में खेलेगी.

**पूर्व चैंपियन खेलेगी सबसे ज्यादा मैच**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में सिर्फ इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया टीम इंडिया से ज्यादा 5-5 मैच खेलेगी. डब्ल्यूटीसी के दौरान ऑस्ट्रेलिया सबसे ज्यादा 22 टेस्ट मैच खेलेगी, जबकि इंग्लैंड 21 टेस्ट मैच खेलेगी. इसके अलावा न्यूजीलैंड 16, वेस्टइंडीज 14, साउथ अफ्रीका 14, पाकिस्तान 13, श्रीलंका 12 और बांग्लादेश 12 मैच टेस्ट मैच खेलेगी.

# गौतम गंभीर की जगह लेने लक्ष्मण पहुंचे इंग्लैंड

## टीम इंडिया की प्रैक्टिस में अजीत अगरकर के साथ आये नजर

लंदन, 15 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया अपनी तैयारियों को धार देने में जुटी है. नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया इन दिनों लंदन के पास एक छोटे शहर में अभ्यास कर रही है. मगर टीम इंडिया की ये ट्रेनिंग हेड कोच गौतम गंभीर के बिना ही चल रही है, जिन्हें अपनी मां के अस्पताल में भर्ती होने के बाद भारत लौटना पड़ा था. फिलहाल गंभीर भारत में ही हैं और ऐसे में टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण उनकी जगह भर सकते हैं.

पिछले हफ्ते से लंदन के पास बेकेनहैम में अभ्यास कर रही टीम इंडिया इस वक्त एक इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेल रही है, जहां उसका सामना इंडिया ए से हो रहा है. मगर हेड कोच गंभीर इस प्रैक्टिस मैच से दूर हैं क्योंकि कुछ ही दिन पहले वो अचानक स्वदेश लौट आए थे. गंभीर की माता जी को अचानक दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था. ऐसे नाजुक वक्त पर गंभीर अपनी मां से मिलने भारत आ गए थे.





**लक्ष्मण संभालेंगे टीम इंडिया की कमान!**

अब गंभीर की इंग्लैंड वापसी कब होगी, ये फिलहाल साफ नहीं है. फिलहाल उनकी गैरहाजिरी में अब तक असिस्टेंट कोच सितांशु कोटक, मॉर्ने मॉर्कल और रायन टेन डेश्काटे टीम इंडिया की जिम्मेदारी संभाल रहे थे. मगर ऐसा लग रहा है कि गंभीर के आने में देरी की आशंका को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने वीवीएस लक्ष्मण को जगह भरने को कहा है. रेवस्पोर्ट्ज की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के प्रमुख और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज लक्ष्मण कुछ दिनों के लिए गंभीर की जगह टीम इंडिया की कमान संभाल सकते हैं

**अगरकर के साथ लिया प्रैक्टिस का जायजा**

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि लक्ष्मण पहले ही लंदन पहुंच चुके हैं और उन्हें टीम इंडिया के प्रैक्टिस मैच पर नजर रखते हुए देखा गया. सिर्फ लक्ष्मण ही नहीं, बल्कि इस दौरान उनके साथ सेलेक्शन कमेटी के प्रमुख अजीत अगरकर भी मौजूद थे. वैसे ये कोई पहला मौका नहीं है जब लक्ष्मण सीनियर टीम इंडिया की कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे. पिछले 2-3 साल में कुछ चुनिंदा सीरीज में टीम इंडिया की बागडोर संभाल चुके हैं. सीओई (पहले नेशनल क्रिकेट एकेडमी) के प्रमुख के तौर पर जब भी पूर्व कोच राहुल द्रविड़ या मौजूदा कोच गौतम गंभीर उपलब्ध नहीं रहे हैं, तब-तब लक्ष्मण ने ये जिम्मेदारी संभाली है.

# इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच : *सरफराज खान का शानदार शतक*

## भारत ए ने बनाए 299/6; सिराज-कृष्णा को 2-2 विकेट

नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। सरफराज खान ने इंग्लैंड में अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए शनिवार को बेकेनहैम में चल रहे इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच के दूसरे दिन भारत ए के लिए मुख्य भारतीय टेस्ट टीम के खिलाफ धमाकेदार शतक जड़ा। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 76 गेंदों में 101 रन की शानदार पारी खेली, जबकि जसप्रीत बुमराह ने अपने सात ओवर के स्पेल में एक भी विकेट नहीं चटका पाए। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ए ने दूसरे दिन भारत के 459 रनों के जवाब में 299/6 बोर्ड पर लगाए, जिसमें ईशान किशन 45 और शार्दुल ठाकुर 19 रन बनाकर नाबाद रहे।




सरफराज खान ने अपने इस विस्फोटक शतक में 15 चौके और 2 गगनचुंबी छक्के लगाए। अंत में उन्हें रिटायर्ड आउट कर दिया गया, ताकि अन्य खिलाड़ियों को मौका मिल सके।

सरफराज के हालिया शतक ने इंग्लैंड की परिस्थितियों में उनकी बढ़ती प्रतिष्ठा में इजाफा किया है, इसी के साथ उन्होंने 20 जून से शुरू हो रही 5 मैच की सीरीज में शामिल होने की दावेदारी ठोकी है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ एक अनाधिकारिक टेस्ट मैच में 92 रन बनाए थे। बता दें, सरफराज का नाम टीम इंडिया के मुख्य स्क्वॉड में नहीं है।

इंडिया ए की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ खाता भी नहीं खोल पाए, वह मात्र दो रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने नई गेंद से अपना शिकार बनाया और विकेट के पीछे ऋषभ पंत ने शानदार कैच पकड़ा। हालांकि अभिमन्यु ईश्वरन (39) और साई सुदर्शन (38) – जो आगामी टेस्ट टीम का हिस्सा हैं उन्होंने कुछ स्थिरता प्रदान की

भारतीय गेंदबाजों में सिराज (2/86) और प्रसिद्ध कृष्णा (2/41) ने 2-2 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया जबकि नितीश कुमार रेड्डी को एक विकेट मिला। हालांकि, भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह प्रभाव छोड़ने में विफल रहे, उन्होंने अपने सात ओवरों में 36 रन दिए और कोई विकेट नहीं लिया। अर्शदीप सिंह (12 ओवरों में 0/52) भी विकेट के बिना खाली हाथ लौटे। बता दें, पहले दिन भारत के लिए शुभमन गिल और केएल राहुल ने अर्धशतकीय पारी खेली थी।

# 100 मीटर रिले स्पर्धा एशिया खेलों के लिए अहम खेलों में शामिल

## भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का फैसला







नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जापान में 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले को प्राथमिकता वाली स्पर्धाओं में शामिल किया है। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्तूबर 2026 तक ऐची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद है।

भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमों नहीं भेजी थी। एएफआई के पूर्व अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा, एएफआई ने 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीमों को प्राथमिकता वाली स्पर्धा में शामिल किया है। रिले टीमों द्वारा लगातार शानदार प्रदर्शन भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

इस वर्ष अप्रैल में गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांत होबलीधर और अमलान बोरगोहेन की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 38.69 सेकेंड का समय लेकर 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में बनाए गए 38.89 सेकेंड के एक दशक पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। पिछले एशियाई खेलों में चीन (38.29 सेकेंड), जापान (38.44 सेकेंड), दक्षिण कोरिया (38.74 सेकेंड) ने शीर्ष तीन में जगह बनाई थी। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले में अभिनय राजराजन, श्राबनी नंदा, स्नेहा एसएस और नित्या गंधे की टीम ने हाल ही में दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में 43.86 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीता।

# आईपीएल के खिलाड़ी ने अमेरिका में मारे 11 छक्के

## 38 गेंदों में ठोक दिए 88 रन, सुनील नरेन और आंद्रे रसेल के निकाल दिए पसीने



खेल डेस्क, 15 जून (एजेंसियां)। मेजर लीग क्रिकेट में इंडियन प्रीमियर लीग के खिलाड़ी ने तूफानी पारी खेलकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई है. ये खिलाड़ी आईपीएल 2025 में तो पूरी तरह से फ्लॉप रहा, लेकिन एमएलसी में उसने 11 छक्के मारकर गेंदबाजों के पसीने निकाल दिए. ऑस्ट्रेलिया के इस सलामी बल्लेबाज ने लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स के खिलाफ 38 गेंदों में 2 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 88 रनों की पारी खेली. उनकी इस पारी की बदौलत सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स को 32 रन से हराकर इस लीग में अपनी दूसरी जीत दर्ज की. ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की शानदार पारी की वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

**जैक फ्रेजर मैक्गर्क ने खेली तूफानी पारी**

एमएलसी के तीसरे मैच में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 219 रन बनाए. टीम के जैक फ्रेजर मैक्गर्क ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 88 रनों की तूफानी पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 231.57 की स्ट्राइक रेट से 38 गेंदों में ये पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 11 छक्के ठोक दिए. 23 साल के इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स के आंद्रे रसेल और सुनील नरेन की जमकर पिटाई की.

जैक फ्रेजर मैक्गर्क के अलावा फिन एलेन ने भी शानदार पारी खेली. उन्होंने 27 गेंदों में 5 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए. इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 54 गेंद में 121 रन की साझेदारी की. लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स के गेंदबाज इस मैच में बेअसर साबित हुए और खूब रन लुटाए.

**पाकिस्तानी गेंदबाज ने झटके 4 विकेट**

220 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स की टीम 19.5 ओवर में 187 रन पर सिमट गई. टीम की ओर से भारत के पूर्व क्रिकेटर उन्मुक्त चंद ने सबसे अधिक 32 गेंदों में 53 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 4 चौके और 4 छक्के लगाए. इसके अलावा मैथ्यू ट्रंप (41) और सुनील नरेन (27) ही कुछ संघर्ष दिखा पाए, लेकिन वो टीम को जीत नहीं दिला पाए. सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने सबसे अधिक 4 हासिल किए.

**दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेले थे जैक फ्रेजर मैक्गर्क**

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर जैक फ्रेजर मैक्गर्क आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेले थे. DC ने उन्हें 9 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन वो इस सीजन में बिल्कुल फ्लॉप रहे थे. उन्होंने 6 मैचों में केवल 55 रन ही बना सके थे.

### टेस्ट, वनडे और टी20 में लागू होंगे बदले हुए नियम

#### तारीख आई सामने

मुंबई, 15 जून (एजेंसियां)। आईसीसी ने मेंस क्रिकेट के वनडे, टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल तीनों ही फॉर्मेट की प्लेइंग कंडीशन में बदलाव करने का फैसला किया है। इन बदलावों में कन्कशन सब्सीट्यूट से लेकर वनडे में 2 नई गेंदों के इस्तेमाल के नियमों को अपडेट किया गया है। अभी तक वनडे क्रिकेट में 2 नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता था, दोनों एंड से 25-25 ओवर तक नई गेंद का यूज होता था जिसमें अब थोड़ा बदलाव देखने को मिलने वाला है। इसका फायदा गेंदबाजों को होता हुआ दिखेगा। कब से तीनों फॉर्मेट में बदलेंगे ये नियम, उसकी भी तारीख सामने आ चुकी है।

**तीनों फॉर्मेट में अलग-अलग तारीख को होंगे लागू**

इन नियमों के बदलाव की तारीख भी सामने आ चुकी है। 17 जून से टेस्ट, 2 जुलाई से वनडे और 10 जुलाई से टी20 फॉर्मेट में ये अपडेट हुए नियम लागू होते हुए दिखाई देंगे। वनडे क्रिकेट में अभी भी 2 नई गेंदों का इस्तेमाल होता हुआ दिखाई देगा, लेकिन ये 25 नहीं 34वें ओवर तक यूज होगी। इसके अलावा 35 से 50 ओवर तक गेंदबाजी जारी रखने के लिए दोनों टीमों को उन 2 गेंदों में से एक गेंद चुननी होगी। वहीं अगर मैच 50 ओवर से घटाकर 25 ओवर तक कर दिया जाता है तो फिर एक ही गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा।

# भारतीय महिला हॉकी टीम को प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार

## वापसी की कोशिश नहीं हुई सफल




लंदन, 15 जून (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम इस मैच में तीन गोल से पिछड़ रही थी, लेकिन टीम ने वापसी की कोशिश की, पर पूरी तरह इसमें सफल नहीं हो सकी। ऑस्ट्रेलिया ने कोर्टनी शोनेल (16वें मिनट), लेक्सी पिकरिंग (26वें मिनट) के मैदानी गोल और टैटम स्टीवर्ट (35वें मिनट) के पेनल्टी स्ट्रोक पर किए गए गोल से 3-0 की बढ़त हासिल कर ली थी।

**दीपिका-नेहा ने कराई वापसी**

भारतीय खिलाड़ियों ने पिछड़ने के बाद वापसी की और दीपिका तथा नेहा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त कम करने की कोशिश की, लेकिन वह हार नहीं टाल सकीं। भारत ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहा। नौवें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने उसका अच्छी तरह से बचाव किया। इसके बाद 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर एलीशा पावर ने शानदार बचाव करके भारत के प्रयासों को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होने के एक मिनट बाद ही भारत की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शोनेल ने गोल कर दिया।

इसके 10 मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया ने पिकरिंग के गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा और हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के पांच मिनट बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सुनीता टोप्पो ने खतरे को टाल दिया। ऑस्ट्रेलिया को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक मिला और स्टीवर्ट ने बिना कोई गलती किए अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी।

**आखिरी वक्त में चूका भारत**

अंतिम क्वार्टर भारत के नाम रहा और अपने पहले पेनल्टी कॉर्नर से अंतर को कम किया, जिसे दीपिका ने बड़े ही शानदार तरीके से गोल में बदला। भारत ने जल्द ही लगातार दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन दोनों ही बेकार गए। अंतिम हूटर से आठ मिनट पहले, भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार नेहा ने रिबाउंड से गोल किया। मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले भारत के पास पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का मौका था लेकिन वह चूक गया।

# 12 छक्के के साथ 198 रन, आईपीएल से ठुकराए गए खिलाड़ी का टीएलपीएल में तूफान

चेन्नई, 15 जून (एजेंसियां)। तमिलनाडु प्रीमियर लीग 2025 इस समय अपने रोमांच के चरम पर है. इस लीग में खूब छक्कों की बारिश हो रही है. इंडियन प्रीमियर लीग में ठुकराए गए खिलाड़ी इस लीग में रनों की बारिश कर रहे हैं. ऐसा ही कुछ नजारा टीनपीएल के 11वें मैच में देखने को मिला. इस मैच में एक खिलाड़ी ने ऐसी बल्लेबाजी की, जिसे देखकर सभी लोग हैरान गए. ये खिलाड़ी इस सीजन में अब दो अर्धशतक लगा चुका है. इस दौरान वो 12 गगनचुंबी छक्के भी लगाए हैं. केवल तीन मैचों में 198 रन बनाने वाला दाएं हाथ का ये बल्लेबाज दो बार आउट ही नहीं हुआ है. इस मैच में टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने भी शानदार पारी खेली.



टीनपीएल का 11वां मैच सीकेम मदुरै पैंथर्स और डिंडीगुल ड्रैगन के बीच खेला गया. इस मैच में डिंडीगुल ड्रैगन के सलामी बल्लेबाज शिवम सिंह ने 41 गेंदों में 8 चौके और 6 छक्कों की मदद से नाबाद 86 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को 45 गेंद शेष रहते 9 विकेट से जीत दिला दी. टीम के कप्तान रविचंद्रन अश्विन ने भी 29 गेंदों में 6 चौके और तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली.

अश्विन ओपनिंग करने आए थे और उन्होंने शिवम सिंह के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 64 गेंदों में 124 रनों की साझेदारी करके टीम को जीत के दहलीज तक पहुंचा दिया. इससे पहले के दो मैचों में शिवम सिंह 30 और नाबाद 82 रनों की पारी खेल चुके हैं. इस दौरान वो कुल 12 छक्के और 17 चौके लगा चुके हैं. दो बार उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया है. सीकेम मदुरै पैंथर्स के खिलाफ तो उन्होंने सबसे ज्यादा 6 छक्के जड़ दिए.

# छात्रों को निशुल्क अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी शिक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए समझौता



हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में प्रमुख गैर सरकारी संगठनों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। राज्य शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के छात्रों को निशुल्क अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी शिक्षण सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सरकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने छह संगठनों के साथ साझेदारी में सरकारी स्कूलों में उन्नत एडटेक सुविधाएं प्रदान करेगी। इसके लिए, राज्य शिक्षा विभाग ने आज नंदन नीलेकणी के नेतृत्व वाले एक्सस्टेप फाउंडेशन, डॉ. सुनीता कृष्णन के नेतृत्व वाले प्रज्वला फाउंडेशन, अलक पांडे के नेतृत्व वाले फिजिक्स वाला, खान अकादमी, शोएब डार के नेतृत्व वाले पजामा फाउंडेशन और सफीना हुसैन के नेतृत्व वाले एजुकेट गर्ल्स जैसे प्रसिद्ध संगठनों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सरकार का मानना है कि वह देश भर के विभिन्न राज्यों में प्रतिष्ठित संगठनों की भागीदारी से राज्य शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। सरकार ने राज्य में शिक्षा के गुणवत्ता मानकों को बेहतर बनाने के मुख्यमंत्री के विचारों के अनुरूप यह निर्णय लिया है। सार्वजनिक सरकार द्वारा लागू किए गए कार्यक्रमों और योजनाओं से आकर्षित होकर, विभिन्न संगठन राज्य सरकार के साथ काम करने के लिए आगे आ रहे हैं। नंदन नीलेकणी के नेतृत्व में एक्सस्टेप फाउंडेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित प्लेटफॉर्म के साथ 540 स्कूलों में काम करेगा। अब इसका विस्तार 33 जिलों के 5,000 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों तक होगा। यह संगठन कक्षा 3 से 5 तक तेलुगु और अंग्रेजी भाषाओं के साथ-साथ गणित की मूल बातें भी प्रदान करता है। फिजिक्स वाला इंटर के छात्रों को नीट, जेईई और सीएलएटी परीक्षाओं के लिए तैयार करता है।

यह छात्रों को स्कूल स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिकोण से निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करता है। खान अकादमी राज्य में कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों के लिए पाठ्यक्रम के अनुरूप वीडियो-आधारित (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) प्रशिक्षण प्रदान करती है। डॉ. सुनीता कृष्णन के नेतृत्व में प्रज्वला फाउंडेशन पूरे राज्य में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्रों के लिए बाल सुरक्षा और संरक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा। पाई जैम फाउंडेशन कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों को कोडिंग और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग का प्रशिक्षण प्रदान करता है।

एजुकेट गर्ल्स ने राज्य में 16,000 से अधिक स्कूल न जाने वाले बच्चों को नामांकित किया है, जिससे लड़कियों के लिए साक्षरता और शैक्षिक अवसरों में सुधार हुआ है। सरकार के सलाहकार के. केसव राव, शिक्षा सचिव योगीथराना, सीएम के विशेष सचिव अजित रेड्डी, स्कूल शिक्षा निदेशक नरसिम्हा रेड्डी, स्कूल शिक्षा निदेशक नवीन निकोलस, शिक्षा विभाग की विशेष सचिव हरिता, एक्सस्टेप फाउंडेशन के सीईओ जगदीश बाबू, प्रज्वला फाउंडेशन की प्रमुख डॉ. सुनीता कृष्णन, फिजिक्स वाला के सह-संस्थापक प्रतीक माहेश्वरी, खान अकादमी इंडिया की एमडी स्वाति वासुदेवन, पजामा फाउंडेशन के संस्थापक शोएब डार, एजुकेट गर्ल्स की सीईओ गायत्री नायर लोबो और अन्य ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह 21 जून को

हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। ब्रह्मर्षि पितामह पत्रीजी के दिव्य मार्गदर्शन में पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट (पीएसएसएम) ध्यान भाग्यनगर ट्रस्ट 21 जून को सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक जुलुरी वीरेश लिंगम कल्याण मंडपम, पैराडाइज, सिकंदराबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन कर रहा है। आज यहां एक प्रेस नोट के अनुसार, सुधीर शाह, उपाध्यक्ष, लक्ष्मी, राजेश्वर पूला और चंद्रशेखर ने कहा कि कार्यक्रम सुबह 5 बजे से शुरू होगा और सुबह 8 बजे तक संगीतमय ध्यान होगा। इसके बाद सुबह 8.30 बजे पत्रीजी का एक वीडियो संदेश आएगा, जिसके बाद प्रसिद्ध योग आचार्य श्री वेंकटेश गारू के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे से दोपहर 1 बजे तक, श्री प्रकृति वनम प्रसाद गारू "प्राकृतिक जीवन के माध्यम से स्वास्थ्य" विषय पर जागरूकता सत्र देंगे। दोपहर 2 बजे, प्रसिद्ध योग गुरु श्री जगन गुरुजी योग, आयुर्वेद और व्यक्तित्व विकास पर जानकारी साझा करेंगे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पिरामिड मास्टर्स द्वारा प्रेरणादायक वार्ता और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होंगे।

# छात्रों का भविष्य ही राज्य का भविष्य है : भट्टी



हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि छात्रों का भविष्य राज्य का भविष्य है। रविवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर भट्टी विक्रमार्क ने कोत्तापेट स्थित विक्टोरिया मेमोरियल अनाथ आश्रम में छात्रों, अधिकारियों और स्थानीय नेताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से मानव संसाधन को बढ़ाया जा सकता है और तेलंगाना दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है। शिक्षा के महत्व को स्वीकार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में पूरा मंत्रिमंडल शिक्षा पर जितना आवश्यक हो उतना खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध है। भट्टी विक्रमार्क ने कहा, सरकार अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान करने के महान उद्देश्य से युवा भारत एकीकृत आवासीय विद्यालयों का निर्माण कर रही है, जिससे राज्य का प्रत्येक बच्चा विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो सके। ये विद्यालय प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में 25 एकड़ से अधिक क्षेत्र में 200 करोड़ रुपये के निवेश से बनाए जा रहे हैं।

पहले चरण में, सरकार पूरे राज्य में 11,600 करोड़ रुपये की लागत से 100 विद्यालयों का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि विक्टोरिया मेमोरियल आवासीय विद्यालय की बहुमूल्य भूमि को किसी भी अतिक्रमण से बचाया जाएगा।

उन्होंने विक्टोरिया मेमोरियल परिसर के चारों ओर एक परिसर की दीवार के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये की तत्काल मंजूरी की घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसको विभाग के सीएसआर संसाधनों से धनराशि आवंटित की जा रही है और संबंधित अधिकारियों को तत्काल धनराशि जारी करने और निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। बाद में, उन्होंने विक्टोरिया मेमोरियल में पढ़ने वाले अनाथ छात्रों के साथ दोपहर का भोजन किया। विधायक मालरेड्डी रंगा रेड्डी, पूर्व सांसद मधु यास्की गौड़ और अन्य ने भाग लिया

## ऑपरेशन कगार के विरोध में 20 जून को तेलंगाना-आंध्र प्रदेश बंद का किया आह्वान



कोत्तागुडेम, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई (माओवादी) पार्टी तेलंगाना राज्य समिति ने छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी चालम उर्फ गौतम, मेलारापु अडेलु उर्फ भास्कर और सात अन्य की हत्या के विरोध में 20 जून को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बंद का आह्वान किया है। मीडिया को जारी एक बयान में राज्य समिति के आधिकारिक प्रवक्ता जगन ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की कसम खाई थी और जनवरी 2024 से 'ऑपरेशन कगार' के तहत 550 से अधिक माओवादियों को मार गिराया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र को घेर लिया था और 3 से 9 जून तक एक सप्ताह तक क्षेत्र पर कब्जा किया था। जब 4 जून की रात में माओवादी पीछे हट रहे थे, तो पार्टी केंद्रीय समिति के सदस्य टीएलएनएस चालम उर्फ गौतम दलम से अलग हो गए। अगली सुबह गौतम, जो अकेला था, सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिया गया और उनसे लड़ते हुए उसकी मृत्यु हो गई। 6 जून को भास्कर सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में मारा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि 6 और 7 जून को नेशनल पार्क क्षेत्र समिति के सदस्य रैनी, जो बीमार थे, को इरुपगुट्टा गांव में पकड़ लिया गया, प्रताड़ित किया गया और मार दिया गया। जगन ने आरोप लगाया कि कोमाराम भीम-मंचेरियल डिवीजन कैडर के संतोष (भास्कर गार्ड), रजनी, लालसू और इरुपगुट्टा निवासी कुडियाम महेश को इसी तरह से मार दिया गया।

## बिजली का तार टूटने से दो लोगों की मौत

हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एलबी नगर में शनिवार रात हाईटेंशन तार टूटकर दो लोगों पर गिर जाने से करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। फुटपाथ पर रहने वाले दो पीड़ित चिंतालकुंटा में फुटपाथ पर सो रहे थे, तभी तेज आंधी और बारिश के कारण बिजली के तार टूट गए। दोनों पीड़ित भीख मांगकर अपना गुजारा करते थे और फुटपाथ पर ही रहते थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए ओजीएच मोर्चरी में रखवाया। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# डायल-112 ने एक दिन में चार बड़े अपराधों को रोका

हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (डायल-112) ने शनिवार को राज्य में बलात्कार के प्रयास और छेड़छाड़ की घटना सहित चार बड़े अपराधों को रोकने में मदद की है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई यह प्रणाली सभी प्रमुख आपातकालीन सेवा नंबरों को एक छतरी के नीचे एकीकृत करती है- पुलिस, अग्निशमन, एम्बुलेंस, महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण और आपदा प्रबंधन। यह लापता व्यक्तियों का पता लगाने



और हत्या और बलात्कार के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शनिवार को इस प्रणाली ने चार बड़ी घटनाओं को रोका, जिनमें एक लापता बच्चे का पता लगाना, बलात्कार के प्रयास की रोकथाम, एक हत्या का प्रयास और एक छेड़छाड़ का मामला शामिल था।

प्रत्येक मामले में, संकटग्रस्त कॉल करने वालों ने राज्य भर के विभिन्न पुलिस क्षेत्रों से डायल-112 पर संपर्क किया। टीजीआईसीसीसी के निदेशक वीबी कमलासन रेड्डी ने बताया कि डायल-112 टीम ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और संबंधित पुलिस थानों को सूचित किया। फील्ड अधिकारियों ने बिना देरी किए कार्रवाई की और तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। कमलासन रेड्डी ने कहा, ये घटनाएं त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया के महत्वपूर्ण महत्व को रेखांकित करती हैं और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली की प्रभावशीलता को उजागर करती हैं। तेलंगाना पुलिस ने नागरिकों से आपातकाल के दौरान डायल-112 सेवा का उपयोग करने का अनुरोध किया।

## आधी रात को अपहरण से बच निकले निर्मल डीसीसीबी के निदेशक

### 3 करोड़ की फिरौती के मामले की जांच कर रही है पुलिस



निर्मल, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक (डीसीसीबी) के निदेशक और बीआरएस नेता चिक्याला हरीश कुमार को शनिवार देर रात ममदा मंडल के पोनकल गांव में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके आवास से कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, हमलावरों ने हरीश को रात करीब 2 बजे सोते समय अगवा कर लिया। उन्होंने कथित तौर पर उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी और उसके हाथ बांध दिए और फिर उसे कार में हैदराबाद ले जाने की कोशिश की।

हालांकि, हरीश तूप्रान स्थित एक टोल प्लाजा पर भागने में सफल रहा और स्थानीय पुलिस के पास पहुंचा, जिन्होंने ममदा में अपने समकक्षों को इसकी सूचना दी। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। हरीश के आरोपों की प्रारंभिक जांच के बाद और अधिक जानकारी सामने आने की उम्मीद है। अधिकारी हरीश से जुड़े संभावित वित्तीय विवादों सहित अन्य पहलुओं की जांच कर रहे हैं, जिसके कारण अपहरण हुआ हो सकता है। उसके ज्ञात प्रतिद्वंद्वियों पर भी नज़र रखी जा रही है। पता चला है कि अपहरणकर्ताओं ने हरीश का अपहरण करने के बाद उससे 3 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। बताया जा रहा है कि उसने अपने दोस्तों से संपर्क कर पैसों का इंतजाम करने को कहा था।

## 1.5 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद एसओटी अधिकारियों ने शनिवार को केपीएचबी में कथित तौर पर मादक पदार्थ रखने के आरोप में एक युवक को पकड़ा और 1.5 किलोग्राम गांजा जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि उदय कुमार महाराष्ट्र के परभणी के डीलरों से गांजा खरीदता था और निजी बसों में उसे हैदराबाद में तस्करी करता था। वह आगे शहर में ड्रग उपभोक्ताओं और डीलरों को ऊंचे दामों पर बेचता था।

# विधानसभा टिप्पणी के बाद रेवंत रेड्डी ने टॉलीवुड को लुभाया



हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य विधानसभा में टॉलीवुड के बारे में अपनी टिप्पणी के प्रभाव को समझते हुए, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को तेलुगु फिल्म उद्योग तक पहुंचने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यद्यपि कांग्रेस सरकार कभी-कभी सख्त नजर आती है, लेकिन उसने हमेशा फिल्म उद्योग को स्नेह की दृष्टि से देखा है तथा उसे पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

रेवंत रेड्डी ने शनिवार को तेलंगाना गद्दर फिल्म पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, अतीत के सभी मुद्दों को एक तरफ रखकर राज्य सरकार के साथ साझेदारी करें। आइए हम सब विकास की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लिए गए सभी निर्णय उद्योग को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आईटी, फार्मास्यूटिकल और रक्षा क्षेत्रों की तरह फिल्म उद्योग को भी राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने पुष्पा-2 के लिए अल्लू अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ अग्रणी अभिनेता का पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद, अल्लू अर्जुन ने मुख्यमंत्री की अनुमति से दर्शकों की जोरदार तालियों और सीटियों के बीच अपना लोकप्रिय संवाद 'तगले ले' बोला। एक हल्के-फुल्के पल में मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध निर्देशक एसएस राजामौली की ओर रुख किया और पूछा कि हॉलीवुड और बॉलीवुड को तेलंगाना में क्यों नहीं लाया जा रहा है। रेवंत रेड्डी ने प्रशंसित फिल्म निर्माता से कहा, हॉलीवुड अमेरिका नहीं है और बॉलीवुड मुंबई नहीं है, ये सभी उद्योग हैदराबाद में होने चाहिए। आप जो चाहते हैं, उसकी सूची बनाएं, राज्य सरकार पूरी सहायता देगी।

## नशे में गाड़ी चलाने के लिए 283 लोगों पर मामला दर्ज

हैदराबाद, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद यातायात पुलिस ने शनिवार को विशेष शराब पीकर वाहन चलाने की जांच के दौरान 283 लोगों को पकड़ा। पकड़े गए लोगों में दो पहिया वाहन- 219, तिपहिया वाहन- 11, चार पहिया वाहन- 50 और भारी वाहन 3 शामिल हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में पकड़े गए लोगों की सबसे अधिक संख्या जीडीमेटला यातायात पुलिस स्टेशन में- 32, उसके बाद चेवेल्ला में 27, शमशाबाद में- 26 और बालानगर में 22 लोग हैं। पकड़े गए व्यक्तियों में सबसे अधिक 101 लोग 31 से 40 वर्ष की आयु के हैं, इसके बाद 98 लोग 21 से 30 वर्ष की आयु के हैं। छह व्यक्तियों में बीएसी की मात्रा 300 मिलीग्राम/100 मिली से अधिक दर्ज की गई। पकड़े गए सभी लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनके वाहन जब्त किए गए हैं।

# वंदे मातरम फाउंडेशन के स्लेट अनुष्ठान ने 18 प्रेरक वर्ष किए पूरे

संगारेड्डी, 15 जून (स्वतंत्र वार्ता)। लगभग दो दशकों से, वंदे मातरम फाउंडेशन चुपचाप, एक-एक स्लेट के माध्यम से, तेलंगाना के ग्रामीण सरकारी स्कूलों में शिक्षा की जड़ें मजबूत कर रहा है। 2007-08 शैक्षणिक वर्ष से, फाउंडेशन हर साल 500 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 'अक्षरा अभ्यासम' समारोह आयोजित कर रहा है। यह एक पारंपरिक अनुष्ठान है जो बच्चों को शिक्षा में औपचारिक रूप से शामिल होने का प्रतीक है, इस समारोह को पहली बार स्कूल जाने वाले हज़ारों बच्चों को स्लेट वितरित करके विशेष बनाया जाता है।

इस पहल की शुरूआत वंदे मातरम फाउंडेशन के संस्थापक तक्केलापल्ली रविंदर के एक साधारण अवलोकन से हुई, जिन्होंने महसूस किया कि सरकारी स्कूलों में अक्षरा अभ्यासम आयोजित करने के लिए एक संरचित प्रणाली का अभाव है। उस कमी को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करने की अपनी



महत्वाकांक्षा के हिस्से के रूप में इस पहल की शुरूआत की। फाउंडेशन की स्थापना 2005 में इसी लक्ष्य के साथ की गई थी। हर साल की तरह इस साल भी फाउंडेशन औपचारिक स्कूली शिक्षा शुरू करने वाले बच्चों को 10,000 स्लेट वितरित करेगा। पिछले 18 वर्षों में, यह पहल एक प्रभावशाली मील का पत्थर तक पहुंच चुकी है, जिसमें तेलंगाना भर में 1.90 लाख स्लेट वितरित किए गए हैं।

दिलचस्प बात यह है कि इस शांत शैक्षणिक आंदोलन को स्थानीय औद्योगिक समुदाय का भी मजबूत समर्थन मिला है। संगारेड्डी के एक उद्योगपति और पाशमिलाराम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित वर्सेटाइल ई स्कूटर्स के संस्थापक चंदू कुमार पोट्टी इस पहल को शुरू से ही पूरी तरह से वित्तपोषित कर रहे हैं। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में छात्रों को दिए गए 1.90 लाख स्लेट में से हर एक के वितरण का समर्थन किया है। रविंदर ने कहा कि फाउंडेशन इस साल बसर के सरस्वती मंदिर में करीब 500 स्लैब ले जाएगा। वहां मंदिर के पुजारी विशेष पूजा करेंगे और फिर स्लेट को प्रसाद के साथ पैक करके राज्य भर के स्कूलों में भेज देंगे।

रविंदर ने कहा, इस तरह के आयोजनों से स्कूल छोड़ने की दर को कम करने में मदद मिलती है। जब बच्चे और माता-पिता ऐसी सार्थक शुरूआत में शामिल होते हैं, तो यह उन्हें शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित करता है। आमंत्रित विशेषज्ञों के भाषण शिक्षकों और ग्रामीणों को अपने स्थानीय स्कूलों में अधिक रुचि लेने के लिए भी प्रेरित करते हैं। इस वर्ष अक्षरा अभ्यास कार्यक्रम 20 जून से शुरू होकर एक सप्ताह तक चलेगा।

चंदू कुमार ने कहा कि वह इस कार्य के प्रति आकर्षित हुए क्योंकि फाउंडेशन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मैं इस विचार से सचमुच प्रभावित हुआ और मैं भविष्य में भी फाउंडेशन को समर्थन देता रहूंगा। रविन्द्र और चंदू कुमार दोनों ने शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन समितियों से आगे आकर अपनी रुचि दर्ज कराने की अपील की है। उन्होंने कहा, हम इस वर्ष किसी भी संख्या में सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तैयार हैं।





पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वा.से.शि. बेगमपेट
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA AFS BEGUMPET
Bowenpally Road, New Bowenpally Hyderabad - 11

साक्षात्कार/WALK-IN INTERVIEW

Walk-in interviews for the following posts will be conducted on 17.06.2025 to prepare a panel of Contractual Teachers for the Year 2025-26.

| Sl. No | Post & Subject | Reporting Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Post Graduate Teacher (Economics & Commerce), Trained Graduate Teacher (Social Science) | Date: 17.06.2025 Time: 10:00 AM |

Interested and eligible candidates may e-mail their resume along with required documents on or before 16.06.2025 on kvafsbegumpet@gmail.com. For more details, visit our website, https://begumpetafs.kvs.ac.in

Sd/- प्राचार्य/PRINCIPAL

यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया Union Bank of India
यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया
क्षेत्रीय कार्यालय, ओंगोल
आंजनेया काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्यनगर, ओंगोल-523001

लीज/किराये पर 10,000 स्के.फीट्स +_10% अधिमापन बिल्डिंग चाहिए

यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया को, हमारे मौजूदा परिसरों को स्थानांतरित करने के लिए, पर्याप्त पार्किंग की जगह सहित **ओंगोल रीजन के क्षेत्रीय कार्यालय, रिटेल लोन पॉइंट (आरएलपी), एमएसएमइ लोन पॉइंट(एमएलपी) तथा एग्रीकल्चर लोन पॉइंट (एएलपी) के लिए, अच्छी तरह से निर्मित परिसर 10,000 स्के.फीट्स +_10% (अर्थात् 10,000 स्के. फीट्स से 11,000 स्के. फीट्स)** अधिमापन कार्पेट एरियायुक्त बिल्डिंग तुरंत उपलब्धता व अधिकार हेतु/निर्माणाधीन भवन परिसर, पट्टा या लीज/किराये पर चाहिए।

भावी विक्रेता (वेण्डर्स) संपत्ति के मालिक अथवा मालिकाना हक रखनेवाले तत्संबंधित विषय में वार्तालाप करने में सक्षम **वेण्डर्स, दि.16-06-2025 से 07-07-2025 तक यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, क्षेत्रीय कार्यालय, आंजनेया काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्य नगर, ओंगोल-523001** से कार्यालयीन समय के दौरान, तकनीकी बोली(टेक्नीकल बिड)/मूल्य बोली(प्राइस बिड) प्रारूपों को प्राप्त कर सकते हैं या तत्संबंधित प्रारूपों को वेबसाइट्सः www.unionbankofindia.com **तथा** http://govtenders.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं तथा वेण्डर्स द्वारा अपने अपने तकनीकी बोली एवम् मूल्य बोली प्रस्तावों को, पृथक रूप में मुहरबंद लिफाफे में डालकर, इस लिफाफे पर **तकनीकी बोली/मूल्य बोली मूल्य बोली अंकित कर, दि.07-07-2025 के मध्याह्न 3.00 बजे** तक या इससे पहले, उपरोक्त **यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, क्षेत्रीय कार्यालय, ओंगोल पते पर प्रेषित व प्रस्तुत करना चाहिए। उपरोक्त पते पर, तकनीकी बोली को, विक्रेतागण/तत्संबंधित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दि.07-07-2025 के मध्याह्न 3.30 बजे खोला जायेगा।** दलालों या मध्यस्थियों को अनुमति नहीं है। इस मामले में सार्वजनिक क्षेत्र की उपक्रमों द्वारा लीज या पट्टे पर दी जानेवाली प्रापर्टी संपत्ति या सरकारी/अर्ध-सरकारी निकायों को प्राधान्यता दी जायेगी। बैंक के पास, कोई भी कारण न देते हुए तत्संबंधित प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता./-
सहायक महा प्रबंधक,
यूनियन बैंक आफ इण्डिया, क्षेत्रीय कार्यालय, ओंगोल


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.

# कांग्रेसी नेताओं समेत 70 लोग अरेस्ट

## अस्थायी जेल में रखा गया, तोड़फोड़ का विरोध करने पहुंचे थे कांग्रेसी, जमकर लगाए गए नारे

रायगढ़, 15 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में मरीन ड्राइव निर्माण को लेकर होने वाले तोड़फोड़ को लेकर लगातार विरोध हो रहे हैं। आज तोड़फोड़ का कांग्रेसी नेताओं ने स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया। ऐसे में पुलिस ने कांग्रेसियों समेत प्रदर्शन करने वाले स्थानीय लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर स्थायी जेल में रखा है।



केलो तट किनारे प्रगति नगर कयाघाट क्षेत्र में तोड़फोड़ शुरू हुई। जहां पहले दिन 20 घरो को तोड़ा गया। वहीं आज दूसरे दिन सुबह से फिर तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू हुई।

जहां जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी इसका विरोध करने पहुंच गए। ऐसे में कांग्रेसियों के साथ मिलकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन व स्थानीय विधायक व मंत्री के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए।

जिससे मौके पर मौजूद पुलिस ने बल ने उन्हें समझाईश देने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी तोड़फोड़ का विरोध करते रहे।

ऐसे में पुलिस द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अनिल शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी, निगम नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया, पूर्व विधायक प्रकाश नायक, पूर्व सभापति जयंत ठेठवार, संजय देवांगन, राकेश पांडे, शाखा यादव, वसीम खान, संदीप अग्रवाल समेत 70 से अधिक कांग्रेसियों व स्थानीय लोगों को अरेस्ट कर लिया। इसके बाद सभी को उर्दना बटालियन को अस्थायी जेल बनाकर वहां रखा गया है।

**दूसरे दिन भी तोड़फोड़ जारी**

प्रगति नगर कयाघाट क्षेत्र में दूसरे दिन भी तोड़फोड़ की कार्रवाई जारी रही। यहां निगम ने 295 लोगों को नोटिस दिया है। एक-एक कर सभी चिन्हित घरों में प्रशासन का बुलडोजर चल रहा है।

मौके पर किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति घटित न हो इसके लिए प्रशासनिक अमला समेत पुलिस का काफी संख्या में बल मौजूद है।

**जारी रहेगा हमारा विरोध**

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने बताया कि गरीबों के आशियाने को तोड़ा जा रहा है और इसका हम लगातार विरोध करते रहेंगे।

प्रशासन गरीबों के साथ अन्याय कर रही है और बिल्डर्स को लाभ दिलाने के लिए मरीन ड्राइव का निर्माण किया जा रहा है। इससे पहले जिस तरह नदी मद में मरीन ड्राइव बनाया गया था।

उसी तरह बिना किसी घर को तोड़े इसका निर्माण करना था। वहीं इस मरीन ड्राइव के बन जाने से यातायात व्यवस्था पर बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

इस संबंध में रायगढ़ DSP सुशांतो बनर्जी ने बताया कि मौके पर जो विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्हें अरेस्ट किया गया है। इसमें कांग्रेसी समेत 70 से अधिक लोगों को अस्थायी जेल रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जो कार कभी छत्तीसगढ़ नहीं आई, उसका काटा ई-चालान

## यूपी का वाहन मालिक बोला-मेरी गाड़ी का फर्जी नंबर हो रहा इस्तेमाल, सीएम से शिकायत

बिलासपुर, 15 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिला परिवहन विभाग में रजिस्टर्ड एक कार कभी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर नहीं आई है। इसके बाद भी ट्रैफिक पुलिस ने उसका ई-चालान भेज दिया है। इससे परेशान गाड़ी मालिक ने अपनी गाड़ी का फर्जी नंबर लगाकर दुरुपयोग करने की शिकायत की है।

उन्होंने पूरे मामले की जांच कर फर्जी नंबर धारक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें कि इस तरह से फर्जी नंबर प्लेट के आधार पर ई-चालान काटने के कई मामले सामने आए हैं, जिस पर पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। दरअसल, नवीन कुमार सिंघानिया गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में रहते हैं और पेशे से वकील हैं। उनके पास टाटा कंपनी की नेक्सान कार है, जिसका नंबर यूपी 53 ईएन 1053 है। उनकी गाड़ी गोरखपुर जिला परिवहन विभाग से रजिस्टर्ड है।

30 मई की सुबह 10.4 मिनट पर उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज आया, जिसमें ई-चालान जमा करने का नोटिस दिया गया था। मैसेज क्लिक कर देखने पर पता चला कि आईटीएमएस छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से भेजा गया है। नोटिस में उन्हें यातायात नियम के खिलाफ गाड़ी चलाने पर 800 रुपए जुर्माना जमा करने कहा गया है।



आईटीएमएस के जरिए यूपी के वकील को भेजा गया ई-चालान। जबकि, उनकी गाड़ी कभी बिलासपुर ही नई आई है।

वकील ने मैसेज देखकर सोचा कि जुर्माने की राशि जमा कर दी जाए। लेकिन, जब पता चला कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से नोटिस भेजा गया है और वो अपनी गाड़ी लेकर कभी बिलासपुर गए ही नहीं है, तो चालान कैसे भेज दिया गया है।

उन्हें आशंका हुई कि उनकी गाड़ी के फर्जी नंबर का आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल हो सकता है। जिसके चलते भविष्य में उन्हें बड़ी परेशानी हो सकती है। लिहाजा, उन्होंने पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है।

वकील सिंघानिया ने अपनी शिकायत में बताया है कि इस ई-चालान से यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक ही नंबर की दो गाड़ियां चल रही है। गाड़ी मालिक यानी को वो खुद कभी बिलासपुर नहीं गए हैं। ऐसे में यह स्पष्ट है कि कोई उनकी गाड़ी का नंबर इस्तेमाल कर रहा है। इसलिए उन्होंने पूरे मामले की जांच कर फर्जी नंबर का दुरुपयोग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

बता दें कि बिलासपुर आईटीएमएस से जारी ई-चालान में पहले भी इस तरह की शिकायतें आई है। जिसमें फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गाड़ी चलाने की बात सामने आई है। लेकिन, इन मामलों में ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी मालिक को ही इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे चालान वसूली कर लिया और उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया।

# 25 लोगों से भरी पिकअप पलटी, 3 लोगों की मौत

## 15 से ज्यादा घायल, इनमें ज्यादातर महिलाएं, सिर-हाथ-पैर में चोट

कोंडागांव, 15 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में 25 लोग से भरी तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 2 महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। वहीं 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र का है। मरने वालों में मंगली बाई (60) और बुधियारीन नेताम (70) का नाम शामिल है। वहीं एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मरने वाले पोटपारा बोरई के रहने वाले थे। सभी चौथिया कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।




दरअसल, पोटपारा बोरई के 25 लोग नई नवेली दुल्हन को ससुराल मोहपाल डिगा से मायके लाने गए थे। रात करीब 10 बजे भूमका दीगानार के पास पहुंचे थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू हो गई। पिकअप पर ड्राइवर का कंट्रोल नहीं रहा और गाड़ी खेत में जाकर पलट गई।

इस दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई। पिकअप में ज्यादातर महिलाएं सवार थी। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों ने फौरन पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन नहीं पहुंचने पर घायलों को निजी गाड़ियों की मदद से फरसगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं। किसी का सिर फूट गया है, तो किसी के हाथ-पैर में चोट है। कुछ लोगों को चोटें नहीं आई है, लेकिन अंदरूनी दर्द है। गाड़ी पलटने के दौरान कई लोग बेहोशी की हालत में भी थे।

वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ेडोंगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक फरसगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल महिला और पुरुषों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कोंडागांव रेफर किया गया है।

# जीरो रिजल्ट, यूएचएस सोंगरा में एक शिक्षक और एक ही स्टूडेंट, वह भी फेल

चाईबासा, 15 जून (एजेंसियां)। मैट्रिक 2025 का रिजल्ट जारी होने के बाद प. सिंहभूम जिले की रैंकिंग पूरे राज्य में सबसे निचले पायदान पर रही। ऐसे में स्कूल से लेकर पूरे सिस्टम पर सवाल उठा। अब स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने जिले के उपायुक्त व जिला शिक्षा पदाधिकारी से 19 जून तक खराब प्रदर्शन वाले स्कूलों की रिपोर्ट मांगी है।

हैरानी की बात ये कि प. सिंहभूम के बंदगांव के बीहड़ में मौजूद उत्क्रमित हाईस्कूल सोंगरा का नाम झारखंड के सात उन स्कूलों में शामिल है, जिनके सभी स्टूडेंट मैट्रिक में फेल हैं। ऐसे में दैनिक भास्कर ने उस स्कूल के साथ अन्य दो स्कूलों की पड़ताल की। जिसमें चौंकाने वाले सीन दिखे। सोंगरा स्कूल की तो गजब कहानी है, इस स्कूल में एक ही शिक्षक है और 2025 में एक ही स्टूडेंट ने मैट्रिक की परीक्षा दी। वह भी फेल है।अब यह स्कूल राज्य के अन्य सात जीरो रिजल्ट स्कूलों की सूची में है।

^शिक्षकों की कमी है। वर्तमान में 739 कार्यरत व विभिन्न विषयों के 658 पद शिक्षक विहीन है। करीब 45 फीसदी से ज्यादा शिक्षकों के पद रिक्त हैं। काफी संख्या में जिले से शिक्षकों का स्थानांतरण अन्यत्र हो गया, लेकिन उसे अनुपात में शिक्षक वापस इस जिले को नहीं मिले। समीक्षा के बाद स्थिति दुरुस्त की जाएगी। - टोनी प्रेम राज टोप्पो, डीईओ, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

# भिलाई में पीडीएस चावल तस्कर ने व्यापारी को दी धमकी

## दूसरे को चावल बेचने पर गाली-गलौज भी, थाने में शिकायत, वीडियो वायरल

भिलाई, 15 जून (एजेंसियां)। दुर्ग जिले में पीडीएस चावल की तस्करी, गाली-गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया है। व्यापारी दीपक अग्रवाल ने छावनी थाने में शिकायत करते हुए बताया कि, चावल तस्कर सूरज साव के दोस्त ने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

दीपक अग्रवाल ने बताया कि, पावर हाउस जलेबी चौक के पास उसकी गल्ले की दुकान है। जहां वो अनाज बेचने और खरीदने का काम करता है। कई लोग उसके यहां पीडीएस चावल लेकर आते हैं। बदले में अच्छी क्वालिटी का चावल लेकर जाते हैं।

व्यापारी दीपक अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि, बीजेवईएम



कैंप मंडल का पूर्व उपाध्यक्ष और भाजपा नेता सूरज साव पीडीएस चावल की तस्करी का काम करता है। उसकी गाड़ी भी कई बार वैशाली नगर, स्मृति नगर, सुपेला और पुलगांव थाने में पकड़ी गई है। सूरज साव ने अपनी सरकार होने की धमकी देकर उसे पूरा पीडीएस चावल देने का दबाव बनाया।

लेकिन दीपक ने चावल दूसरे तस्कर काके सरदार को बेच दिया। इससे सूरज नाराज हो गया और नवीन सिंह को बताई। नवीन ने दीपक अग्रवाल को फोन पर गाली-गलौज कर देख लेने की धमकी दी। इसके बाद दीपक की दुकान पहुंचकर गालियां भी दी। यह देख बाकी व्यापारियों ने नाराजगी दिखाई, तो नवीन बाइक लेकर चला गया।

**पत्नी के साथ थाने पहुंचकर की शिकायत**

घटना के बाद दीपक अग्रवाल अपनी पत्नी के साथ छावनी थाने पहुंचा। उसने लिखित शिकायत कर छावनी थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय से FIR दर्ज करने की मांग की है। मोनिका पाण्डेय ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही है, लेकिन रात भर थाने में बैठे रहने के बाद भी उसकी शिकायत नहीं लिखी गई। अब दीपक का कहना है कि वो रविवार को दोबारा शिकायत दर्ज कराने छावनी थाने जाएगा।

**सत्ता सरकार की धमकी देकर कर रहा तस्करी**

बता दें कि, सूरज साव का एक वीडियो कुछ दिनों पहले भी वायरल हुआ था। उसकी पीडीएस चावल से भरी गाड़ी को कुछ लोगों ने रोक लिया था। वहां कुछ पत्रकार भी पहुंचे थे। इससे सूरज इतने गुस्से में आ गया कि वो वीडियो में ही बोलने लगा कि कांग्रेस सरकार में जब पीडीएस चावल की तस्करी हो रही थी तब क्यों नहीं रोक लिए। भाजपा की सरकार है, विधानसभा उसका है।

# लड़कियों का सेक्सटॉर्शन गैंग, युवक के अश्लील वीडियो बनाए

## हनी-ट्रैप में फंसाकर कहा-फेसबुक-इंस्टा में वीडियो करेंगे वायरल, ब्लैकमेलिंग से तंग आकर ट्रेन से कटा युवक

दुर्ग, 15 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक युवक ने सेक्सटॉर्शन से परेशान होकर ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। सुपेला अंडरब्रिज के पास रेलवे ट्रैक पर खून से सनी टुकड़ों में लाश मिली है। युवक को लड़कियों का गैंग लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। मामला भिलाई के सुपेला थाना क्षेत्र का है।

मृतक का नाम हरविंदर सिंह उर्फ सनी (32) है, जो वैशाली नगर का रहने वाला था। वीडियो कॉल के जरिए अश्लील वीडियो बनाकर धमकाया गया। बार-बार पैसे मांगे गए। ब्लैकमेलिंग से तंग आकर हरविंदर ने खुदकुशी की।

दरअसल, हरविंदर लगातार मानसिक तनाव में था। परिवार



वालों ने देखा कि वह पिछले कुछ दिनों से चुपचाप रहने लगा था, नींद नहीं आती थी और बार-बार फोन पर किसी से बहस करता था।

घटना वाली रात हरविंदर किसी को कुछ बताए बिना घर से निकला। जब देर रात तक वापस नहीं आया, तो घरवालों ने फोन करना शुरू किया, लेकिन सुबह-सुबह सुपेला पुलिस से कॉल आया कि एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है, पहचान कर लीजिए।

मौके पर पहुंचने पर परिवार ने हरविंदर की पहचान की। शव के हालत बेहद खराब थे। शरीर कई हिस्सों में कट चुका था। पुलिस ने शव को सुपेला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया।

परिजनों के मुताबिक कुछ अज्ञात लड़कियों ने वीडियो कॉल पर बुलाकर उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाया, फिर उसे वायरल करने की धमकी दी। लड़कियों की तरफ से धमकी दी जा रही थी कि अगर और पैसे नहीं भेजे, तो तेरा वीडियो पूरे फेसबुक-इंस्टा पर डाल देंगे।

परिजनों ने बताया कि मोबाइल चेक करने पर पता चला कि हरविंदर पर बार-बार पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाया गया। उसने कई बार उनके बैंक अकाउंट में पैसे भी ट्रांसफर किए। उसने अनजान नंबरों से काफी बातचीत की है। उसे कुछ लड़कियां ब्लैकमेल कर रही थीं।

सुपेला थाना प्रभारी और एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मामला संदिग्ध जरूर है, लेकिन परिजनों के मुताबिक युवक को वीडियो कॉल के जरिए फंसाया गया था। हम तकनीकी आधार पर जांच कर रहे हैं। जिन नंबरों से संपर्क हुआ था, उनकी जानकारी साइबर टीम खंगाल रही है।

# केमिकल फैक्ट्री में हादसा

## महिला की मौत, 2 घायल

*1000 किलो का बैग सिर पर गिरा*

भिलाई, 15 जून (एजेंसियां)। भिलाई के छावनी क्षेत्र स्थित अग्रवाल मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री में शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

जामुल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दुर्घटना अग्रवाल मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री के अंदर हुई है। शनिवार दोपहर को सभी मजदूर अपना अपना काम कर कर रहे थे। अचानक काफी हाइट में टंगा एक जंबो बैग (विशालकाय आकार का बोरा) नीचे काम कर रही महिलाओं के ऊपर गिर गया।

बताया जा रहा है कि जो जंबो बैग महिला कर्मियों के ऊपर गिरा है, उसका वजन लगभग 1000 किलो से भी ज्यादा था। बोरे की चपेट में आने से 58 वर्षीय महिला कर्मी जयंती साहू, जानकी यादव और प्रेमिन सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गए। फैक्ट्री के लोगों ने तुरंत घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया।

वहां इलाज के दौरान जयंती साहू की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंचे। दुर्घटना से घबराए घरवाले का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजन विनोद कुमार सिंह ने कंपनी संचालक से मांग की वो सभी घायलों का अच्छे अस्पताल में इलाज करवा दें, जिससे उनके लोग फिर से अपने घर लौट सकें।

परिजनों से पूछताछ में उन्होंने बताया कि जयंती साहू विधवा थी। वो कंपनी में काम करके अपने बच्चों को पाल रही थी। जयंती की मौत से उसके बच्चे अनाथ हो गए हैं। जयंती की मौत से उनके बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पाकुड़ में शादी का झांसा दे किया दुष्कर्म

## रांग नंबर से हुई दोनों की दोस्ती, दो साल तक बनाता रहा संबंध, थाने में हुई शिकायत

पाकुड़, 15 जून (एजेंसियां)। पाकुड़ के हिरणपुर थाना क्षेत्र में एक 25 वर्षीय युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दिए आवेदन के अनुसार पीड़िता ने बताया कि दो साल पहले गलती से एक नंबर डायल हो गया था। फोन सोलागड़िया निवासी अताउल अंसारी का था। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। धीरे-धीरे यह बातचीत प्रेम संबंध में बदल गई।

आवेदन के मुताबिक अताउल ने उससे शादी का वायदा किया। इसी बहाने उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने इनकार कर दिया। पीड़िता ने युवक पर यह भी आरोप लगाया कि जब मेरे परिवार वाले मेरी शादी कहीं और तय कर रहे थे तो अताउल उसे तुड़वा देता है।

युवक के इस रवैये से परेशान युवती ने हिरणपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लातेहार में 24 घंटे में तीन आत्महत्याएं

***2 युवक और 1 युवती ने लगाई फांसी, सभी सुसाइड के पीछे घरेलू विवाद बनी वजह***

लातेहार, 15 जून (एजेंसियां)। लातेहार जिले में 24 घंटे के भीतर तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आत्महत्या की घटनाएं सामने आई हैं। तीनों की घटना के पीछे की वजह घरेलू विवाद माना जा रहा है। सुसाइड की ये घटनाएं शनिवार की रात अलग-अलग समय की है। जानकारी के मुताबिक आत्महत्या की पहली घटना महुआडांड थाना क्षेत्र की है। यहां 18 साल के प्रियांशु जायसवाल ने घर में फांसी लगा ली। प्रियांशु डिप्रेशन में था। बताया जा रहा है कि पिता संतोष जायसवाल से हुए घरेलू विवाद के बाद उसने यह कदम उठाया। वह इंजीनियरिंग का छात्र था। वहीं सुसाइड की दूसरी घटना बरवाडीह थाना क्षेत्र के पहाड़ तल्ली की है। यहां 25 साल के रोहित कुमार ने फांसी लगाकर जान दे दी। रोहित के घर में चार दिन पहले अन्नप्रासन कार्यक्रम हुआ था।

# सूर्या मॉल के 3 स्पा सेंटर्स में सेक्स रैकेट

## 8 जगहों पर पुलिस ने की छापेमारी, आपत्तिजनक सामान के साथ 10 लड़कियां, 3 पुरुष पकड़ाए

भिलाई, 15 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित सूर्या मॉल में पुलिस ने शनिवार देर रात छापेमारी की है। यहां संचालित स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ। पुलिस ने 10 लड़कियों और 3 पुरुषों को हिरासत में लिया है। मौके से कई आपत्तिजनक चीजें भी मिली हैं। मामला स्मृति नगर चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक एएसपी पद्मश्री तंवर ने अपनी टीम के साथ रेड की कार्रवाई की। टीम जब स्पा सेंटर पहुंची तो लगभग सभी ग्राहक थे। पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो वहां अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं। ऐसे में पुलिस ने स्पा में काम करने वाली महिलाओं और पुरुष ग्राहकों को पकड़ा।

एएसपी तंवर ने बताया कि उन्होंने मॉल में संचालित 8 स्पा सेंटर्स पर छापेमार कार्रवाई की है। उन्हें यहां से कई संदिग्ध, अनैतिक चीजों के साथ-साथ रजिस्टर और अन्य सबूत मिले हैं। इससे साफ हो जाता है कि यहां स्पा की आड़ में देह व्यापार का धंधा संचालित हो रहा था।

एएसपी के साथ कार्रवाई में स्मृति नगर चौकी पुलिस और अन्य कई थानों से महिला बल को बुलाया गया था। इन सभी ने स्पा में पकड़े गए लड़के-लड़कियों को गाड़ियों में बैठाया और स्मृति नगर चौकी ले गए। वहां देर रात तक पूछताछ की कार्रवाई चली।

बताया जा रहा है कि पुलिस की टीम जब स्पा सेंटर में रेड करने जाने वाली थी, उससे पहले स्मृति नगर चौकी से उन्हें सूचना चली गई थी। इसके चलते स्पा सेंटर वाले अलर्ट हो गए थे। जब पुलिस ने रेड कार्रवाई की तो उन्हें केवल 3 स्पा सेंटर्स में ही संदिग्ध गतिविधियां मिली। बाकी के 5 स्पा सेंटर्स में पुलिस को कुछ भी नहीं मिला है।

एक महीने पर स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में ही मॉल से कुछ दूर पर एक स्पा सेंटर पर छापा मारा गया था। सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश ने यह रेड कार्रवाई की थी। उन्होंने यहां से स्पा संचालक महिला और चार कस्टमर को गिरफ्तार किया था।

**एसएसपी के निर्देश के बाद भी चल रहा थे स्पा सेंटर**

बता दें कि एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल ने सभी थानों के टीआई और चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उनके रहते जिले में कहीं गैर कानूनी गतिविधियां नहीं होनी चाहिए। स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में जो पिछली कार्रवाई हुई थी, उस समय भी निर्देश दिए गए थे। यहां जितने भी स्पा सेंटर संचालित हैं, सभी को बंद कराना है या फिर नियम के तहत ही चलने देना है। इसके बाद भी सूर्या मॉल में 8-8 स्पा सेंटर में अवैध गतिविधियां होते हुए पाई गई हैं। एएसपी पद्मश्री तंवर ने भी कहा है कि उन्हें काफी दिनों यह शिकायत मिल रही थी। यहां स्पा सेंटर में अवैध गतिविधियां चल रही हैं, जिसके चलते यह रेड कार्रवाई की गई है।

# 2 मिनट की देरी, परीक्षा से चूके 15 एडीईओ कैंडिडेट

रायपुर, 15 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ व्यापम की सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा रविवार को परीक्षा हुई। 200 पदों के लिए 3 लाख 10 हजार कैंडिडेट्स आवेदन किए थे, जिसमें 70 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। रायपुर में 95 केन्द्र बनाए थे। परीक्षा का समय सुबह 10 से दोपहर 12:15 रहा। इसमें करीब 15 अभ्यर्थी 2 मिनट की देरी से पहुंचने पर एग्जाम से चूक गए हैं। हालांकि वह कॉलेज कैंपस के अंदर 9.55 के पहुंच गए थे। वहीं अभ्यर्थियों ने परीक्षा को लेकर कहा कि वैसे बहुत कठिन प्रश्न पूछे जाते हैं, लेकिन इस बार बहुत ही सरल सवाल आए थे। सवाल अच्छे से सॉल्व किए हैं। अब रिजल्ट के बाद ही पता चलेगा कि कितने नंबर मिले हैं और कटे हैं। जेआर दानी कन्या स्कूल के गेट बंद होने के बाद कैंडिडेट अंदर जाने के लिए रिक्वेस्ट करते रहे, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं पत्नी एग्जाम देने के लिए गई, तो पति बच्चे को संभालते हुए दिखाई दिए। कुलेश्वर ने बताया कि वे पाटन के रहने वाले हैं। परीक्षा देने पहुंचे एक अभ्यर्थी ने बताया कि सामान्य हिंदी,छत्तीसगढ़ी सामान्य अध्ययन, भारत का सामान्य अध्ययन, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और आजीविका संबंधित योजनाएं से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे, जो बहुत ही सरल रहे।

# पश्चिम एशिया में बरस रहीं मिसाइलें: ईरान और इस्राइल ने किए ताजा हमले

**ईरान के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय तो ईरान ने इस्राइल पर हमले किए**

**तेल अवीव/तेहरान, 15 जून (एजेंसियां)।** इस्राइल और ईरान के बीच रविवार सुबह ताजा तनाव देखने को मिला। दोनों ही देशों ने एक-दूसरे पर ताजा हमले किए। इस्राइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने ईरानी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय और एक परमाणु परियोजनाओं पर बड़े पैमाने पर हमले करने का दावा किया। आईडीएफ ने रविवार को बताया कि उन्होंने तेहरान में परमाणु हथियार केंद्रों पर हमले पूरे कर लिए हैं। उन्होंने उस केंद्रों पर भी हमले किए, जहां से ईरान परमाणु हथियार बना सकता था। आईडीएफ ने ईरान के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय को भी निशाना बनाया। ईरान ने भी इस्राइल पर हमले किए, जिसके बाद लाखों इस्राइली बंकरों में जाने को मजबूर हुए। ईरान के ताजा हमलों में इस्राइल में एक व्यक्ति की मौत हुई है और 19 लोग घायल हुए हैं।



**ईरानी शासन की परमाणु हथियार परियोजना से संबंधित लक्ष्यों पर हमले पूरे**

इस्राइली रक्षा बलों ने कहा कि उसने तेहरान में ईरानी शासन की परमाणु हथियार परियोजना से संबंधित लक्ष्यों पर हमलों की एक व्यापक श्रृंखला पूरी की है। लक्ष्यों में ईरानी रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय, एसपीएनडी परमाणु परियोजना का मुख्यालय शामिल था।

**जहां ईरान ने अपने परमाणु अभिलेख छिपाए, वहां भी हमला**

आईडीएफ ने बताया कि जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें वह स्थान भी शामिल है- जहां ईरान ने अपने परमाणु अभिलेख छिपा रखे थे।

**शाहरान तेल डिपो को इस्राइली हमले में निशाना बनाया गया**

ईरान ने कहा कि तेहरान में शाहरान तेल डिपो को इस्राइली हमले में निशाना बनाया गया। इस्राइली सेना ने तेहरान के पास एक तेल रिफाइनरी पर भी हमला किया। ईरान ने शनिवार को इस्राइली हमले के कारण आग लगने के बाद दुनिया के सबसे बड़े गैस क्षेत्र साउथ पारस में भी आंशिक रूप से उत्पादन रोक दिया।

**यरुशलम और तेल अवीव में हवाई हमले**

ईरान की ओर से इस्राइली शहरों पर नए हमलों के बाद यरुशलम और तेल अवीव में हवाई हमले के सायरन भी बजाए गए।

**इस्राइल के ऊर्जा बुनियादी ढांचे और लड़ाकू जेट ईंधन उत्पादन की सुविधाओं पर हमला**

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि ईरानी मिसाइलों और ड्रोन ने इस्राइल के ऊर्जा बुनियादी ढांचे और लड़ाकू जेट ईंधन उत्पादन की सुविधाओं को निशाना बनाया।

**ताजा हमले किए गए**

इस्राइली सेना की ओर से शुक्रवार को ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू करने और ईरान के परमाणु और सैन्य स्थलों पर हमला करने के बाद ताजा हमले किए गए।

**शीर्ष जनरलों और वरिष्ठ वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की मौत**

इस्राइल ने कहा कि उसके हमलों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े शीर्ष जनरलों और वरिष्ठ वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की मौत हो गई है। रविवार के हमलों से पहले ईरान के संयुक्त राष्ट्र राजदूत ने कहा था कि 78 लोग मारे गए और 320 से अधिक अन्य घायल हो गए।



महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में एंटी इजराइल प्रदर्शन में भाग लिया।

**ऑपरेशन तब तक जारी रहेगा जब तक इस खतरे को दूर न कर दिया जाए**

इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ऑपरेशन राइजिंग लायन इस्राइल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को कम करने के लिए शुरू किया गया था। उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि यह ऑपरेशन तब तक जारी रहेगा, जब तक इस खतरे को दूर न कर दिया जाए।

**यूएस-ईरान परमाणु वार्ता का एक दौर रद्द**

रविवार को ओमान में होने वाली यूएस-ईरान परमाणु वार्ता का एक दौर रद्द कर दिया गया। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने कहा कि जब तक ईरान पर इस्राइल के बर्बर हमले हो रहे हैं, तब तक यह चर्चा नहीं हो सकती।

**अमेरिका के साथ समझौता करने का आग्रह**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को तेहरान से अपने परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ समझौता करने का आग्रह किया था। उन्होंने इसके साथ ही कहा था कि ईरान को समझौता करना ही होगा, इससे पहले कि कुछ भी न बचे।

## भाभी की हत्या कर देवर फरार

छिंदवाड़ा, 15 जून (एजेंसियां)। भाभी की हत्या कर फरार हुआ आरोपी मुकेश रावतेल उर्फ जुंगी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। पुलिस जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि फरारी के दौरान उसने आत्महत्या की कोशिश की थी, लेकिन फंदा टूट जाने से उसकी जान बच गई। शनिवार को पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई गुंडी को जब्त कर परासिया अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। चांदामेटा पुलिस के अनुसार, बड़कुही टेक निवासी मुकेश ने किसी विवाद के चलते अपनी भाभी की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद वह घटनास्थल से फरार हो गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ट्रेन की पटरी के रास्ते पैदल जामई तक गया, फिर वहीं से लौटकर इकलहरा-बड़कुही क्षेत्र के एक रेलवे पुलिया के नीचे रहने लगा। वहां उसने कई दिन गुजारे। इसी दौरान मानसिक तनाव और निराशा में उसने पिपराज गांव में एक पेड़ पर फांसी लगाने की कोशिश की, लेकिन फंदा कमजोर होने से वह टूट गया और आरोपी नीचे गिर पड़ा। इस हादसे में उसकी पीठ में गंभीर चोट आई।

## 'मैं जल्द मर सकता हूं', मिनेसोटा गोलीबारी के आरोपी ने अपने दोस्त को किया था मैसेज

वॉशिंगटन, 15 जून (एजेंसियां)। मिनेसोटा में हुई गोलीबारी के आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार डॉलर का इनाम घोषित किया है। संदिग्ध आरोपी की पहचान वेंस लूथर बोएलटर के रूप में हुई है। 57 वर्षीय वेंस बोएलटर पर ही मिनेसोटा के राज्य विधायक मेलिसा होर्टमैन और उनके पति की हत्या और स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी पर गोली चलाने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने ग्रे रंग की काउबॉय हैट पहने हुए था। एफबीआई ने आरोपी की जानकारी देने वाले को 50 हजार डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। बोएलटर के दोस्त रहे डेविड कार्लसन (59 वर्षीय) ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले वे दोनों एक ही घर में रहते थे और दोनों करीब एक साल तक साथ रहे। शुक्रवार की रात उसने आखिरी बार बोएलटर को देखा था और सुबह 6 बजे उसके पास बोएलटर का एक मैसेज आया था। इस मैसेज में बोएलटर ने लिखा कि 'वह शायद जल्द मरने वाला है।' कार्लसन ने इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। जांच में पता चला है कि बोएलटर को साल 2016 में गवर्नर की वर्कफोर्स डेवलपमेंट बोर्ड में नियुक्ति हुई थी। ये वोर्फोर्स बोर्ड ही मिनेसोटा के गवर्नर को सलाह देता है। बोएलटर द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी की वजह अभी पता नहीं चल सकी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। अभी तक की जांच में पता चला है कि बोएलटर किसी भी राजनीतिक पार्टी का कट्टर समर्थक नहीं था। ऐसे में राजनीतिक दुश्मनी की बात भी गले नहीं उतर रही है। कार्लसन ने बताया कि बोएलटर ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को वोट किया था और वह भी गर्भपात विरोधी था, लेकिन वह किसी राजनीतिक मुद्दे को लेकर बिल्कुल गुस्से में नहीं था। बोएलटर पूर्व में एक सिक्योरिटी कंपनी का मालिक था, लेकिन हाल के दिनों में बेरोजगार था। एक महीने पहले बोएलटर ने लिंकडन पर लिखा था कि वह फूड इंडस्ट्री में नौकरी की तलाश में है और टेक्सास, मिनेसोटा, फ्लोरिडा और वॉशिंगटन डीसी में काम कर सकता है।

## कमरों में बंद करके जिंदा जलाया, अंधाधुंध फायरिंग

### इस देश में बंदूकधारियों का क्रूर हमला, 100 लोगों की मौत

अबुजा, 15 जून (एजेंसियां)। एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने बताया कि मध्य नाइजीरिया के बेनुए राज्य के येलेवाटा गांव में रात से सुबह तक बंदूकधारियों ने हमला कर कम से कम 100 लोगों की हत्या कर दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किए गए बयान में एमनेस्टी ने बताया कि कई लोग अब भी लापता हैं, दर्जनों घायल हैं और उन्हें पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नहीं मिल सकी है। बयान के अनुसार, कई परिवारों को उनके बेडरूम में बंद कर जिंदा जला दिया गया।

**बेनुए राज्य में बढ़ती हिंसा**

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि बेनुए राज्य में हिंसक हमलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। संगठन ने बताया कि बंदूकधारी बेखौफ होकर लोगों की हत्याएं कर रहे हैं और उन पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो रही। इन हमलों के कारण बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हो रहे हैं और खाद्य सुरक्षा भी खतरे में है, क्योंकि मरने वालों में अधिकांश किसान हैं।



**भूमि विवाद, धार्मिक और जातीय तनाव हैं हिंसा की जड़**

नाइजीरिया के मध्य बेल्ट में स्थित बेनुए राज्य उत्तर के मुस्लिम और दक्षिण के ईसाई समुदायों का संगम स्थल है। यह इलाका अक्सर चरवाहों और किसानों के बीच भूमि उपयोग को लेकर विवादों का केंद्र बना रहता है। चरवाहे जहां मवेशियों के लिए चरागाह की तलाश में रहते हैं, वहीं किसान कृषि भूमि की आवश्यकता के चलते विरोध करते हैं। ये संघर्ष अक्सर जातीय और धार्मिक तनावों में बदल जाते हैं।

**पिछले महीने भी हुआ था हमला, अब तक 500 से ज्यादा की जान गई**

यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब ठीक एक महीने पहले ही बेनुए के ग्वेर वेस्ट जिले में संदिग्ध चरवाहों द्वारा किए गए हमलों में कम से कम 42 लोगों की हत्या की गई थी। रिसर्च फर्म एसबीएम इंटेलिजेंस के अनुसार, 2019 से अब तक ऐसी हिंसक झड़पों में 500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 2.2 मिलियन लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं।

## पाक के झूठ की फिर खुली पोल

### राफेल मार गिराने के दावे की सच्चाई आई सामने

इस्लामाबाद, 15 जून (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद हुई सैन्य कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान के झूठ का हर दिन पर्दाफाश हो रहा है। पाकिस्तान ने दावा किया था कि सैन्य कार्रवाई के दौरान उसकी सेना ने दो राफेल विमान को गिराया है। पाकिस्तान के झूठे दावे पर फ्रांसिसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रापियर ने टिप्पणी की है। एक इंटरव्यू में एरिक ट्रापियर ने कहा कि भारतीय पक्ष ने इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, इसलिए घटना की सटीक परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं है। गौरतलब है कि एरिक ट्रापियर ने साफ तौर पर कहा कि पाकिस्तान का तीन राफेल विमानों को गिराने का दावा पूरी तरह गलत है। इंटरव्यू के दौरान एरिक ने राफेल की ताकत की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि राफेल दुनिया के सबसे बेहतरीन मल्टी-रोल फाइटर जेट्स में शामिल है। इतना ही नहीं उन्होंने ये भी कहा कि यह फाइटर जेट एफ-35 और चीनी लड़ाकू विमानों से बेहतर है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी युद्ध में फाइटर जेट का उद्देश्य शून्य नुकसान नहीं बल्कि अपने लक्ष्य को हासिल करना है। द्वीतीय विश्व युद्ध में भी मित्र देशों ने सैनिक खोए थे। इसका यह मतलब नहीं कि वो हार गए। एरिक ने कहा कि राफेल भले ही अमेरिकी फाइटर जेट एफ-22 जैसे विमानों के मुकाबले कमजोर हैं, लेकिन एयर टू एयर, एयर टू ग्राउंड, परमाणु हमलों और समुद्री विमानवाहक पोतों पर काम करने के लिए यह फाइटर जेट एक शानदार विकल्प है। डसॉल्ट के सीईओ ने यह भी कहा कि राफेल का ओम्नीरोल यानी हर काम में सक्षम होना, उसकी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत है। कुछ महीने पहले ही भारत सरकार ने फ्रांस के साथ एक बड़ा रक्षा डील किया था। भारत सरकार 63 हजार करोड़ रुपये में 26 राफेल-एम लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी में है। डील फाइनल होने के बाद साल 2019 के अंत से विमानों की डिलीवरी होनी शुरू हो जाएगी। ये फाइटर जेट आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य जैसे एयरक्राफ्ट कैरियर्स से ऑपरेट किए जाएंगे।

## अगर हमला किया तो टूट पड़ेगी यूएस आर्मी

### ट्रंप की ईरान को खुली चेतावनी



वॉशिंगटन, 15 जून (एजेंसियां)। इजराइल ईरान युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है। ट्रंप ने रविवार को कहा कि ईरान पर रात में हुए हमले से अमेरिका का कोई लेना-देना नहीं है। साथ ही कहा कि अगर उसने अमेरिका पर हमला करने की कोशिश की तो अमेरिकी सशस्त्र बल पूरी ताकत और ताकत के उस स्तर से आप पर टूट पड़ेगी, जो पहले कभी नहीं देखा गया। इससे कुछ घंटे पहले इजरायल ने दावा किया था कि उसने ईरानी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय और एक परमाणु परियोजना पर बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, "आज रात ईरान पर हुए हमले से अमेरिका का कोई लेना-देना नहीं है। अगर ईरान द्वारा हम पर किसी भी तरह से हमला किया जाता है, तो अमेरिकी सशस्त्र बलों की पूरी ताकत और ताकत से ऐसे हमला करेंगे, जो पहले कभी नहीं देखा गया होगा।" उन्होंने यह भी कहा कि वह ईरान और इजराइल के बीच 'आसानी से' एक समझौता करवा सकते हैं और 'इस खूनी संघर्ष को समाप्त कर सकते हैं।'

**इजराइल का ईरान पर हमला**

इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि उसने ईरानी शासन की परमाणु हथियार परियोजना से संबंधित तेहरान स्थित लक्ष्यों पर हमलों एक सिरीज पूरी कर ली है। एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया कि लक्ष्यों में ईरानी रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय और एसपीएनडी परमाणु परियोजना शामिल थे। आईडीएफ ने कहा कि उसने उस स्थान पर भी हमला किया जहां ईरान ने अपने न्यूक्लियर अर्काइव छिपाए थे।

**ईरान ने रद्द की परमाणु वार्ता**

इजराइल के साथ तनाव बढ़ने के बाद रविवार को ईरान ने एक महीने से ज्यादा समय से चल रही अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता को रद्द कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि इजराइल के हमलों के बाद वार्ता करना अनुचित होगी।

## दुर्लभ मृदा धातु की रेस में ड्रैगन की दहाड़, चीन ने चुपचाप किया ऐसा काम दुनियाभर में कई देशों का हो जाएगा काम तमाम

बिजिंग, 15 जून (एजेंसियां)। ड्रैगन की दहाड़ ने दुनिया को मुश्किल में डाल दिया है। वह लंबे समय से रेयर अर्थ मैग्नेट्स को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा था और अब उसने मौका देखकर इनका एक्सपोर्ट रोक दिया है। भारत, अमेरिका समेत कई देश इससे परेशान हैं क्योंकि इन मैग्नेट्स का इस्तेमाल ऑटो, इलेक्ट्रॉनिक्स और खासकर इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में होता है। भारत में तो ईवी प्रोडक्शन तक रुकने की नौबत आ गई है, क्योंकि अप्रैल से ही चीन ने भारत को सप्लाई बंद कर दी है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, चीन का रेयर अर्थ उत्पादन 2014 से अब तक तीन गुना बढ़ चुका है। साल 2024 में चीन ने 2.7 लाख मीट्रिक टन रेयर अर्थ मेटल्स बनाए, जो पूरी दुनिया के उत्पादन का करीब 69% है। इसके मुकाबले अमेरिका सिर्फ 45,000 टन और म्यांमार 31,000 टन ही उत्पादन कर पाते हैं। ग्लोबल मार्केट में अमेरिका की हिस्सेदारी 11% और म्यांमार की 8% है।

## पाकिस्तान की फिर किरकिरी: क्या अमेरिका ने आसिम मुनीर को सैन्य परेड में आमंत्रित किया? व्हाइट हाउस ने किया साफ




वॉशिंगटन, 15 जून (एजेंसियां)। अमेरिका ने रविवार को उन दावों का खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को अमेरिकी सशस्त्र बलों की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाशिंगटन में चल रही सैन्य परेड में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले से कहा, 'यह झूठ है। किसी भी विदेशी सैन्य नेता को आमंत्रित नहीं किया गया।' यह सफाई उन रिपोर्टों के बाद आई, जिनमें कहा गया था कि अमेरिका ने जनरल मुनीर को आमंत्रित किया था, जिसके बाद भारत से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। राजनीतिक तौर पर भी इस दावे पर एतराज जताया गया। कांग्रेस पार्टी ने इसे कूटनीतिक झटका करार दिया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर भारत की ओर से पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में आतंकी शिविरों पर हाल ही में किए गए सटीक हमलों के बाद अमेरिका का यह रुख कई सवाल खड़े कर रहा था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था कि खबर है कि अमेरिकी सेना दिवस (14 जून) के अवसर पर वाशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल मुनीर को आमंत्रित किया गया है। कूटनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से यह खबर भारत के लिए बड़ा झटका है। कांग्रेस नेता ने पूछा था, 'यह वही व्यक्ति है, जिसने पहलगाम आतंकी हमले से ठीक पहले भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया था। सवाल उठता है कि अमेरिका की मंशा क्या है?' इस बीच भाजपा ने इन दावों को खारिज कर दिया था और जयराम रमेश पर फर्जी सूचना फैलाने और भारत की विदेश नीति पर बेबुनियादी दावे करने का आरोप लगाया था। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी निरंतर दुश्मनी से प्रेरित होकर जयराम रमेश ने गैर-जिम्मेदाराना तरीके से झूठे दावों को बढ़ावा दिया, जिसमें आरोप लगाया गया कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर को अमेरिकी परेड में आमंत्रित किया गया था। प्रधानमंत्री पर हमला करने की अपनी उत्सुकता में जयराम ने न केवल गलत सूचना फैलाई, बल्कि भारत की विदेश नीति पर भी संदेह जताया, जो उनके पाकिस्तान प्रेम की ओर इशारा करता है।'

## अगर पाकिस्तान ने फिर किया अटैक तो कैसे निपटेगा भारत? एस-400 के लिए उठाया ऐसा कदम सुनकर उड़ जाएंगे चीन के होश

नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। इंडिया एस-400: पाकिस्तान की ओर से हाल ही में भारत की अत्याधुनिक एस-400 ट्रायंफ वायु रक्षा प्रणाली को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश के बाद भारतीय वायुसेना (आईएएफ) अपनी वायु रक्षा संरचना को और अधिक सुदृढ़ करने में जुट गई है। पाकिस्तान ने इस हमले में चीन से मिली सीएम-400 ए किलोग्राम सुपरसोनिक मिसाइल का उपयोग किया था, लेकिन भारत की बहु-स्तरीय वायु रक्षा प्रणाली ने इस खतरे को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया। अब आईएएफ भविष्य में ऐसी किसी भी कोशिश को विफल करने के लिए एस-400 सिस्टम के चारों ओर एक और सुरक्षा परत जोड़ने की योजना बना रही है, जिसमें ट्रक-आधारित वेरी शॉर्ट रेंज या क्विक रिएक्शन सर्फेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम को तैनात किया जा सकता है।

**एस-400 : भारत का 'सुदर्शन चक्र'**

पाकिस्तान को जवाब देने के दौरान एस-400 खूब चर्चा में रहा। एस-400 को भारत का "सुदर्शन चक्र" भी कहा जाता है। यह एक लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली प्रणाली है, जो 400 किलोमीटर तक के हवाई लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। यह लड़ाकू विमान, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे खतरों को भी नष्ट कर सकती है। पाकिस्तान ने जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट से दागी गई सीएम-400 ए किलोग्राम मिसाइल से इस प्रणाली को निशाना बनाने का प्रयास किया था, जिसे भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सफलतापूर्वक विफल कर दिया। बताया जा रहा है कि एक पुरानी रूसी प्रणाली ने इस मिसाइल को इंटरसेप्ट किया।

**पाकिस्तान की मिसाइल क्यों हुई फेल?**

आईएएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, सीएम-400 ए किलोग्राम असफल रही क्योंकि यह एक एंटी-



शिप मिसाइल है। इसे जमीन पर हमले के लिए भी उपयोग में लाया जा सकता है, लेकिन यह न तो एंटी-रेडिएशन मिसाइल है और न ही कोई एसईएडी (शत्रु वायु रक्षा का दमन) हथियार।" अधिकारी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान अब चीन से हाइपरसोनिक मिसाइल लेने की कोशिश कर सकता है ताकि भविष्य में भारत की एडवांस प्रणाली को चुनौती दी जा सके।

**वीएल-एसआरएसएएम और क्यूआरएसएएम से बढ़ेगी सुरक्षा**

आईएएफ अब एस-400 की सुरक्षा के लिए वीएल-एसआरएसएएम और क्यूआरएसएएम जैसी त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल प्रणालियों के अधिग्रहण की योजना बना रही है। डीआरडीओ द्वारा विकसित वीएल-एसआरएसएएम प्रणाली 80 किमी तक की दूरी तक लड़ाकू विमान, ड्रोन और सी-स्किमिंग मिसाइल जैसे लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। इसमें 360 डिग्री कवर और सक्रिय रडार होमिंग तकनीक है।

**क्यूआरएसएएम की खासियत**

इसकी रेंज 25–30 किमी है और यह उन्नत एईएसए रडार से लैस है। यह निम्न ऊंचाई वाले, तेज गति के लक्ष्यों के विरुद्ध तुरंत रिएक्ट कर सकता है। दोनों प्रणालियां नेटवर्क-केंद्रित हैं और इन्हें आईएएफ के मौजूदा वायु रक्षा नेटवर्क से जोड़ा जा सकता है, जिससे एस-400 की चारों ओर से सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

**आईएएफ की बहु-स्तरीय वायु सुरक्षा रणनीति**

भारतीय वायुसेना की बहु-स्तरीय रक्षा प्रणाली में एस-400 के अलावा आकाश, बराक-8, और प्रोजेक्ट कुशा जैसी स्वदेशी प्रणालियां शामिल हैं। हालिया झड़पों में इन प्रणालियों ने मिलकर दुश्मन की मिसाइल को विफल कर दिया। एस-400 की रडार प्रणालियां - 91एन6ई 'बिग बर्ड' और 9एन6ई 'ग्रेव स्टोन' ने लक्ष्य को समय रहते ट्रैक कर नष्ट कर दिया।

**आत्मनिर्भर भारत और भविष्य की तैयारी**

वीएल-एसआरएसएएम और क्यूआरएसएएम दोनों डीआरडीओ द्वारा विकसित की गई हैं, जिससे भारत की विदेशी हथियारों पर निर्भरता घटेगी और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। इन प्रणालियों का एस-400 के साथ एकीकरण भारतीय वायुसेना के सतर्क और सक्रिय रक्षा दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो पाकिस्तान और चीन की बढ़ती रणनीतिक चुनौतियों के जवाब में अपनी तैयारियों को लगातार अपग्रेड कर रही है।

## डबवाली में लिव-इन-रिलेशनशिप विवाद में विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति ने भतीजे पर लगाया हत्या का आरोप

सिरसा, 15 जून (एजेंसियां)। डबवाली के वार्ड नंबर 1, अमृतसरियां वाली गली में शनिवार शाम 27 वर्षीय विवाहिता हरप्रीत कौर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति जगदीप सिंह ने अपनी पत्नी की हत्या का आरोप अपने 24 वर्षीय भतीजे हर्षप्रीत उर्फ भोलू पर लगाया है। इस मामले का आधार लिव-इन-रिलेशनशिप से जुड़ा विवाद बताया जा रहा है। डबवाली शहर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। जगदीप सिंह, जो पेशे से टेलर मास्टर है, ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार शाम करीब 7:15 बजे दुकान बंद कर घर लौटा। घर पहुंचने पर उसने पत्नी हरप्रीत कौर को बेसुध हालत में पाया। आसपास के लोग जमा थे। उसे तुरंत डबवाली के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



# गौतम अडानी की 'दुधारू गाय' मुश्किल में , ईरान ने हाइफा पर बैलिस्टिक मिसाइलों से किया जबरदस्त हमला

तेहरान,15 जून (एजेंसियां)। ईरान और इजरायल के बीच लड़ाई गहराती जा रही है। शनिवार को ईरान ने इजरायल के तटीय शहर हाइफा को निशाना बनाते हुए कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हाइफा इजरायल का एक बड़ा बंदरगाह है जिसमें भारत के दूसरे बड़े रईस गौतम अडानी का अच्छा-खासा निवेश है। साथ ही हाइफा इजरायर एक बड़ा नौसैनिक अड्डा है। यहां तेल रिफाइनरी और कई रासायनिक कारखाने भी हैं। इजराइल की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी हाइफा बे इलाके में है। ईरान ने इजराइल की तेल रिफाइनरियों और हाइफा में नौसैनिक अड्डे पर हमला किया।

अडानी ग्रुप ने इजराइल में काफी निवेश किया है। हाइफा पोर्ट के साथ ग्रुप ने रक्षा क्षेत्र में भी निवेश किया है। अडानी ग्रुप ने जॉइंट वेंचर में इजरायल के हाइफा पोर्ट को खरीदा था। साल 2054 तक अडानी ग्रुप के जॉइंट वेंचर को इस पोर्ट को ऑपरेट करने की



जिम्मेदारी मिली है। इस जॉइंट वेंचर में 70 फीसदी की हिस्सेदारी अडानी पोर्ट के पास है और 30 फीसदी की मालिक इसराइली की केमिकल और लॉजिस्टिक कंपनी गडौत है। सोमवार को अडानी ग्रुप के शेयरों पर इसका असर देखने को मिल सकता है।

### शेयरों में गिरावट

इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से अडानी के इस निवेश पर खतरा मंडरा रहा है। निवेशकों में भी डर का माहौल है। शुक्रवार को अडानी ग्रुप के शेयरों पर भी इसका असर देखने को मिला। अडानी ग्रुप की कैश काऊ माने जाने वाली अडानी पोर्ट्स के शेयर 3% से अधिक गिरकर 1396 रुपये पर आ गए थे। आखिर में कंपनी का शेयर 2.71 फीसदी गिरावट के साथ 1405.25 रुपये पर बंद हुआ। इसी तरह ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर भी कारोबार के दौरान 2.8% गिरकर 2469.55 रुपये पर आ गए और अंत में 1.36 फीसदी गिरावट के साथ 2505.65 रुपये पर बंद हुए।

अडानी के हाइफा पोर्ट पर कई तरह के खतरे हैं। मसलन कार्गो में देरी हो सकती है और जहाजों के रास्तों को बदला जा सकता है। पिछली बार इजराइल के दक्षिणी हिस्से में ज्यादा लड़ाई हो रही थी और उत्तरी हिस्से में स्थित हाइफा को सुरक्षित समझा जाता था। लेकिन इस बार ईरान ने हाइफा को निशाना बनाया है। अगर लड़ाई लंबी चली तो पूरे भूमध्य सागर के व्यापार मार्ग पर असर पड़ सकता है। इससे कामकाज और सामान की ढुलाई में दिक्कतें आ सकती हैं।

### कितनी है हिस्सेदारी

अडानी ग्रुप का हाइफा पोर्ट इजराइल में सबसे महत्वपूर्ण निवेश है। अडानी पोर्ट्स ने 2023 में इजराइल के Gadot Group के साथ मिलकर 1.2 अरब डॉलर में इसकी 70% हिस्सेदारी खरीदी थी। यह अडानी पोर्ट्स के सालाना कार्गो वॉल्यूम में लगभग 3% का योगदान करता है। यह इजराइल के आयात और निर्यात के लिए बहुत जरूरी है। पहले भी जब इस इलाके में तनाव बढ़ा था, तब अडानी पोर्ट्स के शेयर गिर गए थे। जहाजों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। जानकारों का कहना है कि अगर यहां लंबे समय तक तनाव बना रहता है, तो इससे अडानी ग्रुप को नुकसान हो सकता है।

# टॉप 10 कंपनियों को 1.65 लाख करोड़ की चपत, किसको हुआ सबसे ज्यादा नुकसान



नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। स्थानीय शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,070.39 अंक या 1.30 प्रतिशत टूट गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई।

### सबसे ज्यादा नुकसान

सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 47,075.97 करोड़ रुपये घटकर 14,68,777.88 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 30,677.44 करोड़ रुपये घटकर 10,10,375.63 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 21,516.63 करोड़ रुपये घटकर 19,31,963.46 करोड़ रुपये रही। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 18,250.85 करोड़ रुपये घटकर 7,07,186.89 करोड़ रुपये रह गया।

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार पूंजीकरण में 16,388.4 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 5,44,893.71 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,481.22 करोड़ रुपये घटकर 10,50,413.33 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत 13,693.62 करोड़ रुपये घटकर 5,93,379.66 करोड़ रुपये पर आ गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 2,417.36 करोड़ रुपये घटकर 5,80,052.09 करोड़ रुपये रहा।

### किसे हुआ फायदा

इस रुख के उलट टीसीएस की बाजार हैसियत 22,215.06 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,190.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 15,578.3 करोड़ रुपये बढ़कर 6,65,318.03 करोड़ रुपये रहा।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

# एचडीएफसी और आईसीआईसीआई सहित कई बैंकों ने एफडी इंटरेस्ट-रेट्स में कटौती की

नई दिल्ली,15 जून (एजेंसियां)। हाल ही में आईसीआईसीआई , बैंक ऑफ इंडिया और एचडीएफसी बैंक सहित कई दूसरे बैंकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर मिलने वाले ब्याज में कटौती की है। ऐसे में अगर इन बैंकों या किसी अन्य बैंक में एफडी कराने का प्लान बना रहे हैं तो इससे पहले पोस्ट ऑफिस की नेशनल टाइम डिपॉजिट अकाउंट के बारे में भी जान लेना चाहिए।

यहां हम आपको पोस्ट ऑफिस की नेशनल टाइम डिपॉजिट अकाउंट के अलावा ये भी बता रहे हैं कि देश के प्रमुख बैंक एफडी पर कितना ब्याज ऑफर कर रहे हैं।

### नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट में मिल रहा 7.5% तक का ब्याज

यह एक तरह की एफडी ही है। इसमें एक तय अवधि के लिए निवेश करके आप निश्चित रिटर्न पा सकते हैं। टाइम डिपॉजिट अकाउंट 1 से 5 साल तक की अवधि के लिए 6.9% से 7.5% तक ब्याज दर की पेशकश करता। इसमें 1000 रुपए का मिनिमम निवेश करना होता है। वहीं अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है।

### फिक्स्ड डिपॉजिट की 5 खास बातें

निश्चित ब्याज दरः एफडी में तुम्हें पहले से तय ब्याज दर मिलती है। उदाहरण के लिए, अगर आप 1 लाख रुपए 7% की ब्याज दर पर 5 साल के लिए एफडी में डालते हो, तो अवधि पूरी होने पर तुम्हें मूलधन के साथ ब्याज भी मिलेगा। यह ब्याज साधारण या चक्रवृद्धि हो सकता है।




फ्लेक्सिबल टेन्योरः एफडी की अवधि 7 दिन से लेकर 10 साल तक हो सकती है। आप अपनी जरूरत के हिसाब से अवधि यानी टेन्योर चुन सकते हैं। छोटी अवधि की एफडी कम ब्याज देती है, जबकि लंबी अवधि की एफडी ज्यादा ब्याज मिलता है।

सुरक्षाः एफडी में आपका पैसा पूरी तरह सुरक्षित रहता है, खासकर अगर आप किसी प्रतिष्ठित बैंक या एनबीएफ में निवेश करते हो। भारत में 5 लाख रुपए तक की एफडी को बीमा कवर देता है, यानी अगर बैंक डूब भी जाए, तो आपका पैसा सुरक्षित रहेगा। लिक्विडिटीः अगर आपको बीच में पैसे की जरूरत पड़ जाए, तो आप एफडी को समय से पहले तोड़ सकते हैं, लेकिन इसमें कुछ पेनल्टी देनी पड़ सकती है, और ब्याज भी कम मिलेगा। टैक्स छूटः अगर तुम 5 साल की टैक्स-सेविंग एफडी में निवेश करते हो, तो तुम सेक्शन 80C के तहत 1.5 लाख रुपए तक की टैक्स छूट पा सकते हो। लेकिन ध्यान रहे, एफडी से मिलने वाला ब्याज कर योग्य होता है।

# अमेरिका के साथ चीन की तरह सख्ती दिखाए भारत ट्रेड डील में ट्रंप पर दबाव बनाकर करे सौदेबाजी

नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)। शुरुआत में, कई देशों ने ट्रंप की व्यापारिक चालों को शांत करने की कोशिश की। पर चीन का सख्त रवैया ज्यादा असरदार साबित हुआ। ट्रंप के 'पारस्परिक शुल्क' से बाजार में गिरावट आई और कानूनी अड़चनें भी आईं। इस वजह से उनका नाम 'TACO' पड़ गया। अब जब 90 दिन की शुल्क रोक खत्म होने वाली है तो भारत को भी बातचीत में सख्त रहना चाहिए।

चीन ने रेयर अर्थ मेटल्स के निर्यात पर रोक लगाकर दबाव बनाया है। यूरोपीय संघ और भारत को गूगल टैक्स को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए। जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 2 अप्रैल को सभी व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ ऊंचे 'पारस्परिक शुल्क' की घोषणा की, तो दुनिया घबरा गई। भारत समेत ज्यादातर देशों ने ट्रंप को शांत करने के लिए नरम लहजे और रियायतें देने का विकल्प चुना। अब यह एक गलती जैसा लग रहा है।

### बेकार हो गई ट्रंप की चाल

चीन ने ट्रंप के ऐसा करने पर अपने शुल्कों को 125% तक बढ़ा दिया। इससे ट्रंप की चाल बेकार हो गई। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट ने जल्द ही मान लिया कि बहुत ज्यादा शुल्क टिकाऊ नहीं हैं। ट्रंप ने बातचीत शुरू करने के लिए इन्हें माफ कर दिया। शुल्क बढ़ाने के अलावा चीन ने शीर्ष अमेरिकी उद्योगों, जिनमें ऑटो भी शामिल है, के लिए जरूरी दुर्लभ पृथ्वी और स्थायी चुंबकों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। पिछले हफ्ते लंदन में हुई बातचीत के बाद ऐसा लग रहा था कि चीन ने अमेरिकी तकनीकी निर्यात और चिप्स पर प्रतिबंधों में ढील देने के बदले में छह महीने से ज्यादा समय तक दुर्लभ पृथ्वी और चुंबकों के निर्यात के लिए लाइसेंस देने पर सहमति जताई है। इससे चीन के पास भविष्य के लिए मजबूत हथियार बचे रहे। ट्रंप ने इतना कम मिलने के बावजूद जीत का दावा किया। इससे पता चलता है कि उनकी बातचीत की स्थिति बहुत मजबूत नहीं है।

जब ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की तो शेयर और बॉन्ड बाजार गिर गए। डॉलर की विश्वसनीयता में गिरावट को लेकर चिंतित ट्रंप ने व्यापार सौदों पर बातचीत करने के लिए 90 दिनों के लिए शुल्क रोक का आदेश दिया। विदेश नीति के साथ-साथ व्यापार और आंतरिक मुद्दों पर भी, वह शुरुआती अड़ियल रुख से पीछे हट गए हैं।

### भारत को क्यों रहना चाहिए सख्त?

इसलिए, भारत और अन्य देशों को बातचीत में सख्त रहना चाहिए, न केवल 90 दिन की समय सीमा तक, बल्कि उससे आगे भी। भारत जो भी व्यापार रियायतें देता है, वे अस्थायी और प्रतिवर्ती होनी चाहिए अगर अदालतें ट्रंप को अधिकार से वंचित कर देती हैं।

बातचीत से पहले ट्रंप को खुश करने के लिए सरकार का तथाकथित गूगल टैक्स को खत्म करना एक गलती थी। गूगल सहित कई वैश्विक कंपनियों का मुख्यालय कर स्वर्गों में है ताकि भारत और ईयू जैसे उपयोगकर्ता देशों में कमाए गए मुनाफे पर टैक्स से बचा जा सके।

ईयू ने टैक्स चोरी को रोकने के लिए इन कंपनियों पर उनके मुनाफे पर नहीं, बल्कि उनके कारोबार पर कर लगाने का प्रस्ताव दिया है। भारत ने भी अपने गूगल टैक्स के माध्यम से ऐसा ही किया। लेकिन ईयू के साथ हाथ मिलाने के बजाय, भारत ने ट्रंप को खुश करने के लिए एकतरफा रूप से अपने गूगल टैक्स को खत्म कर दिया।

# अमेरिका की आव्रजन नीतियां ठीक नहीं हैं', जेपी मॉर्गन चेस के सीईओ ने ट्रंप सरकार की आलोचना की

वॉशिंगटन, 15 जून (एजेंसियां)। जेपी मॉर्गन चेस के चेयरमैन और सीईओ जेमी डिमन ने ट्रंप प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि आव्रजन योग्यता आधारित होना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका ने आव्रजन नीतियों को ठीक से लागू नहीं किया है। गौरतलब है कि अमेरिका में इन दिनों आव्रजन मुद्दा गर्म है और आव्रजन को लेकर अमेरिका के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। पिछले सप्ताह सैन फ्रांसिस्को में आयोजित एक कार्यक्रम में जेमी डिमन ने कहा कि 'अमेरिका अपरिहार्य है। यह अपरिहार्य इसलिए नहीं है क्योंकि हम बेहतर हैं। यह अपरिहार्य इसलिए है क्योंकि (हमारे पास) दुनिया की सबसे अच्छी सेना है, हम दुनिया का सबसे समृद्ध देश हैं, दुनिया की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था हैं, हमारे पास सबसे अच्छी तकनीक है, उस तकनीक की जड़ें हैं, हमारे पास आजादी है। यही चीजें लोगों को यहां लेकर आती हैं।' डिमन ने कहा कि 'अमेरिका की भूमिका अपरिहार्य है। वह भूमिका आर्थिक, सैन्य, शिक्षा आधारित है। इससे लोगों को यहां आने, यहां रहने की इच्छा होती है, जो हमें अधिक योग्यता-आधारित होने की अनुमति देती है, हमें यही करना चाहिए। यही सबसे अहम बात है।' डिमन ने याद करते हुए कहा कि उनके दादा-दादी ग्रीक से अमेरिका आए थे, जो कभी हाई स्कूल नहीं गए। डिमन ने कहा कि 'उनके पास नीतियों की एक सूची है, जो अमेरिका ने अच्छी तरह से नहीं की।' उन्होंने कहा, 'हमारी मोर्गेज नीतियां ठीक नहीं हैं। हमारी आव्रजन नीति ठीक नहीं है। हम किफायती आवास देने में अच्छा नहीं कर रहे हैं। हम युवाओं को कार्य कौशल भी अच्छे से नहीं सिखा पाते।'

# स्पाइसजेट का मुनाफा 12 गुना बढ़ा : जनवरी से मार्च तक 319 करोड़ रुपये का प्रॉफिट, 7 साल बाद पूरे वित्त-वर्ष मुनाफे में रही कंपनी

मुंबई, 15 जून (एजेंसियां)। भारत की लो कॉस्ट एयरलाइन स्पाइसजेट ने अब तक का सबसे बड़ा मुनाफा दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही यानी जनवरी से मार्च तक कंपनी को 319 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट (कॉन्सोलिडेटेड) हुआ है।

ये पिछली तिमाही से 12 गुना ज्यादा है। अक्टूबर से दिसंबर के बीच कंपनी को 26 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। करीब 7 साल बाद पहली बार पूरे वित्त वर्ष में कंपनी फायदे में रही है। चौथी तिमाही में रिकॉर्ड प्रॉफिट के साथ-साथ कंपनी ने 1,942 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया है।




### स्पाइसजेट के रिकॉर्ड मुनाफे के तीन कारण रहे

मजबूत पैसेंजर डिमांड और खर्चों पर कंट्रोल स्पाइसजेट की इस वापसी की वजह मजबूत पैसेंजर डिमांड, खर्चों पर कंट्रोल और टिकटों की सही प्राइसिंग। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की ऑपरेटिंग इनकम 17.5% बढ़कर 1,446 करोड़ रुपए रही। पैसेंजर लोड फैक्टर 88% से ज्यादा रहा, यानी ज्यादातर फ्लाइट्स में सीटें भरी रहीं।

नए रूट्स का विस्तार स्पाइसजेट ने घरेलू नेटवर्क में 24 नई फ्लाइट्स शुरू कीं और तूतुकुड़ी, पोरबंदर, देहरादून जैसे नए शहरों को जोड़ा। इसके अलावा, कंपनी ने हज के लिए स्पेशल फ्लाइट्स शुरू कीं। इससे कंपनी का मुनाफा बढ़ा। कंपनी ने अगले वित्त वर्ष के लिए काठमांडू से इंटरनेशनल फ्लाइट्स की भी शुरुआत कर दी है।

प्रमोटर्स का कंपनी में 500 करोड़ रुपये का निवेश स्पाइसजेट की नेटवर्थ भी लगातार सुधर रही है। इस के आखिर में 683 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। प्रमोटर ग्रुप ने कंपनी में 500 करोड़ रुपये का निवेश किया, जिसमें से 294 करोड़ रुपए जनवरी-मार्च तिमाही में आए। इससे कंपनी की फाइनेंशियल हालत और मजबूत हुई।

### 6 महीने में 25% गिरा है स्पाइसजेट का शेयर

तिमाही नतीजों से एक दिन पहले स्पाइसजेट का शेयर 1.95% की गिरावट के साथ 43.81 के स्तर पर बंद हुआ। एयरलाइन कंपनी के शेयर ने एक महीने में -2.84% का नेगेटिव रिटर्न दिया है। जबकि, लॉन्ग टर्म यानी 6 महीने में 25% और एक साल में 20% गिरा है। स्पाइसजेट का मार्केट कैप 6190 करोड़ रुपए है।

### कॉन्सोलिडेटेड मुनाफा मतलब पूरे ग्रुप का प्रदर्शन

कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंडअलोन और कॉन्सोलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है। जबकि कॉन्सोलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है।

भारत की लो कॉस्ट एयरलाइन है स्पाइसजेट


स्पाइसजेट भारत की लो कॉस्ट एयरलाइन है, जो देश के सुदूर कोनों को जोड़ती है। कंपनी भारत के भीतर 48 डेस्टिनेशन और इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए लगभग 250 फ्लाइट डेली ऑपरेट करती है। स्पाइसजेट के बेड़े में बोइंग 737 मैक्स, बोइंग 700 और क्यू400 शामिल हैं।

स्पाइसजेट ब्रांड की शुरुआत 2004 में हुई थी, लेकिन इसका एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट 1993 का है। तब एसके मोदी के स्वामित्व वाली एक एयर टैक्सी कंपनी ने जर्मन एयरलाइन के साथ लुफ्थांसा के साथ पार्टनरशिप की थी। 1996 में इसके ऑपरेशन बंद हो गए थे।

2004 में, एंटरप्रेन्योर अजय सिंह ने भारत की लो कॉस्ट एयरलाइन स्पाइसजेट बनाने की योजना बनाई। स्पाइसजेट की पहली फ्लाइट 24 मई 2005 को लीज्ड बोइंग 737-800 का उपयोग करके नई दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना हुई थी।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर



श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
सूर्योदय - 05-45
सूर्यास्त - 18-47
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मिथुन में | मिथुन.. | 05-40 बजे |
| चंद्र- | मकर में | कर्क... | 07-53 बजे |
| मंगल | सिंह में | सिंह--- | 10-04 बजे |
| बुध- | मिथुन में | कन्या... | 12-11 बजे |
| गुरु- | मिथुन में | तुला---- | 14-18 बजे |
| शुक्र- | मेष में | वृश्चिक.. | 16-26 बजे |
| शनि- | मीन में | धनु...... | 18-40 बजे |
| राहु- | कुंभ में | मकर... | 20-50 बजे |
| केतु- | सिंह में | कुंभ... | 22-37 बजे |
| | | मीन.... | 00-15 बजे |
| | | मेष..... | 01-51 बजे |
| | | वृष.... | 04-20 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- पंचमी 15-32 तक उपरान्त षष्ठी
मास - आषाढ़ कृष्ण , सोमवार 16 June
नक्षत्र - धनिष्ठा 01-13 तक उपरान्त शतभिषा
योग - वैधृति 11-06 तक उप विष्कुंभ
करण- तैतिल 15-32 तक उप गर
विशेष:-
व्रत-त्योहार - पंचक 13-13 से

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 07:22 से 09:00 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05:45 - 07:22 | शुभ | चंचल। | 18:47 - 20:12 | शुभ |
| काल | 07:22 - 09:00 | अशुभ | रोग | 20:12 - 21:34 | अशुभ |
| शुभ | 09:00 - 10:38 | शुभ | काल | 21:34 - 22:55 | अशुभ |
| रोग | 10:38 - 12:17 | अशुभ | लाभ | 22:55 - 00:17 | शुभ |
| उत्पात | 12:17 - 13:55 | अशुभ | उत्पात | 00:17 - 01:39 | अशुभ |
| चंचल | 13:55 - 15:34 | शुभ | शुभ | 01:39 - 03:00 | शुभ |
| लाभ | 15:34 - 17:12 | शुभ | अमृत। | 03:00 - 04:22 | शुभ |
| अमृत | 17:12 - 18:47 | शुभ | चंचल | 04:22 - 05:45 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) आप पिछले कई दिन से बेचैन और नाखुश सा अनुभव कर रहें हैं लेकिन आज आपका रुख इस समस्या को और अधिक गंभीरता से लेने का है । आपको यह जानना है कि इस समस्या की जड़ क्या है ,आज का दिन इस काम के लिए सबसे बेहतर है । लम्बे समय से उपेक्षित कुछ कामो की योजना बनाने के लिए भी अच्छा दिन है ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) आपको अपनी स्थिति ,विशेषकर वित्तीय स्थिति पर अच्छी तरह विचार करने की आवशयकता है । बहुत खर्च करने में आनंद आ सकता है लेकिन इससे आपके परिवार की वित्तीय स्थिति पर भी बुरा असर पड़ सकता है ,आपको यह जानना होगा । जहां तक वित्तीय स्थिति का सवाल है।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) आप आज आसानी से सब काम करके जीवन के स्कोप को बड़ा कर सकते हैं । अपनी एकाग्रता बनाएं रखें और अपनी सारी ऊर्जा उसमें लगा दें,ऐसा कुछ भी किसी को न कह बैठें,जो आपको भावनात्मक उलझन में फंसा दें । बिजनेस का विस्तार हो सकता है या पहले से खुले आउटलेट्स को नया रूप दे सकते हैं ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) अगर किसी के साथ इन दिनों आपके सम्बन्ध सही नही हैं तो आज उनसे इस बारे में बात कर सकते हैं । उनकी भी बात ध्यानपूर्वक सुनें । सामने वाले को ना तो इतनी छूट दें की आपको रोंदकर आगे बढ़ जाए,ना ही बहुत रुखा व्यवहार करना ठीक होगा । ऑफिस में आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात सम्भव है,सतर्क और सक्रिय रहें ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) आज का दिन मौज मस्ती के नाम रहेगा ।आज सगे सम्बन्धियों से मुलाकात हो सकती है ,फोन या मेल के द्वारा भी संपर्क हो सकता है ।वर्त्तमान समय अपने सामाजिक कौशलों को निखारने तथा आने वाली पार्टियों के लिए खुद को तैयार करने का बिलकुल सही समय है ।दिन के आगे बढ़ने के साथ साथ वित्तीय परेशानियां अपने आप दूर होती जायेंगी ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आपकी वर्तमान जिंदगी में काफी उतार चढाव आ रहे हैं ।लेकिन आपको उनसे जल्दी ही छुटकारा मिलने वाला है । अपना नजरिया हमेशा की तरह सकारात्मक बनाये औरखें,स्थिति जल्दी ही बेहतर होगी । लोग आपसे सहायता मांगेंगे और आप उनकी सहायता में व्यस्त होकर अपनी चिंताएं भूल जायेंगें ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) आज का दिन समृद्धि के एक नए कार्यक्रम को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा है ।अगर आप किसी नयी परियोजना के बारे में काफी सोचकर भी किसी नतीजे तक नही पहुंच पाए हैं तो आज शुरूकर लें,आज आप जो भी करना शुरू करेंगे ,सफलता जरुर मिलेगी । आज होने वाली घटनाओं से आपके वित्त सम्बन्धी नजरिये में भी बदलाव आएगा और नकारात्मकता कम होगी ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) छोटी छोटी परेशानियां और असहमतियां दिन भर सामने आती रहेंगी ।आपको इन छोटी छोटी बातों की उपेक्षा कर देनी है,नही तो आप अपनी मानसिक शांति को नष्ट कर लेंगे । अपनी समस्याएँ किसी के साथ बांटने की कोशिश करें,आपको अच्छा अनुभव होगा । एकांत की गतिविधियाँ आज बहुत अच्छी रहेंगी ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) आपकी मन की आवाज अब सक्रिय है और हर काम में आपका बहुत अच्छा मार्गदर्शन करेगी । आप मजे मजे में भी आसानी से जोखिम उठा पाने की स्थिति में हैं । भाग्य आपके साथ है फिर भी आपको कोई भी कदम उठाने से पहले दो बार सोच लेना चाहिए । आप भावनाओ की बाढ़ को अनुभव करेंगे ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) आज आप जिद्दीपन के प्रति अपना स्वाभाविक झुकाव महसूस करेंगे ।लेकिन जब आपको यह अनुभव होगा की ऐसा करना आपके हित में नही है तो आप पछतावा भी महसूस करेंगे । अच्छे से स्थिति समझें,आकस्मिक भावनाओं के बहाव में बहने के स्थान पर स्पष्ट सोच से काम लें ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) आज आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा ।पहचान और इज्जत भी मिलेगी ।वित्तीय स्थिति बेहतर होगी,ऑफिस में तारीफ़ मिलेगी । वेतन में बढ़ोतरी भी संभव है । सेल्स क्षेत्र वाले लोग भी लक्ष्य हासिल क्र पायेंगे । आज अपने परिधा।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) आपको दोस्तों का प्यार पाने के लिए थोडा नम्र बनना पड़ेगा । आप यह नही जानते लेकिन आपको घमंडी समझा जाता है इसीलिए यह सबसे अच्छा समय है कि आप दूसरों की आलोचना करने के स्थान पर अपनी भूतकाल की गतिविधियों का विश्लेषण करें ।यह आपके लिए अपने अंतर्मन में झाँकने का बहुत अच्छा समय है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# गृह मंत्री अमित शाह ने योगी आदित्यनाथ को बताया देश का सबसे सफल मुख्यमंत्री



लखनऊ, 15 जून (एजेंसियां)। नरेन्द्र मोदी सरकार में गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी और सफल पुलिस भर्ती में चयनितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने चयनितों को संबोधित किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि योगी आदित्यनाथ देश के सबसे सफल मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने 2023 से प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद इसका कायापलट कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 से देश को संभाला तो योगी आदित्यनाथ ने 2017 ने उत्तर प्रदेश को सजाया और संवारा। उत्तर प्रदेश आज देश का पावर हाउस है। उन्होंने नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती को लेकर कहा कि आज उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए ऐतिहासिक दिन है और यूपी में आज युवाओं के जीवन का सबसे शुभ दिन है। अमित शाह ने कहा कि 2017 के बाद यूपी पुलिस बुलंदी की राह पर आगे बढ़ी है। प्रदेश में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का बेहतर माहौल है। योगी आदित्यनाथ के रूप में पुलिस बल को नया आत्मविश्वास और जनता का भरोसा मिला है।

आरक्षी नागरिक पुलिस में 60,244 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। नव चयनित सिपाहियों में 12048 महिलाएं भी हैं। पहले परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद कर दी गई थी जिसे बाद में दोबारा कराया गया। कार्यक्रम में जिलों से अभ्यर्थियों को लखनऊ लाया गया है। अभ्यर्थियों को शनिवार रात लखनऊ के आसपास के जिलों में ठहराने का प्रबंध भी किया गया है। रविवार सुबह 10 बजे तक सभी अभ्यर्थी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। जहां जिलेवार उनके बैठने का प्रबंध किया गया। कार्यक्रम को देखते हुए लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन प्लान लागू था। कानपुर नगर, रायबरेली, सुलतानपुर, फतेहपुर, सीतापुर, महोबा, उन्नाव, अमेठी, बस्ती व जालौन में यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर कोई भी भारी वाहन लखनऊ की ओर नहीं आ सकेगा। डीजीपी राजीव कृष्ण ने सबसे बड़े नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के सुरक्षा प्रबंधों को लेकर कड़े निर्देश दिए हैं। अभ्यर्थियों के ड्रेस कोड व उनकी सुविधाओं को लेकर भी विस्तृत निर्देश दिए हैं। राजपत्रित अधिकारी अभ्यर्थियों को लखनऊ लेकर आएंगे। उनके ठहरने व अन्य सुविधाओं को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। यह प्रदेश में अब तक का सबसे विशाल नियुक्ति पत्र वितरण समारोह है। कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जा रहे हैं। सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया था, जिसके चलते परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। बाद में कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच दोबारा सकुशल परीक्षा संपन्न कराई गई थी।

### शादी टूटने से नाराज युवक ने घर में सो रही युवती पर किया जानलेवा हमला, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

सिद्धार्थनगर, 15 जून (एजेंसियां)। जिले के लोटन थाना क्षेत्र के तरघौना गांव में घर में सो रही किशोरी पर सिरफिरे युवक ने हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। परिजन पीड़िता को माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। आपको बता दें कि, घायल प्रियंका की शादी महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बेलवा बकहनिहां में पसंद कुमार पुत्र जयकिशन के साथ तय हुई थी, जो किसी कारण वश शादी टूट गई थी। प्रियंका पर हमले की वजह शादी का टूटना माना जा रहा है। लड़की और आरोपी की शादी तय थी, जो किन्हीं कारणों से टूट गई। इससे नाराज होकर उसने ऐसा कदम उठाया है। वहीं, पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करके आरोपी के तलाश में जुटी हुई है।

### 'राहुल गांधी को अपने देश पर भरोसा नहीं है'



**गिरिराज सिंह बोले- कांग्रेस नेता को चीन-पाकिस्तान पर भरोसा है,**

बेगूसराय, 15 जून (एजेंसियां)। बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को भारत पर भरोसा नहीं है। उन्हें चीन और पाकिस्तान की एंबेसी पर भरोसा है। यही तो उनकी विश्वसनीयता है। कांग्रेस नेता के ट्वीट पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'राहुल गांधी को बीबीसी की रिपोर्ट पर भरोसा है। दूसरे देशों पर भरोसा है, लेकिन अपने देश पर नहीं। ऑपरेशन सिंदूर पर भी सवाल उठाते हुए हैं। वही बात करेंगे जो भारत के विरोध में होगा। क्या इन्होंने संकल्प ले लिया है कि मुझे भारत के विरोध में ही बोलना है।' दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाकुंभ भगदड़ पर बीबीसी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए ट्वीट किया था। उन्होंने कहा था, 'भगदड़ में हुई मौतों के आंकड़े छिपाए गए। जैसे कोविड में गरीबों की लाशें और आंकड़े मिटा दी गई थी। हर बड़े रेल हादसे के बाद सच्चाई दबा दी जाती है। यही तो बीजेपी मॉडल है। गरीबों की गिनती नहीं, तो जिम्मेदारी भी नहीं।

## बाबा साहेब के अपमान मामले में लालू यादव को मिला नोटिस

# पूछा- क्यों ना आप पर मुकदमा दर्ज किया जाए ?

पटना, 15 जून (एजेंसियां)। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव इन दिनों चर्चे में बने हुए हैं। इस बीच उनकी परेशानी बढ़ गई है। दरअसल, बाबा साहेब के अपमान मामले में लालू यादव को राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने नोटिस दिया है। उस नोटिस के जरिये लालू यादव को 15 दिनों का समय दिया गया। उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है कि, आखिर उन पर मुकदमा क्यों ना दर्ज किया जाए। याद दिला दें कि, पिछले 11 जून को लालू यादव का जन्मदिन था। इस मौके से जुड़ी कई तस्वीरें सामने आई। कई सारे राजद के नेता और कार्यकर्ता उन्हें तोहफे दे रहे थे। जिसमें देखा गया कि, लालू यादव को बाबा साहब डॉ। भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर भी भेंट स्वरूप दी गई। इस दौरान लालू यादव एक कुर्सी पर बैठकर सामने टेबल पर पैर पसारे हुए थे। जिसके बाद से सियासत गरमाई गई है।



**लालू यादव की हुई जमकर आलोचना**

लगातार राजनीतिक नेताओं की ओर से लालू यादव पर तंज कसे जा रहे हैं। सत्ता पक्ष की ओर से लालू यादव की जमकर आलोचना की जा रही है। वहीं, राज्य अनुसूचित जाति आयोग की ओर से जारी किए गए नोटिस में साफ तौर पर जिक्र किया गया है कि, आपने अपने जन्मदिन के अवसर पर संविधान निर्माता डॉ। भीमराव अंबेडकर जी की फोटो का अपमान किया है, जो सोशल मीडिया पर लगातार देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि, डॉ। भीमराव अंबेडकर साहब के अपमान से किसी एक वर्ग ही नहीं बल्कि पूरे देश के सम्मान को ठेस पहुंचा है।

**15 दिनों के अंदर मांगा स्पष्टीकरण**

आगे आयोग ने जिक्र किया कि, 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण दें और बताएं कि क्यों नहीं आप पर अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत आप पर मुकदमा दर्ज किया जाए। इस नोटिस के जरिये साफ तौर पर आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है। ऐसे में 15 दिनों का समय उन्हें दिया गया है। ऐसे में देखना होगा कि, आगे क्या कुछ एक्शन लिया जाता है। बता दें कि, बिहार की सियासत में लगातार इस मुद्दे को लेकर वाद-विवाद हो रहे हैं। एक के बाद एक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है।

### प्रयागराज में बिजली गिरने से पति-पत्नी, 2 बेटियां जिंदा जलीं

प्रयागराज, 15 जून (एजेंसियां)। प्रयागराज में बिजली गिरने से पति-पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बच्चियों की उम्र 5 और 3 साल थी। घटना उस वक्त हुई, जब पूरा परिवार घर में सो रहा था। शव इस कदर जल चुके थे कि सिर्फ कंकाल बचे। पूरे प्रदेश की बात करें तो पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 15 लोगों की जान जा चुकी है। ललितपुर-प्रयागराज में 4-4, औरैया में 3, हमीरपुर में 2, जालौन और महोबा में 1-1 लोगों की जान गई है। इसके अलावा, हीटस्ट्रोक से 24 घंटे में 7 लोगों की मौत हुई है। वाराणसी में 4, सोनभद्र, गाजीपुर और मिर्जापुर में 1-1 लोगों की जान गई। आज सुबह सहारनपुर, गोंडा, इटावा, संभल, बुलंदशहर और बिजनौर में तेज बारिश हुई। लखनऊ में भी सुबह 3 बजे हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 47 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किमी की स्पीड से हवाएं चलेंगी। वहीं, 18 जिलों में हीटवेव चलने की संभावना जताई है।

## अपराध पर नियंत्रण के लिए सरकार सख्त

# प्रशासन को खुली छूट; डिप्टी सीएम ने दी नई जानकारी



पटना, 15 जून (एजेंसियां)। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा है कि सरकार अपराध पर नियंत्रण के लिए दृढ़ नीति के साथ कठोर कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को नियमानुसार पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की है। प्रशासन को एनकाउंटर, बुलडोजर कार्रवाई, या उनकी संपत्ति जब्त करने जैसे सभी आवश्यक कदम उठाने की खुली छूट दी गई है। जो लोग कानून को तोड़ेंगे उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन को स्पष्ट निर्देश है कि अपराधियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। सिन्हा ने कहा, हमने पहले भी अपराध को कुचला है और अब भी इसे पूरी तरह समाप्त करने के लिए दृढ़संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट निर्देश है कि यदि कोई हत्या का अपराध करता है, तो न केवल उसकी संपत्ति जब्त की जाएगी, बल्कि उसके परिवार को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। हत्या एवं दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का एक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### समधन से चला अफेयर तो खटकने लगी बीवी, अधेड़ उम्र में उठाया ऐसा कदम

अलीगढ़, 15 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ का सास-दामाद केस तो याद है ना? यहां दो महीने पहले एक सास अपने ही होने वाले दामाद संग भाग गई थी। अब ऐसी ही एक और अटपटी लव स्टोरी सामने आई है। अधेड़ उम्र के एक शख्स ने अपनी ही बेटी की सास से अफेयर चलाया। पत्नी ने जब इसका विरोध किया तो शख्स ने समधन संग मिलकर पत्नी को जलाकर मार डालने की कोशिश की। महिला ने पति और अपनी समधन के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

मामला गांधीपार्क थाना क्षेत्र के धनीपुर इलाके का है। यहां शनिवार को एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलस गई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। आरोप है कि उसके पति और समधन के बीच अवैध संबंध हैं। इसका विरोध करने पर दोनों ने मिलकर उसे जला दिया। महिला ने भी पुलिस को दिए बयानों में यही आरोप लगाए हैं। महिला की बेटी भी अपनी सास और पिता के बीच अवैध संबंध होने की बात कह रही है। उसका कहना है कि इन्हीं अवैध संबधों के विरोध के चलते उसकी मां को जलाया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### कैमूर में महिला पुलिसकर्मी को मारी गोली



कैमूर, 15 जून (एजेंसियां)। कैमूर में बेखौफ अपराधियों ने एक महिला पुलिसकर्मी को गोली मार दी। घायल पुलिसकर्मी को भभुआ सदर अस्पताल ले जाया गया। यहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि महिला पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी पर मधेपुरा जाने के लिए कुदरा से ट्रेन पकड़ने के लिए अपने पति के साथ बाइक से रेलवे स्टेशन जा रही थी, तभी बुलेट पर सवार दो अपराधियों ने पीछे से गोली मार दी। घायल महिला पुलिसकर्मी सरिता कुमारी कुदरा में किराए के मकान में रहती थी। वह भीतरी बांध करमचट थाना की निवासी थीं।

## सोने का भाव 1 लाख के हुआ पार तो अखिलेश यादव ने उठाए सवाल, डकैती और चोरी का किया जिक्र

लखनऊ, 15 जून (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोने के दाम बढ़ने को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ महीनों में सोने-चांदी की दुकानों में लगातार डकैती और चोरी की वारदातें बढ़ी हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को सोने के भाव एक लाख से ऊपर जाने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि सोने का भाव '1 लाख' से ऊपर जाना अन्य निवेशों पर अविश्वास और आर्थिक अनिश्चितता का प्रतीक है। ये देश और व्यापार के लिए अच्छा नहीं है। इन हालातों में सरकार कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग पर विशेष ध्यान दे। क्योंकि इससे सोने की राहजनी, छिनैती, चोरी व लूट जैसे अपराध बढ़ेंगे। खासतौर से तब जब देश-प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ महीनों में सोने-चांदी की दुकानों में लगातार डकैती और चोरी की वारदातें बढ़ी हैं, अतः सुरक्षा की समीक्षा के लिए सोने-चांदी के व्यापारियों के संगठनों के साथ नियमित बैठक की जाएं। रात में सर्राफा बाजारों की विशेष पेट्रोलिंग हो और सीसीटीवी की व्यवस्था की नियमित चेकिंग हो। निजी सुरक्षा गार्ड व घरों में काम करने वालों की नियुक्तियों में उनकी व्यक्तिगत पृष्ठभूमि की गंभीर जांच हो, जिससे अपराधी प्रवृत्ति के लोग गार्ड, ड्राइवर या सहायक बनकर सुरक्षा व्यवस्था में सेंधमारी न कर सकें। अखिलेश यादव ने लिखा कि हाल के कुछ सालों में बैंकों के लॉकरों से भी आम जनता का सोना चोरी हुआ है, इसलिए बैंकों की सुरक्षा के लिए भी अतिरिक्त व्यवस्था की जाए। आम जनता से भी सजग रहने की अपील की जाए। शादी समारोह स्थलों व शादी-गृहों, होटलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए। पुलिसकर्मियों की कमी को दूर करने के लिए नियमित भर्ती जैसे दूरगामी कदम भी उठाए जाएं क्योंकि भाजपा राज में जब 3-4 सालों में भर्ती प्रक्रिया पूरी होगी, तब तक 50-60 हज़ार पुलिसकर्मी रिटायर हो चुके होंगे तो पुलिसकर्मियों की कमी फिर वहीं की वहीं रह जाएगी।



## गोंडा में ठेकेदारों की दबंगई, केंद्रीय मंत्री और विधायक ने शिकायत की

गोंडा, 15 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने गोंडा-बलरामपुर जिले में सड़क निर्माण को लेकर हुए टेंडर प्रक्रिया पर शिकायत की है। शिकायत किसी आम व्यक्ति ने नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों ने की है। ये जनप्रतिनिधि है गोंडा सांसद और केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और मनकापुर विधायक रामपति शास्त्री। गोंडा और बहराइच जिले में अब तक 11 टेंडर रद्द हो चुके हैं, जिनकी कुल लागत 300 करोड़ रुपयों की है। टेंडर रद्द होने की कहानी इटियाथोक बाबागंज सड़क निर्माण से शुरू होती है, इस सड़क के निर्माण को लेकर प्रशासन द्वारा दो बार टेंडर प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाई गई। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि अधिक से अधिक फर्म टेंडर प्रक्रिया में शामिल हो। इसके बाद भी सिर्फ 5 फर्मों ने आवेदन किया। जब इसकी जानकारी कीर्तिवर्धन सिंह को हुई तो उन्होनें पता लगाया कि टेंडर प्रक्रिया में और फर्म इसलिए शामिल नहीं हुई, क्योंकि उन फर्मों के मालिकों को डराया धमकाया गया था। इसके बाद उन्होंने शासन को पत्र लिखकर टेंडर रद्द करने की मांग की। केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने शासन को लिखे गए पत्र में बताया गया है कि गोंडा और बलरामपुर जिले में रसूखदार और प्रभावशाली फर्म के ठेकेदारों द्वारा टेंडर प्रक्रिया में दबंगई की गई। उन्हें डराया धमकाया गया, जिससे कई फर्म के ठेकेदार टेंडर प्रक्रिया में खौफ के कारण शामिल नहीं हुए। शिकायत मिलने पर उत्तर प्रदेश शासन के सचिव अभिषेक गंगवार ने प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ को देवीपाटन मंडल में निविदाओं से संबंधित शिकायतों के संबंध में एक पत्र लिखा गया है।



### शव लेकर आ रही एंबुलेंस पिकअप से टकराई, पांच लोगों की मौत

अमेठी, 15 जून (एजेंसियां)। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह सड़क हादसे में एम्बुलेंस सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना बाजार शुकुल क्षेत्र के चौरा गांव के पास माइल स्टोन संख्या 59.70 पर सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई। जानकारी के अनुसार, हरियाणा के फिरोजपुर में रहने वाले अशोक शर्मा की मौत के बाद शव को लेकर बिहार के समस्तीपुर स्थित पैतृक गांव ले जाया जा रहा था। एम्बुलेंस में उनके बेटे रामभद्रपुर निवासी राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा (26), गांव के ही रवि शर्मा (28), रिश्तेदार फुलो शर्मा (45) निवासी रवि टोला, हथौड़ी और पुरनाही गांव निवासी शंभू राय (46) सवार थे। वाहन चला रहे हरियाणा के नूंह जिले के आबिद (28) और सरफराज (30) भी साथ में थे। रविवार सुबह एम्बुलेंस ने आगे चल रही पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एम्बुलेंस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में राजकुमार, रवि, फुलो, आबिद और सरफराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शंभू राय गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल और फिर एम्स रायबरेली रेफर किया गया। सूचना मिलते ही डीएम संजय कुमार चौहान, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, यूपीडा टीम और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य के बाद वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया गया।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में ये काम करके बुरे फंसे तेज प्रताप यादव, जांच का आदेश जारी

पटना, 15 जून (एजेंसियां)। अपने बयानों और निजी जीवन को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले राजद नेता लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप यादव एक बार फिर सुर्खियों में है। दरअसल तेज प्रताप 12 जून को काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान दर्शन करने के बाद मंदिर के मुख्य परिसर से बाहर निकलते समय उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। अब इस वायरल वीडियो के आधार पर मंदिर प्रशासन ने संज्ञान लिया है।

**काशी विश्वनाथ के प्रतिबंधित क्षेत्र में बनाया गया वीडियो**

काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा की तरफ से तेज प्रताप यादव के वायरल होते वीडियो को लेकर बयान जारी करते हुए कहा गया है कि



- किसी राजनेता का एक वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। जबकि मंदिर का वह परिसर रेड जोन प्रतिबंधित क्षेत्र है। पूर्व में भी किसी श्रद्धालु के आग्रह निवेदन पर ही मंदिर प्रशासन के व्यक्ति द्वारा वहां उसकी तस्वीर ली जाती है। लेकिन इस प्रकार से बनाए गए वीडियो को लेकर जांच के आदेश दिए गए हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य परिसर में मंदिर प्रशासन के अलावा किसी भी व्यक्ति को मोबाइल कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं है। सीनियर पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में पत्र लिखा गया है।

**वायरल वीडियो को लेकर चर्चा में आए तेज प्रताप**

तेज प्रताप यादव 12 जून को वाराणसी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव मंदिर में भी दर्शन पूजन किया था। वह अपने समर्थकों के साथ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से बाहर निकल रहे थे और इसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। जिसके बाद इस वीडियो की खूब चर्चा हुई थी कि मंदिर के मुख्य परिसर में ही तेज प्रताप यादव ने इस प्रकार से रील वीडियो कैसे बनवाया। अब इस मामले में मंदिर प्रशासन की तरफ से संज्ञान लिया गया है।

## अति पिछड़ी जातियों को जोड़ रही कांग्रेस, अनिल जयहिंद बोले- आबादी के हिसाब से दिलाएंगे हिस्सेदारी



लखनऊ, 15 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अति पिछड़ी जातियों को गोलबंद करेगी। इन जातियों को सियासी गुलदस्ते के रूप में सजाकर सियासी ताकत बढ़ाएगी। इसकी शुरुआत शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित भागीदारी न्याय महासम्मेलन से की गई है। महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने कहा कि कांग्रेस हर व्यक्ति को हिस्सेदारी दिलाने के लिए तत्पर है। अब आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि देशभर के 90 प्रतिशत पिछड़े, दलित आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज के साथ प्रतिदिन शोषण हो रहा है। उनके शोषण का प्रमुख कारण आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा, सभी संवैधानिक संस्थाओं के सभी स्तर के पदों में आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी ना होना है। देश के सभी संसाधनों में आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी होनी चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निश्चित रूप से बहुजन समाज के लोगों को हिस्सेदारी और न्याय मिलेगा। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि 2025 का वर्ष कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन का वर्ष है। सामाजिक न्याय संगठन सृजन का प्रमुख आधार बिंदु है। संगठन के सभी स्तरों में सभी वर्गों के लोगों को उनकी आबादी के अनुपात में पद और जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। 60 फीसदी से अधिक पदों पर पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों को हिस्सेदारी दी जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि सभी वर्गों का हित तभी सुरक्षित हैं, जब संविधान सुरक्षित और मजबूत रहेगा। इसलिए सभी वर्गों का यह दायित्व है कि आर्थिक असामानता, जातीय शोषण, सांप्रदायिकता को जड़ से समाप्त करने के लिए एकजुट हों। महासम्मेलन के संयोजक एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि इस महासम्मेलन से प्रदेश में सामाजिक क्रांति की नई शुरुआत हो रही है। अब गांव- गांव सामाजिक भागीदारी न्याय सम्मेलन करके हर जाति के लोगों को जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र पटेल ने किया। इस दौरान कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, प्रदीप नरवाल, सुशील पासी, अनिल यादव, दिनेश सिंह, विश्वविजय सिंह, पूर्व मंत्री राजबहादुर, पूर्व मंत्री डॉ मसूद अहमद, मोहम्मद शमीम खान, देवेन्द्र निषाद, राहुल राय प्रजापति, सुनीता सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।